सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
24.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 131




12 रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का ट्रेलर रिलीज




# गोड्डा में 7 बच्चों की मौत का कारण ढूंढने पहुंची हेल्थ विभाग की टीम

## स्वास्थ्य विभाग की 15 टीमें करेगी 16 गावों में सर्वे, बांटे जा रहे किट और मच्छरदानी

### अज्ञात बीमारी से बच्चों की मौत के बाद जागा प्रशासन नियंत्रण और बचाव जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा के सुंदर पहाड़ी प्रखंड में 7 बच्चों की मौत से दहशत का माहौल है। सभी बच्चों की मौत किसी अज्ञात बीमारी से हो गई है। इसके बाद बड़ा सिंदरी पंचायत में अज्ञात बीमारी का डर लोगों को सता रहा है। इतना ही नहीं लोगों को इस बात की चिंता सता रही है कि अगला नंबर किसका होगा। हालांकि 7 बच्चों की मौत के बाद राज्य सरकार अलर्ट हो गई है और 15 मेडिकल टीमों का गठन किया है। ये टीमें 16 गांवों में जाकर सर्वे करेगी। वहीं, बच्चों की मौत का कारण पता लगाएगी। साथ ही प्रभावित गांवों में सभी बीमार बच्चों को बेहतर इलाज व जांच आदि की व्यवस्था सुनिच्चित की गयी है।



**जांच में निकला मलेरिया :** सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ा सिंदरी पंचायत के कुछ गांवों में मलेरिया रोग से कतिपय व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों के ग्रस्त होने का मामला सामने आने पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से सहयोग से मलेरिया प्रभावित गांवों में रोग के रोकथाम एवं बचाव की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

गोड्डा डीसी जीशान कमर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने 15 मेडिकल टीमों का गठन किया है। ये टीमें पंचायत के सभी 16 गांवों का मास सर्वे करेगी।

डीसी गोड्डा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुंदरपहाड़ी में स्थिति का जायजा लिया और 15 मेडिकल टीम में शामिल अधिकारियों को रणनीति बनाकर काम करने का निर्देश दिया। प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया रोग के प्रसार को रोकने और पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के पर्याप्त इंतजाम करने को कहा। साथ ही किट का वितरण इलाके में किया जा रहा है।

### टीम कर रही लोगों की स्क्रीनिंग

बढ़ती बीमारी को देखते हुए आयु वर्ग के अनुसार क्लोरोक्यूनेन, प्राइमाक्यूनेन पीवी और पीएफ मलेरिया केसों के मामले में दी जाने वाली चिकित्सकीय सलाह के अनुरूप दवा, एसीटी किट, मेडिकेटेड मच्छरदानी एवं सामान्य मच्छरदानी बांटे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया से अलग बुखार जैसे अन्य मामलों के निदान के लिए भी घर-घर जाकर मेडिकल सर्वे करने के बाद दवाएं दी जा रही है। इन गांवों में रहने वाले सभी की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग में मलेरिया पॉजिटिव पाए गए बच्चों, बड़ों को मलेरिया रोधी दवाएं दी गईं। जिन मरीजों में मलेरिया के लक्षण नहीं मिले हैं, उन्हें भी प्रोफाईलैक्सिस दवाएं दी गई।

### नियंत्रण और बचाव में जुटा प्रशासन

पहाड़िया समुदाय के लोगों को मलेरिया के नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और स्थानीय भाषा में जागरूकता का प्रसार माइकिंग के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके अलावा मलेरिया प्रभावित लोगों को पौष्टिक भोजन के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# 26 से छाये रहेंगे बादल

### बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सकुर्लेशन से मौसम में पड़ेगा असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के मौसम में आने वाले दिनों में एक बार फिर से बदलाव महसूस किए जाने की संभावना नजर आ रही है। बीते कुछ दिनों से जारी ठंड के एक बार फिर से कम होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर से साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है और 25 नवंबर तक इसके सक्रिय होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को थोड़ी ठंड से राहत मिलेगी। साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव से 26 नवंबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर के जन्म लेने का अनुमान है तो वहीं 27 नवंबर को इसके ताकतवर होकर डिप्रेशन का रूप धारण करने के आसार नजर आ रहे हैं। डिप्रेशन का प्रभाव धनबाद, गिरिडीह, बोकारो व उसके आसपास के इलाकों में पड़ सकता है। मौसम विभाग इसकी निगरानी कर रहा है। फिलहाल इस ओर समुद्री बादलों के आने से तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले तीन से चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आयेगा। उसके बाद दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 26 नवंबर से आंशिक बादल छाने की भी संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो 25 नवंबर तक राजधानी का मौसम साफ रहेगा। वहीं 26 नवंबर से 28 नवंबर तक बादल छाये रहेंगे। हालांकि इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। तापमान की बात करें तो 28 नवंबर तक राज्य का औसत न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।


## उपायुक्त–सह– जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

(जिला भू–अर्जन शाखा)

कार्यालय आदेश

लोधमा पिस्का न्यू रेलवे लाईन परियोजना के लिए अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन हेतु पंचाटियों/ रैयतों का भू–दस्तावेज की प्राप्ति एवं जाँच हेतु शिविर का आयोजन की तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की गयी है, जो इस प्रकार है–

परियोजना का नाम:– लोधमा पिस्का न्यू रेलवे लाईन

| क्र0 | तिथि | समय | ग्राम का नाम | अंचल का नाम | स्थल | जिला भू–अर्जन कार्यालय के प्रतिनुयक्ति कर्मियों |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.11.2023 एवं 30.11.2023 | 11.00 बजे पूर्वा0 | कुलहुटू | कर्रा | अंचल कार्यालय, कर्रा का सभागार | कानूनगो, लिपिक, राजस्व उप निरीक्षक, अमीन एवं श्री बिरसा गुड़िया अनुसेवक |
| 2 | 01.12.2023 एवं 04.12.2023 | 11.00 बजे पूर्वा0 | काटमकुकू | कर्रा | | |

अतः सभी संबंधित प्रभावित रैयतों को निदेश दिया जाता है कि अपने अपने अर्जित भूमि से संबंधित कागजात यथा खतियान/डीड, दाखिल खारिज कागज, लगान रसीद, बैंक पासबुक का छायाप्रति, आधार कार्ड, सी सी भाउचर, आवेदन, एवार्डी सत्यापन प्रतिवेदन, अंचल से सत्यापित वंशावली, पारिवारिक बंटवारानामा, क्षतिपूर्ति बन्धपत्र, फोटो–3 एवं रेभन्यु टिकट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि शिविर स्थल पर आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजातों का सत्यापन कर मुआवजा भुगतान हेतु त्वरित कार्रवाई किया जा सके।

ह0/–

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,

खूँटी।

PR 311804 Land Reforms(23-24)D



## उपायुक्त का कार्यालय कोडरमा (नजारत शाखा)

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना:–

कोडरमा जिला के विभिन्न कार्यालयों में सामग्री यथा टेन्ट, साउण्ड, लाईट, शामियाना, एवं जर्मन हैंगर पण्डाल, मंच, स्टॉल, बेरीकेटिंग, लाईट जेनरेटर, विद्युत–सज्जा, LED, कुर्सी, सोफा एवं फूल–सज्जा, स्टेशनरी सामग्री, विडियोग्राफी एवं अल्पाहार, भोजन इत्यादि की व्यवस्था के निमित इच्छुक फर्मो/प्रतिष्ठानों और आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाता द्विलिफाफा प्रणाली द्वारा तकनिकी बीड (Technical Bid) एवं वित्तीय बीड (Financial Bid) दो अलग–अलग मुहर बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 30/11/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, कोडरमा में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को उसी दिन अर्थात दिनांक 30/11/2023 के अपराह्न 1.00 बजे से उपायुक्त, कोडरमा के सभागार में उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता एवं कय समिति के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में खोला जायेगा।

**उक्त अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना का विवरण इस प्रकार निम्नवत है :–**

01. स्टेशनरी सामग्री इत्यादि
02. जर्मन हैंगर पण्डाल, मंच, स्टॉल, बेरीकेटिंग, लाईट जेनरेटर, विद्युत–सज्जा, LED, कुर्सी, सोफा एवं फूल–सज्जा इत्यादि
03. टेन्ट, साउण्ड, लाईट एवं शामियाना इत्यादि
04. विडियोग्राफी, स्टील फोटोग्राफी तथा सचित्र परिचय–पत्र इत्यादि
05. अल्पहार, भोजन इत्यादि

अतः उक्त अतिअल्पकालीन निविदा की नियम–शर्तें यथा तकनिकी बीड (Technical Bid) एवं वित्तीय बीड (Financial Bid) एवं कमांक 01 से 05 तक का निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

PR.NO.311831 Koderma(23-24):D

ह0/– उपायुक्त, कोडरमा।



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या :– 31/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 01.12.23 एवं 02.12.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.12.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.12.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनाबद्ध निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाटीझरिया | ग्राम बड़मक्का में मनोज कुमार के घर से लोकी महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1225800.00 | 2500.00 | 24600.00 | तीन माह |
| 2 | कटकमदाग | ग्राम पकरार में गोपाल सिंह के घर शिव मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1199900.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 3 | सदर | ग्राम मेरावल में कालीकरण पथ से द्वारिका प्रसाद के घर होते हुए सहदेव प्र0 मेहता के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1199500.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 4 | दारू | ग्राम जिनगा में विवाह भवन का निर्माण। | 1198000.00 | 2500.00 | 24000.00 | चार माह |
| 5 | सदर | ग्राम सखिया में सुभाष यादव के घर के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण। | 529700.00 | 1250.00 | 10600.00 | दो माह |
| 6 | बड़कागाँव | ग्राम जरजरा में गणेश मुर्मू के घर से लेदो मांझी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1198000.00 | 2500.00 | 24000.00 | तीन माह |
| 7 | बड़कागाँव | ग्राम चन्दौल में संजय प्रजापति के घर से मणिकान्त भुईयाँ के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1192200.00 | 2500.00 | 23900.00 | तीन माह |
| 8 | चुरचू | ग्राम काठाडाडी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का चाहरदिवारी एवं गेट का निर्माण। | 1985700.00 | 5000.00 | 39800.00 | तीन माह |
| 9 | चौपारण | शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय, झापा बिसनपुर में भवन का निर्माण। | 1496200.00 | 2500.00 | 30000.00 | तीन माह |
| 10 | विष्णुगढ़ | पंचायत सिरयं के खैंदाडीह में जनाजा शेड एवं चबुतरा का निर्माण। | 499900.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |
| 11 | बरही | ग्राम पुरहरा में प्रसादी साव के घर से जितन पंडित के घर होते हुए मुख्य मार्ग की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1242000.00 | 2500.00 | 24900.00 | तीन माह |
| 12 | दारू | ग्राम शिलाडीह में पिपरा डैम के समीप श्मशान शेड चबुतरा एवं सीढ़ी का निर्माण। | 2183600.00 | 5000.00 | 43700.00 | तीन माह |
| 13 | सदर | हजारीबाग नगर के वार्ड संख्या–34 जयप्रभा नगर में अखिलेश साहू के घर के सामने नाला पर गार्डवाल एवं तालाब का सुन्दरीकरण कार्य। | 2497400.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |
| 14 | सदर | सदर प्रखण्ड के ग्राम चानो में आई0टी0आई0 भारती से लेकर संजय कुमार के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 2496700.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,

जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 311849 District(23-24)D


# योजनाओं का लाभ देने को फिर आ रही हेमंत सरकार आपके द्वार

### 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर का होगा आयोजन

## मुख्यमंत्री आज बरहेट में, आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार से संथालपरगना के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पाकुड़ के बरहेट मेंआपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 24 नवम्बर को साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।राज्यभर के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाये जायेंगे।

**तीसरी बार हो रहा आयोजन :** मालूम हो कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोंपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की उस पहल को अपार सफलता मिली थी। इसके बाद सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो चरणों में आपकी योजनाए आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान भी लाखों लोगों के आवेदन का शत प्रतिशत निष्पादन हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए राज्य सरकार ने चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

आयोजित शिविर के क्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रत्येक जिले में किसी निश्ित तिथि को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जहां लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। परिसंपत्तियों का वितरण तथा योजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया जायेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए नकद हस्तांतरण चेक का वितरण होगा।बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ बीर दिशोम अभियान अंतर्गत पुराने अथवा नव सृजित वन पप्तों का वितरण समेत अन्य योजनाओं लाभ लाभुकों को मिलेगा।

### नई और पूर्व से संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा

पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपप्ता से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन-परिमार्जन, आधार एवं राशन कार्ड में संशोधनए बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जायेगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन भी लिए जायेंगे। जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास होगा।

### कल्याण मंच के जरिये मिलेगा लाभ

प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जायेगा। जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभुकों को निम्नलिखित योजनाओं से संबंधित लाभ-परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये चलाये गये अभियान के तहत निर्मित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवा कर शिविरों में बांटा जायेगा।


**GENERAL PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that an agreement of sale has been entered between **Sanjeev Kumar Mishra**, S/o Late Paras Nath Mishra, R/o Moti Mohal, Karamtoli, P.O- Ranchi University, P.S- Lalpur, District-Ranchi and Mossamat Mofidan, W/o Late Mohammad Asgar Ali@ Sheikh Asgar, R/o Village- Anandi Dumar Toli, P.O- Baridih, P.S-Ormanjhi, District- Ranchi, in connection with 2 acres 68 and a half decimals situated in Village Chakla, P.S- Ormanjhi under Khata No. 106, Plots No. 1443 and 1444. The said agreement is still in force. It has come to knowledge of my client, Sanjeev Kumar Mishra that some land brokers and antisocial elements in connivance with the vendors are trying to get the aforesaid land transferred to third persons. It is made clear that any such transfer in favour of any third person except my client Sanjeev Kumar Mishra shall be deemed to be illegal and void and my client shall have all the legal right to bring the civil and criminal law into motion against the said transferee and transferor.

**B.B.Mishra**
**Advocate**
**Civil Court, Ranchi**


## बीआइएस के स्टैंडर्ड क्लब मेंटेरो को मिला प्रशस्ति पत्र

**रांची।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार, जमशेदपुर शाखा द्वारा जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्श्रात स्टैंडर्ड क्लब मेंटर के रूप में कैंब्रिज ग्रुप के चार शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। बीआईएस द्वारा प्रशिक्षित शिक्षक विभाग के सहयोग से अपने अपने संस्थानों में बीआईएस के तहत आने वाले 450 से अधिक प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता, आईएसआई, आईएसओ, हॉल मार्क, क्वालिटी एंड स्टैंडराइजेशन के बारे में क्विज, एस्सेय राइटिंग, सेमिनार, वर्कशॉप आदि के माध्यम से जानकारी दें सकेंगे।

## हेल्थ सिस्टम को बेहतर बनाने को 15वें वित्त आयोग से झारखंड को मिले 4.45 अरब रुपये

**रांची ।** कोरोना के बाद से ही केंद्र और राज्य सरकार हेल्थ सिस्टम को दुरुस्त करने में जुट गयी है। यही कारण है कि देश के साथ-साथ राज्य के सरकारी अस्पतालों को दुरुस्त किया जा रहा है। एक ही छत के नीटे मरीजों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास हो रहा है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग से झारखंड को 445 करोड़ 76 लाख रुपए अनुदान दिया है। इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। 15वें फाइनेंस कमीशन से मिली अनुदान राशि का खर्च स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। इस राशि से वैसे स्वास्थ्य केंद्र जिनका अपना भवन नहीं है, उसका निर्माण कराया जाना है।


**शपथ-पत्र**

मैं, बासुदेव साव, पिता स्व० कपिल साव, उम्र– 65 वर्ष, निवास स्थान– बद्री भवन गली, गंगा नगर, थाना– सुखदेवनगर, जिला–रांची, झारखंड, आधार नं0–7151 5361 6117, शपथपूर्वक बयान करता हूं जो कि मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं ।
2. यह कि मेरा छोटा पुत्र संजय कुमार है ।
3. यह कि मेरा पुत्र संजय कुमार अपनी मन मर्जी का स्वयं का मालिक है। वह अपनी इच्छानुसार कार्य करता है। वह मेरा कोई बात नही मानता है। तथा वह ऑनलाईन माध्यम के द्वारा जुआ भी खेलता है। मेरे द्वारा मना करने पर वह कहता है कि मेरी जो मर्जी हो मैं करूंगा, मैं अपना भला–बुरा सोच सकता हूं। मैं बालिक हूं।
4. यह कि मैं अपने पुत्र संजय कुमार के व्यवहार से दुःखी हूं तथा मैं संजय कुमार को अपनी चल– अचल सम्पति से बेदखल करता हूं तथा उससे मैं अपना समस्त रिश्ते नाते को खत्म करता हूं।
5. यह कि अगर मेरा पुत्र संजय कुमार कहीं भी किसी से कोई भी लेन–देन या कोई गैर कानूनी कार्य करता है तो उसके लिए संजय कुमार स्वयं जिम्मेवार होगा।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 22–11–2023 को रांची लें सम्पन्न हुआ। शपथकर्ता जिसकी पहचान आरसी तिवारी अधिवक्ता रांची के द्वारा किया गया। उपरोक्त बातें शपथकर्ता के जानकारी में सत्य एवं सही है।


# विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र की योजनाओं से जोड़ने की कवायद : आदित्य

- भाजपा सांसद ने कहा कि हेमंत सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने में शामिल
- देश के 2,51,000 पंचायत में जायेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र की योजनाओं से जोड़ने की कवायद है। श्री साहू गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश के 2,51,000 पंचायत में जायेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा होगी। दूसरा चरण 3 दिसंबर से 26 जनवरी 2024तक शेष जिले होंगे शामिल। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित सांसद, विधायक एवं पार्टी के नेतागण शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन जन को जोड़ने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, नल जल योजना, अनाज वितरण योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना जैसी योजनाएं लूट, भ्रष्टाचार और लेट लतीफी का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय एवं सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य को साकार करने केलिये विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार देश व्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा चला रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि कई लोक कल्याणकारी योजनाओं की तरह इस महत्वपूर्ण यात्रा की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा दो चरणों में संपन्न होगी। यात्रा का पहला चरण 15से 22नवंबर तक 21 राज्यों के 68 जनजातीय बाहुल्य जिलों में चलेगी। जिसमें झारखंड के 9 जिले खूंटी,गुमला, सिमडेगा, दुमका, प्श्रिम सिंहभूम, साहेबगंज, पाकुड़,पलामू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सभी केंद्रीय मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित सांसद, विधायगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेतागण यात्रा के साथ 3 दिन रहेंगे।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
24.11.2023
नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 131

12 रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का ट्रेलर रिलीज

# टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने की उलटी गिनती शुरू

## अचानक प्लेटफार्म ढहा, अब आज निकलने की उम्मीद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन आखिरी चरण में है। 41 मजदूरों को निकालने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। एनडीआरएफ के जवान भी सुरंग में घुस चुके हैं। दिल्ली से 7 एक्सपर्ट भी उत्तरकाशी पहुंच गये हैं। उत्तरकाशी सुरंग में राहत बचाव कार्य अभियान में जुटी एनडीआरएफ टीम टनल में घुस चुकी है। मजदूरों का रेस्क्यू गुरुवार को ही होने की उम्मीद थी, पर शाम को अचानक से ऑगर मशीन का प्लेटफार्म ढह गया, जिस कारण ड्रिलिंग का काम रोकना पड़ा। अब



प्लेटफार्म तैयार करने तक ड्रिलिंग नहीं की जा सकती है। इसे तैयार करने में 5 से 6 घंटे का समय लग सकता है। ऐसे में अब मजदूरों को शुक्रवार सुबह तक अंदर ही इंतजार करना होगा। शुक्रवार सुबह तक मजदूरों का रेस्क्यू होने की पूरी उम्मीद है। फिलहाल करीब 10 से 12 मीटर की ड्रिलिंग शेष है। मजदूरों को टनल से बाहर निकालते ही अस्पताल में भर्ती करने की पूरी व्यवस्था कर ली गयी है। उत्तराखंड के सीएम धामी भी उत्तरकाशी में ही है।

### सीएम ने श्रमिकों से की बात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने गुरुवार को सिलक्यारा (उत्तरकाशी) पहुंचकर टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया और सुरंग में स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों से बात की। राज्य सरकार ने कहा कि सुरंग में फंसे श्रमिकों तक पहुंचने में लगातार अड़चने आ रही हैं लेकिन इन सारी बाधाओं को सफलतापूर्वक दूर किया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया जायेगा।

### मोदी ने की धामी से बात

पीएम मोदी ने गुरुवार सुबह सीएम पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों की सुरक्षित निकासी कार्य की स्थिति जानकारी ली।सीएम ने उन्हें केंद्रीय एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों एवं प्रदेश प्रशासन के परस्पर समन्वय से युद्ध स्तर पर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों में हो रही प्रगति से अवगत कराया।

**41 बिस्तरों वाला अस्पताल तैयार :** अधिकारियों ने घटनास्थल पर बचाव दल के साथ तेजी से काम कर रहे है। प्रशासन ने पहले से ही 30 एम्बुलेंस की व्यवस्था कर ली है। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 41 बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल तैयार किया गया है। पिछले 12 दिन से उत्तरकाशी की चारधाम रोड परियोजना की टनल में फंसे हैं ये मजदूर। उन्हें पाइप के जरिये भोजन और अन्य जरूरी सामान भेजे जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### पहला टी-20: रिंकू सिंह ने छक्के से जिताया मैच

**विशाखापट्टनम।** कप्तान सूर्य कुमार यादव, इशान किशन(58) की तेज-तर्रार पारी से भारत ने पहले टी-20 में आस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से हरा दिया। भारत को अंतिम गेंद पर मैच जीतने के लिए एक रन की दरकार थी, जिसे रिंकू सिंह ने विनिंग सिक्स लगा कर आस्ट्रेलिया को धूल चटा दी। जीत के लिए भारत को 209 का लक्ष्य मिला था। सूर्या ने 29 गेंद पर 5 चौके और 3 छक्के के साथ पचासा जड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवरों में 3 विकेट पर 208 रन का स्कोर बनाया था। जोश इंग्लिस ने मेडन इंटरनेशनल शतक जड़ा।

### धनबाद में भूकंप के झटके

**धनबाद।** धनबाद में गुरुवार की अपराह्न करीब चार बजे कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। झटका महसूस करने के बाद लोग अपने घरों और बिल्डिंग से बाहर निकल आये। आइआइटी आइएसएम ने भूकंप की पुष्टि की है।

### गुमला : सड़क हादसे में दो की मौत, 14 घायल

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के कुरुमगढ़ पुल के समीप गुरुवार को बस-ऑटो की सीधी भिड़ंत में ऑटो सवार एक युवक व एक महिला की घटना स्थल पर मौत हो गयी। जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

### मोदी ने किये श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीकृष्णजन्मभूमि का भ्रमण किया और केशवदेव मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। मीराबाई जयंती समारोह में हिस्सा लेने मथुरा आये श्री मोदी ने संक्षिप्त यात्रा की शुरुआत श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन पूजन से की।

### लातेहार में धारदार हथियार से एक की हत्या

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा निवासी बरतु गंझु (40) की हत्या अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से कर दी। उसका शव शुक्रवार को गांव से थोड़ी दूर पर एक जामुन के पेड़ के पास अर्धनग्न अवस्था में मिला।

### आज से दो दिवसीय पाकुड़ दौरे पर सीएम हेमंत सोरेन

**पाकुड़।** सीएम हेमंत सोरेन के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पाकुड़ पहुंच रहे हैं। सीएम आपकी सरकार आपके द्वार समेत कई योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन करेंगे। सीएम के दौरे को ले कर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा की भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### गिरिडीह : साथी की मौत के बाद बौखलाये हाथी

**गिरिडीह।** जिला के गांडेय प्रखंड में एक हाथी की मौत करंट लगने से हो गयी। हाथी जंगली इलाके में विचरण कर रहे थे इसी दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से घटना घटी। घटना गांडेय के फुलची पंचायत के नीमाटांड़ जंगल की है। घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## गोइलकेरा में फिर धमाका, एक जवान घायल, रांची एयरलिफ्ट

# राज्य में नक्सलियों के खात्मे का अभियान अंतिम चरण में : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, चाईबासा।** चाईबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान गुरुवार को भी आइइडी धमाके में सीआरपीएफ कांस्टेबल हफीजउल रहमान गंभीर रूप से घायल हो गये। 17 नवंबर को भी ऐसे ही धमाके में एक जवान शहीद हो गये थे और एक जख्मी। गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ कांस्टेबल को एयर लिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। वहीं इस ब्लास्ट पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे सुरक्षाबल और सीआरपीएफ के जवान नक्सलियों के समूल नाश के अंतिम चरण में आ गये हैं। उन्होंने कहा कि कई इलाका पिछले कई वर्षों से नक्सलियों का गढ़ था, हम उस गढ़ को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल हुए हैं। वहां नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है, ऐसी घटनाएं हो रही हैं। ऐसी ही एक घटना तीन-चार दिन पहले भी हुई थी। उन्होंने कहा कि हमें उन जवानों पर गर्व है जो शहीद हुए हैं, जिसका हमें दुख है। नक्सलियों के समूल नष्ट करने के अभियान से नक्सलियों में बोखलाहट है।

**सर्च अभियान के दौरान हुआ हादसा :** एसपी ने बताया कि गोइलकेरा थाना इलाके में चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि जो भी घायल हुए हैं उनके इलाज की व्यवस्था की जा रही है। जानकारी के अनुसार धमाके में गंभीर रूप से घायल सीआरपीएफ 174 बटालियन के कांस्टेबल हफीजुल रहमान को एयरलिफ्ट रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**ग्रामीणों को भी चुकानी पड़ रही कीमत :** पिछले एक साल में चाईबासा में आइइडी ब्लास्ट में सुरक्षा बलों को भारी क्षति हुई है। इतना ही नहीं इस धमाके में कई ग्रामीणों को भी अपनी जान गंवाकर भारी कीमत चुकानी पड़ी है। जिले में नक्सलियों के खिलाफ पिछले एक साल से अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में ही कोल्हान के बीहड़ों की घेराबंदी कर भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेताओं के खिलाफ जंग का एलान हुआ था। (शेष पेज 11 पर)



**नक्सलियों में बैखलाहट :** चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च आपरेशन से नक्सलियों में बैखलाहट और भय है। यही वजह है कि उन्होंने जगंल में कई जगह पर आइइडी लगा दिये हैं। ऐसे में जब सर्च ऑपरेशन में सुरक्षाबल जाते हैं तो इसकी चपेट में आ जाते हैं। हालांकि इसके बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है और चलता रहेगा। लगातार जंगल में लगाये गये आइइडी को नष्ट भी किया जा रहा है।

### सीएम हेमंत सोरेन नागपुर में



श्री सोरेन गुरुवार को नागपुर में पत्रकारों से बोल रहे थे।वह गुरुवार को कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग के शादी समारोह में सम्मिलित होने के यहां पहुंचे हैं। सीएम ने अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। मौके पर सीएम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं से मिले और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सीएम के साथ ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## इडी के खिलाफ साजिश व जेल में छामामारी का मामला

# एजेंसी ने हाइकोर्ट को सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

- अगली सुनवाई 15 को, मंतव्य भी मांगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में ईडी की छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की साजिश रचने संबंधी मामले में गुरुवार को ईडी ने कोर्ट में सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत किया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी के अधिवक्ता से पूछा कि क्या वह इस रिपोर्ट को



राज्य सरकार के साथ शेयर कर सकती है, इस पर इंस्ट्रक्शन लेकर अगली सुनवाई में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करें। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार का पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस मामले में ईडी से सीलबंद रिपोर्ट मांगी थी। दरअसल, पिछली सुनवाई में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की बात उठी थी। साथ ही कोर्ट को बताया गया था कि शिकायत मिलने पर ईडी के अधिकारियों ने बिरसा मुंडा जेल में छापेमारी की थी। इस पर कोर्ट ने ईडी की छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपियों अमित अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश के द्वारा तथाकथित ईडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने मामले में ईडी से रिपोर्ट मांगी थी।

# जेबकतरा, पनौती वाले बयान पर राहुल गांधी को नोटिस, दो दिन में मांगा जवाब

- चुनाव आयोग के नोटिस से कांग्रेस नेता की बढ़ी मुश्किलें

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए की गयी 'पनौती', 'जेबकतरे' और कर्ज माफी संबंधी टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इससे राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। चुनाव आयोग ने नोटिस जारी करते हुए 25 नवंबर तक जवाब मांगा है। नोटिस में बीजेपी की ओर से शिकायत करने का भी जिक्र है। यदि चुनाव आयोग कांग्रेस नेता के जवाब से संतुष्ट नहीं होता है तो कार्रवाई भी की जा सकती है। (शेष पेज 11 पर)

### भाजपा ने की थी शिकायत

भाजपा ने बुधवार को ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक समेत प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य नेताओं ने राहुल गांधी के बयान को अपमानजनक बताया था। दरअसल, राहुल गांधी ने विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत क्रिकेट टीम की हार के बाद पीएम मोदी के खिलाफ पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था।

## जम्मू कश्मीर को दहलाने की साजिश सुरक्षाबलों ने किया नाकाम

# पाकिस्तानी लश्कर कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गये

- रजौरी मुठभेड़ में एक और जवान शहीद

एजेंसी

**जम्मू।** सेना के जवानों ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक ड्रोन द्वारा गिराये गये नौ ग्रेनेड और आइइडी समेत हथियार एवं विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है। वहीं राजौरी में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकियों को मार गिराया गया। इनमें से एक पाकिस्तानी नागरिक था। पाकिस्तानी आतंकी की पहचान क्कारी के रूप में हुई है। वह पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था। (शेष पेज 11 पर)

### बम बनाने में माहिर था पाकिस्तानी आतंकी



रक्षा जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार राजौरी में मारा गया पाकिस्तानी आतंकी ट्रेंड स्नाइपर होने के साथ ही आइइडी बनाने में एक्सपर्ट था। उसे गुफा में छिपने और जंगली इलाके में लड़ने की खास ट्रेनिंग दी गयी थी। वह एक ट्रेंड स्नाइपर था। अधिकारी ने बताया कि कारी को पाकिस्तान और अफगान फ्रंट पर ट्रेनिंग दी गयी थी। वह लश्कर-ए-तैयबा में हाई रैंक वाला आतंकी था। वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजौरी-पुंछ में सक्रिय था। उसे डांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है।

### पापी लोगों के कारण ही भारत हारा : ममता

**कोलकाता।** अहमदाबाद में वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की हार के बाद से देश की राजनीति भी गरमाई हुई है। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी भारत की हार के कारणों पर चर्चा की है। साथ ही उन्होंने बिना नाम लिए पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। ममता बनर्जी ने कहा, 'पापी लोग जहां भी जाते हैं, अपने पाप साथ लेकर जाते हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, 'भारतीय टीम ने सभी मैच शानदार ढंग से जीते, सिवाय उस मैच को छोड़कर जिसमें पापी लोगों ने भाग लिया था। ममता ने कहा कि विश्व कप का फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में होता, तो भारत जीत जाता। नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि देश की क्रिकेट टीम का 'भगवाकरण' करने का प्रयास किया जा रहा है।

# संत जेवियर्स कॉलेज को डेढ़ साल बाद फिर मिला ऑटोनोमस का दर्जा

- नैक से कॉलेज को एक ग्रेड नहीं रहने के कारण ऑटोनोमी का नहीं मिला था विस्तार
- सिलेबस डिजाइन करने से लेकर परीक्षा लेने और रिजल्ट देने तक का मिला अधिकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के प्रतिष्ठित संत जेवियर्स कॉलेज (रांची यूनिवर्सिटी से एफिलिएटेड) के लिए अच्छी खबर है। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने डेढ़ साल बाद एक बार फिर कॉलेज को ऑटोनॉमी का दर्जा प्रदान कर दिया है। इससे कॉलेज प्रबंधन को सिलेबस डिजाइन करने के लेकर परीक्षा आयोजित करने और रिजल्ट देने का अधिकार फिर मिल गया है। यूजीसी द्वारा कॉलेज प्रबंधन को ऑटोनॉमी प्रदान से संबंधित जानकारी ईमेल के माध्यम से भेज दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### तीन कॉलेजों की खत्म हुई थी ऑटोनॉमी

रांची यूनिवर्सिटी के तीन कॉलेजों की ऑटोनॉमी खत्म हुई थी। इसमें संत जेवियर्स कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और रांची वीमेंस कॉलेज है। इसमें मारवाड़ी कॉलेज की ऑटोनॉमस अवधि 2021 में ही खत्म हुई थी। वहीं संत जेवियर्स कॉलेज और वीमेंस कॉलेज की ऑटोनॉमी अवधि साल 2022 में खत्म हुई थी।



संत जेवियर्स कॉलेज को भवगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर 15 नवंबर को ही फिर से यूजीसी द्वारा ऑटोनॉमी का दर्जा प्रदान किया गया है। यूजीसी रेगुलेशन में बदलाव होने के बाद कॉलेज को ऑटोनॉमी का दर्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया था। - डॉ. फादर एन लकड़ा एसजे




# सुरों की महफिल में कई रंग भरे जावेद अली और सत्यम ने









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह का समापन पर गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जावेद अली, अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृति संध्या में अपने गजल कुमार सत्यम ने लोगों की जम कर वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक संध्या का माहौल उस समय झारखंडमय हो गया जब स्थानीय कलाकारों ने लोकगीतों की प्रस्तुति शुरू की। हास्य कलाकार रविंद्र जानी समेत अन्य ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद ले रहे आगंतुकों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

## पुलिस कर्मियों के वर्तमान पदस्थापन स्थल पर मतदाता पंजीकरण को चलायें अभियान : सीइओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने गुरुवार को आईजी अभियान अमोल वीनूकांत होमकर, जैप कमांडेंट धनंजय कुमार, संबंधित एसपी तथा खूंटी, लोहरदगा व रामगढ़ के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारियों के साथ अपने विभागीय सभा कक्ष में बैठक की। पुलिस कर्मियों के पोस्टल बैलट तथा रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर से जुड़े कई पहलुओं पर विमर्श उपरांत कार्ययोजना बनाने की बात कही गयी। इसमें पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) सह पुलिस नोडल पदाधिकारी झारखंड श्री होमकर एवं संबंधित टीम के पदाधिकारियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव और फीडबैक दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि चुनाव ड्यूटी में तैनात हमारे पुलिसकर्मियों को भी अपने मताधिकार के प्रयोग करने का सहज अवसर मिले।

### आयोग का लक्ष्य, कोई भी वोटर छूटने न पाये

इसलिए सभी पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलट के माध्यम से सुचारू तरीके से मतदान कराने की तैयारी चल रही है। इस मुहिम के पहले चरण में सभी पुलिसकर्मियों के मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य केंद्रित करने का निर्देश दिया गया। कहा कि जिन पुलिसकर्मियों का किसी कारण से यदि मतदाता पंजीकरण नहीं हुआ है तो उनका पंजीकरण करवाया जाये। जिनका मतदाता पहचान पत्र पदस्थापन स्थल से भिन्न क्षेत्र का है, उनका स्थान परिवर्तन करवाने के लिए अभियान चलायें। साथ ही कहा गया कि पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण के समय उनके प्रशिक्षण स्थल पर ही फैसिलिटेशन सेंटर बनाकर पोस्टल बैलट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

# नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को सौंपी गयी जांच टीम की रिपोर्ट

राज्य सरकार मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा दे और उच्च स्तरीय जांच करवाये : बाउरी

### मांडर के संत जॉन्स हाई स्कूल के युवराज पासवान की हत्या का मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मांडर के संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल में 19 नवंबर 2023 चतरा जिले के एक छात्र युवराज पासवान की संदिग्ध मौत हो गई थी। भाजपा एससी मोर्चा ने इस मामले की जांच के लिये एक टीम बनाई थी। टीम ने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को गुरुवार को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी। अमर बाउरी ने कहा कि युवराज पासवान की संदिग्ध मौत के संवेदनशील मामले को पुलिस प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के दबंग नेता दबाने का प्रयास कर रहे है। आनन-फानन में पुलिस.प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव की अत्येष्टी का दबाव परिजनों पर कर पूरे मामले को रफा.दफा करने का प्रयास किया है। लेकिन, भाजपा एससी मोर्चा इस पूरे मामले की जांच गंभीरता से कर रही है। उन्होंने मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि युवराज पासवान ने आत्महत्या नहीं की है। बल्कि उसकी हत्या कर उसे कुएं में डाल दिया गया था। परिजनों ने यहां तक बताया कि सत्ता पक्ष के एक दबंग नेता बार बार फोन कर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर दबाव बना कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये और मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये का मुआवजा दे। जांच कमिटी में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, प्रदेश मंत्री कमलेश राम और प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि शामिल थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ही सत्ता पक्ष के दबंग नेता इस पुरे मामले को दबाने का प्रयास बना रहे है।



### प्रभातफेरियों का हुआ समापन

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा गुरूवार को अंतिम प्रभात फेरी निकाली गई और इसी के साथ ही शहर की तमाम प्रभातफेरियों का आज समापन हो गया। सुबह5:15 बजे प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकल कर मेट्रो गली,रातू रोड होते हुए नागा बाबा खटाल चौक पहुंची, जहां इसका मिलन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,मेन रोड एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,पिस्का मोड़ की प्रभातफेरीओं से हुआ। वहां से तीनों प्रभातफेरियाँ सम्मिलित होकर महावीर चौक,कुंजलाल स्ट्रीट होते हुए शास्त्री मार्केट पहुंची जहां उसका मिलन गुरुद्वारा स्टेशन रोड तथा गुरुद्वारा साहिब कडरू की प्रभातफेरियों से मिलन हुआ। वहां से पांचों प्रभातफेरी सर्जना चौक,डेली मार्किट होते हुए श्री गुरु सिंह सभा,मेन रोड गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर विसर्जित हो गई।

# सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान के झारखंड मॉडल को मिली बड़ी सफलता

### डॉ भारती कश्यप की मुहिम रंग लायी एनएचएम का पार्टनर बनेगा वीमेन डॉक्टर विंग

कार्सिनोमा सर्विक्स की स्क्रीनिंग से संबंधित समीक्षा बैठक में एसीएस ने दिया एनएचएम को निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने वूमेन डॉक्टर विंग को सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का आधिकारिक पार्टनर बनाने का फैसला किया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव अरुण सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्सिनोमा सर्विक्स की स्क्रीनिंग से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। इसमें राज्य के सभी सिविल सर्जन, सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों के अलावा सभी जिलों के अस्पताल प्रबंधन और उपाधीक्षक ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक के बाद सचिव ने आदेश दिया कि एक सप्ताह के भीतर वूमेन डॉक्टर विंग को सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान में एनएचएम का आधिकारिक पार्टनर बनाया जाये। वहीं, वूमेन डॉक्टर विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा है कि एनएचएम का यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड मॉडल की सफलता की पूरे देश में चर्चा है। इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाना चाहिए, ताकि सर्वाइकल प्री कैंसर के मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके। भारत में महिलाओं की मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण सर्वाइकल कैंसर है, जबकि इसका इलाज बेहद आसानी से हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस मॉडल को और जो आंकड़े हमारे पास हैं, उसे हमने आईएमए हेड क्वार्टर के साथ भी साझा किया है।



**2021 में बना था झारखंड मॉडल :** डॉ भारती कश्यप ने बताया कि वर्ष 2021 में झारखंड मॉडल बना था। तब उन्हें 2,70,684 प्रजनन क्षमता वाली ऐसी महिलाओं की स्क्रीनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिनमें सर्वाइकल कैंसर के लक्षण हैं या जो हाई रिस्क कैटेगरी में आती हैं। दो साल सात महीने में हमने 2,81,199 प्रजनन क्षमता वाली चि?त महिलाओं की जांच की। वर्ष 2023 में अप्रैल से अक्टूबर के बीच सबसे ज्यादा सर्वाइकल कैंसर की संदिग्ध मरीज मिलीं। लोहरदगा में 63, देवघर में 46, खूंटी में 44, रांची में 39, हजारीबाग में 32, बोकारो में 25, पूर्वी सिंहभूम में 25, धनबाद में 22, पाकुड़ में 17 और गोड्डा 16 मरीज मिलीं।

**12 सरकारी अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की जांच एवं इलाज संभव :** राज्य के 12 सरकारी अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की जांच और इलाज की मशीन भी लगाई गई है। पिछले सात महीने में रिम्स ने टाटा ट्रस्ट आउटरीच और टाटा ट्रस्ट कियोस्क की सहायता से 10,274 स्क्रीनिंग हुई है। आज की बैठक में विभागीय सचिव ने डॉ भारती कश्यप के कार्यों की सराहना की। सचिव ने सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के लिए राज्य में चलाए जा रहे महीने के 48 महिला स्वास्थ्य शिविरों के अलावा 264 ब्लॉक के लिए हर महीने 264 महिला स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी आदेश दिया। इसमें सदर अस्पताल से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को कैंप में भेजे जाने का प्रस्ताव दिया गया है। यह भी कहा कि सर्वाइकल कैंसर की संदिग्ध को कैंप में लाने वालों को प्रति मरीज 50 रुपए मानदेय भी दिया जाये।

प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# हाइकोर्ट ने अनुसंधानकर्ता को वर्चुअली उपस्थित होने का दिया निर्देश

### कोर्ट ने सीबीआइ से जानना चाहा, 13 साल से चल रहा अनुसंधान कब तक पूरा होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई की अधिवक्ता से जानना चाहा कि मामले में 13 साल बीत जाने के बाद भी अब तक अनुसंधान क्यों नहीं पूरा हुआ। अनुसंधान पूरा करने में देरी क्यों हो रही है और यह कब तक पूरा होगा। अगर सीबीआई को कुछ गड़बड़ियां मिली है तो



आरोप पत्र दाखिल कर जांच पूरा किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में सीबीआई के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को गया था, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है। बता दें कि पिछली सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है। दरअसल, बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंको की हेरा फेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है। पहले राज्य सरकार द्वारा ली गई प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच निगरानी ब्यूरो कर रही थी, बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआई को दे दिया गया था।

## सीयूजे की अपील को हाइकोर्ट ने किया खारिज, कार्य अनुभव के आधार पर इइ को बर्खास्त करने के फैसले को ठहराया गलत

**रांची।** 10 साल के कार्य अनुभव नहीं होने की बात कहते हुए नौकरी से बर्खास्त किए गए सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड (सीयूजे) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर( कार्यपालक अभियंता ) पंकज आनंद के मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड की अपील खारिज करते हुए कहा कि पंकज आनंद को 10 साल के कार्य अनुभव के नहीं होने के आधार पर हटाया जाना अनुचित है, उनके पास कार्य अनुभव है, साथ ही खंडपीठ ने पंकज आनंद के पक्ष में एकल पीठ द्वारा दिए गए फैसले को सही करार दिया। बता दें कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने कार्य अनुभव के आधार पर पंकज आनंद को बर्खास्त किए जाने को गलत करार दिया था हालांकि खंडपीठ ने अपने फैसले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड को छूट दी थी कि वह पंकज आनंद के खिलाफ लगे आरोपों पर कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पंकज आनंद को यह करते हुए बर्खास्त कर दिया था कि वे 10 साल के लिए अनुभव की अर्हता नहीं रखते हैं। कोर्ट ने माना कि पंकज आनंद के पास कार्य अनुभव है और इस आधार पर उन्हें सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड द्वारा उन्हें बर्खास्त किया जाना अनुचित है, हालांकि उनके खिलाफ लगे आरोप पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड कार्रवाई कर सकती है। यहां बता दें कि पंकज आनंद के खिलाफ कुछ आरोप भी लगे थे जिस कारण उन पर विभागीय कार्रवाई भी चली थी। हाई कोर्ट की एकल पीठ में पंकज आनंद के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड ने अपील दायर कर हाई कोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी।

## खबर एक नजर में

### विधानसभा अध्यक्ष से मिला पासवा का डेलिगेशन



**रांची।** पासवा का एक शिष्टमंडल गुरुवार को प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से उनके आवास पर मिला और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किए जाने पर धन्यवाद दिया है। शिष्टमंडल में राष्ट्रपति अवार्डी सह पासवा महासचिव फलक फातिमा, पासवा वोलेंटियर्स संजीत यादव, चारुबाला कुमारी, अनिकेत कुमार, अमन कुमार और प्रियांशु कुमार शामिल थे। श्री दूबे ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि कोरोना काल से लेकर अबतक शिक्षा के क्षेत्र में किए गये कार्यों को लेकर मिले सम्मान से ऐसोशियेशन का मनोबल बढ़ा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भी धन्यवाद दिया है कि शिक्षा को लेकर वे हमेशा संजीदा रहे हैं और पासवा के हर छोटे बड़े सुझावों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया है।

### राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवा सम्मानित

**रांची।** विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरन और स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त गढवा निवासी आलोक कुमार चौधरी को सम्मानित किया। दरअससल, आलोक चौधरी को यह पुरस्कार समुदाय के प्रति उत्कृष्ट कार्य एवं विज्ञान लोकप्रियकरण के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत सरकार के युवा मामले एवम खेल मंत्रालय द्वारा प्रदान किया गया है। विगत वर्षों में आलोक द्वारा की गई विभिन्न सामाजिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से 1.5 लाख लोगों को सीधे प्रभावित किया गया है। आलोक द्वारा आरम्भ किये गये कुछ महत्वपूर्ण अभियान में राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता, नेशनल साइंस गेमिंग प्रतिस्पर्धा, स्टूडेंट साइंस मोटिवेशन प्रोग्राम आदि शामिल है। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत होकर एवं वैश्विक मंचों पर झारखंड को गौरांवित करते रहे है। इन मंचों में जी 20 कार्यक्रम में एंबेसडर एवं वक्ता तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित वियना इंटरनेशनल एनर्जी एंड क्लाइमेट फोरम और भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रतिभाग प्रमुख है।

### संविधान दिवस पर 26 को होगा प्रस्तावना का पाठ

**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, स्वायतशासी निकायों- संगठनों स्थानीय स्वायतशासी संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना पठन किया जायेगा। यह आयोजन 26 नवंबर को होगा। मंत्रिमंडल सचिव, भारत सरकार के प्रासंगिक पत्र के आलोक में इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, स्वायतशासी निकायों- संगठनों स्थानीय स्वायतशासी संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना पठन किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि राज सरकार के सभी विभाग सभी उक्त तिथि को अपने नियंत्रणाधीन निदेशालयों ध्कार्यालयों- स्वायतशासी निकायों ध्संगठनों- स्थानीय स्वायतशासी संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थानों में भारत के संविधान की प्रस्तावना का पठन सुनि्ित किया जायेगा।


### मंत्री भोक्ता की डिस्चार्ज याचिका पर नहीं हो सकी सुनवाई

**रांची।** कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर गुरुवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, झारखंड हाईकोर्ट से दिसंबर तक मिली राहत के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख छह जनवरी निर्धारित की है। मालूम हो कि 46.10 करोड़ की बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए आठ दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज अर्जी अदालत में दाखिल की है। जिस पर सुनवाई जारी है। इस घोटाले में तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। सभी पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर घोटाला करने का आरोप है।

### पूजा सिंघल मामले में तीन की गवाही दर्ज हुई

**रांची।** निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में ईडी की ओर से तीन गवाहों को प्रस्तुत किया गया। अदालत ने तीनों गवाहों की गवाही दर्ज की। ईडी ने मामले में गौतम राय, सुजीत कुमार एवं पंचवटी बिल्डर्स के प्रमोटर आलोक सरावगी की गवाही कराई। तीनों गवाहों को अदालत ने गवाही के लिए पिछले दिनों समन भेजा था। उसी समन पर तीनों अदालत गवाही देने पहुंचे थे। जांच में यह बात सामने आई थी कि सरावगी बिल्डर्स ने ही पल्स अस्पताल के लिये जमीन की खरीद की थी। पहले यह जमीन रूंगटा परिवार के कब्जे में था। गवाहों ने पूजा सिंघल से हुई लेन-देने के बारे में अदालत को बताया। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाहों का प्रति-परीक्षण किया। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने तीनों गवाहों को डिस्चार्ज किया। साथ ही, मामले में अगली सुनवाई की तारीख पांच दिसंबर निर्धारित की है। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। ईडी ने मामले में इससे पूर्व श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर एवं पल्स बिल्डिंग बनाने वाला ठेकेदार की गवाही दर्ज करा चुकी है।

### प्रगति मैदान का एम्फी थियेटर हुआ गुलजार



**रांची/नई दिल्ली।** झारखण्ड प्रकृति के गर्भ में बसा और अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश है। यहां का सामाजिक परिवेश रहन-सहन, लोक संस्कृति अतुलनीय है। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन ने झारखण्ड राज्य दिवस का आयोजन किया गया जिसमें, झारखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। झारखण्ड के राज्य दिवस के अवसर पर प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूडा के सीईओ अमित कुमार, उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव मौजूद थे। मंत्री ने झारखण्ड पवेलियन में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित किया। तदोपरांत पवेलियन की सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में लगे स्टालों में उनके हुनर एवं कार्य प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है।

खबर मन्त्र

रांची .शुक्रवार .24 नवंबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# बेहाल बिहार

**सा**वधिक श्रम शक्ति सर्वे (पीएलएफएस) के मुताबिक 2022-23 में बिहार में केवल 8.6 फीसदी ऐसे रोजगार थे जो 21 बड़े राज्यों में सबसे कमजोर आंकड़ा है। इन सभी राज्यों का औसत 22.7 फीसदी है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक बिहार की 13 करोड़ की आबादी में से केवल 1.57 फीसदी यानी 20.4 लाख लोगों के पास सरकारी नौकरी 1.22 फीसदी यानी 16 लाख लोागें के पास निजी नौकरी, 2.14 फीसदी यानी 28 लाख लोगों के पास असंगठित क्षेत्र में काम और 3.05 फीसदी यानी करीब 40 फीसदी लोगों के पास स्वरोजगार था। बाकी लोगों की बात करें तो सर्वे के मुताबिक 67.54 फीसदी या करीब 8.82 करोड़ लोग घरेलू महिलाएं या छात्र हैं। 7.7 फीसदी या एक करोड़ लोग खेती से जुड़े हैं और करीब 17 फीसदी या 2.18 करोड़ लोग श्रमिक हैं। सर्वे के अनुसार 63.74 फीसदी यानी करीब 29.7 लाख परिवार रोजाना 333 रुपये से कम यानी 10,000 रुपये मासिक से कम पर गुजारा करते हैं। वहीं 34.13 फीसदी या एक तिहाई से अधिक लोग रोजाना 200 रुपये या उससे कम पर गुजर बसर करते हैं। यहां भी अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजाति में गरीबी का स्तर 42 फीसदी के साथ काफी अधिक है वहीं 25 फीसदी सामान्य एवं 33 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अति पिछड़ा वर्ग के परिवार 6,000 रुपये या उससे कम प्रतिमाह पर गुजारा कर सकते हैं। बिहार का संकट केवल जातिगत भेदभाव से उपजा हुआ नहीं है और इसे केवल सकारात्मक भेद की मदद से खत्म नहीं किया जा सकता है। आवश्यकता यह है कि राज्य निवेश को बढ़ावा दे, छोटे और मझोले उद्योगों को समर्थन दे और बागवानी, मत्स्यपालन तथा खाद्य प्रसंस्करण में निवेश करे। श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की भी आवश्यकता है।

# सड़क पर सुरक्षा

**स**रकार ने माना कि देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या में कमी नहीं आई। पिछले साल जनवरी से सितंबर की तुलना में इस साल सितंबर तक सड़क हादसों में 2.2 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इन हादसों में मरने वालों की संख्या 0.2 प्रतिशत बढ़ गई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्न काल के दौरान यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि संशोधित मोटर वाहन कानून इस साल एक सितंबर से लागू हुआ था। पूरक प्रश्नों के जवाब में गडकरी ने उच्च सदन को बताया, 'सड़क हादसों के आज आंकड़े देखने के बाद मुझे दुख से कहना पड़ता है कि अभी भी सड़क हादसों और मरने वालों की संख्या में कोई ज्यादा फर्क नहीं आया है।' गडकरी ने इसके लिए सड़क इंजीनियरिंग संबंधी खामियों को प्रमुख वजह बताते हुए कहा कि सड़क इंजीनियरिंग में सुधार और सड़क हादसों वाले ब्लैक स्पॉट की पहचान कर इन्हें दुरुस्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सात सात हजार करोड़ रुपये की दो परियोजनाएं विश्व बैंक और एशिया विकास बैंक (एडीबी) को सौंपी है। संशोधित कानून में यातायात नियमों के उल्लघंन पर जुर्माना राशि में भारी इजाफे का उदेश्य राजस्व प्राप्त करना नहीं, बल्कि 25 साल पहले निर्धारित जुर्माना राशि को समयानुकूल बनाते हुए लोगों को कानून के पालन के प्रति जागरूक बनाना है। गडकरी ने तमिलनाडु में सड़क हादसों में 29 प्रतिशत कमी आने का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून को कारगर तरीके से लागू करने के लिए तमिलनाडु का मॉडल अनुकरणीय है। आखिर देश की सड़कों का लगातार असुरक्षित होना निश्चित तौर पर एक बड़ा संकट पैदा कर रहा है जिसका निराकरण जितना जल्दी हो सके उतना बेहतर होगा। विशेषकर दुधर्टना को रोकना आज की जरूरत है।

# नीतीश के हैरान करने वाले अशिष्ट बोल, हे राम



**स्त्री** शिक्षा के फायदे गिनाते-गिनाते नीतीश कुमार भाषा की मयार्दा इस कदर भूल गए कि याद भी नहीं रहा कि वे लोकतंत्र के मंदिर में बोल रहे हैं? अक्सर माननीयों के बिगड़े बोल सामने आते रहते हैं, लेकिन जिस तरह से नीतीश ने हाथ मटका कर, अजीब भाव भंगिमा के साथ मंगलवार को विधानसभा में जो शब्द बोले वो ज्यों के त्यों लिखे भी नहीं जा सकते। नीतीश ने जिस तरह से सेक्स शिक्षा पर बयान दिया उससे बवाल तय था। सवाल यह भी है कि क्या एक परिपक्व राजनेता को जो देश के प्रधानमंत्री का ख्वाब भी पाले हुए है, इतना भान नहीं था कि वो क्या बोल रहे हैं? कहां बोल रहे हैं? उसके मायने क्या निकलेंगे? माना कि मेडिकल साइंस की भाषा में उन्होंने गलत नहीं कहा लेकिन जिस जगह कहा वह ऐसा स्थान नहीं था जहां उस भाषा में कहा जाना था, जिसका उपयोग उन्होंने किया। जिस समय नीतीश बोल रहे थे उस समय सदन में कई महिला नेत्री भी बैठी हुईं थीं। कुछ शर्म से सिर झुकाए हुए थीं तो एक ने नाराजगी जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

उनके समर्थन में शुरू-शुरू में आए लोगों ने अपने ही तर्क देने शुरू किए लेकिन जब बुधवार को नीतीश ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली तो उनके बयान से उठा तूल थमने के बजाए अलग ही रंग में दिखा। उनका कहना ह्लमैं खुद पर शर्म महसूस करता हूं, मेरी बात किसी को गलत लगी तो इसके लिए माफी मांगता हूं और अपना बयान वापस लेता हूं। इसके लिए दुख प्रकट करता हूं। लेकिन सवाल यही कि क्या बुरा बोलकर माफी मांग लेना ही पर्याप्त है? क्या भारतीय राजनीति में इसे परिपाटी माना जा सकता है? शायद नहीं, कभी नहीं।

ऐसा भी नहीं है कि नीतीश देश के पहले राजनेता हैं जिनके बोल बिगड़े हों। हाँ ये बात जरूर है कि उन्होंने जिस तरह से कहा वो देश में पहली बार सुना और देखा गया है। हो सकता है कि दुनिया में भी सदन में पहली बार किसी ने कहा हो। आखिर नीतीश को इस तरह से बोलने की क्या जरूरत थी? सवाल तो बहुत से हैं लेकिन जवाब शायद किसी के पास नहीं होगा। सदन लोक प्रतिनिधित्व की पावन जगह है। यह कोई मयखाना या नशेड़ियों का अड्डा नहीं जो भी मन में आए बोल दिया। भले ही कोई मेडिकल साइंस की या जन्म दर के आंकड़े की दुहाई दे लेकिन सच तो यही है कि इस तरह की भाषा या शब्दावली के मायने चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन या चिकित्सा के वक्त सामान्य होंगे। वहां भी इसके बोलने, समझाने का शिष्ट तरीका है। बाकी समय ऐसी भाषा नहीं बोली जाती है।



–ऋतुपर्ण दवे

यह भी सही है कि सुशासन बाबू के नाम से भी अपनी अलग पहचान रखने वाले नीतीश कुमार की अलग छवि रही। नीतीश कुमार को कभी विकास कुमार भी कहा गया। जनचर्चा है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि अपनी नई पहचान बनाने की पिनक में उन्होंने जो कहा वो नई पहचान के लिए तो नहीं? क्योंकि दोनों ही सदन में कहना इसे चूक नहीं कह सकते। इसे जुबान फिसलना भी नहीं कह सकते क्योंकि कोई एक-दो शब्द होते तो माना भी जा सकता था यहां तो उन्होंने बड़े तरतीब से बेहद अश्लील शब्दों में अपनी बात कही। उनकी कही गई बात सच में दुनिया के किसी भी सभ्य समाज को नागवार गुजरना था, जो गुजरा भी। जो कहा वो पूरा का पूरा या ज्यों का त्यों लिखा भी नहीं जा सकता।

> जो देश के प्रधानमंत्री का ख्वाब भी पाले हुए है, इतना भान नहीं था कि वो क्या बोल रहे हैं? कहां बोल रहे हैं? उसके मायने क्या निकलेंगे? जिस जगह कहा वह ऐसा स्थान नहीं था जहां उस भाषा में कहा जाना था, जिसका उपयोग उन्होंने किया।

देश में तो इसका विरोध हो ही रहा है दुनिया में भी शुरू हो गया है। अफ्रीकी-अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका मैरी मिलबेन ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर बोलते वक्त शिक्षा और महिलाओं की भूमिका को समझाने के लिए अपमानजनक भाषा के किए इस्तेमाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भारत एक निर्णायक स्थिति का सामना कर रहा है। ऐसे में बिहार में जहां महिलाओं के मूल्य को चुनौती दी जा रही है? मेरा मानना है कि इस चुनौती का केवल एक ही उत्तर है वो ये कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की टिप्पणियों के बाद, किसी साहसी महिला को आगे आकर बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करनी चाहिए। यदि मैं भारत की नागरिक होती तो बिहार जाती और मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ती। मेरा मानना है कि बिहार में महिला नेतृत्व को और सशक्त बनाना चाहिए तभी महिला सशक्तिकरण और विकास और प्रतिक्रिया की सच्ची भावना होगी। निश्चित रूप से अभी तो और भी कई तीखी प्रतिक्रियाएं आनी बाकी हैं।

यकीनन नीतीश ने जिस भी मकसद से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल किया वो तो वही जानें। लेकिन उनके एक बयान से पूरे देश में सियासत को नई हवा जरूर मिल गई है। निश्चित रूप से इण्डिया गठबंधन भी हक्का-बक्का होगी। विपक्ष को बैठे बिठाए वह भी पाँच राज्यों के चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा मिल गया। सबसे बड़ी बात यह भी कि नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले खुद ही अनैतिक हो जाएं तो उन पर नियंत्रण कौन करेगा? उससे भी बड़ा यह कि सर्वोपरि सदन में ऐसी भाषा बोलने की हिमाकत को साधारण नहीं कहा जा सकता। ये बाद की बात है कि इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए। लेकिन इस पर भी सोचना होगा कि दोबारा ऐसी कोई भी घटना न पाए। नीतीश को उनके इस बोल की क्या कीमत चुकानी होगी यह वक्त ही बताएगा। माफी मांगें या शर्मिन्दगी महसूस करें लेकिन अपने घर में भी नीतीश क्या सिर उठा कर परिवार वालों से नजरें मिला पाते होंगे? नीतीश अपने इस बयान के लिए कौन-सी सजा के हकदार होंगे, नहीं पता लेकिन निश्चित रूप से इस अभद्र बोल से राजनीति भी बुरी तरह से शर्मसार हुई है। बस यही इल्तिजा है कि सदन, सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे बोल पहले और आखिरी हों। अगर इस पर एक शब्द कहना हो तो कहेंगे हे राम...।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# मनु स्मृति और संविधान

**सुहासनी अली**

**वर्ष** 1949 में 26 नवंबर को देश का संविधान पारित किया गया था, इसलिए इस दिन को संविधान दिवस कहा जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर, ने तीन नवंबर, 1949 को ऑर्गनाइजर में अपने लेख में शोक व्यक्त किया था कि हमारे संविधान में प्राचीन भारत की अनोखी सांविधानिक प्रक्रियाओं का कोई जिक्र ही नहीं है।

अपनी पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में गोलवलकर ने लिखा 'प्राचीन काल में भी जातियां थीं और हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय जीवन का वे लगातार हिस्सा बनी रहीं।...हर व्यक्ति की, समाज की उचित सेवा करने के लिए उसकी उस कार्यप्रणाली में, जिसके लिए वह सबसे अधिक उपयुक्त है, वर्ण-व्यवस्था मदद करती है। मनुस्मृति में महिलाओं से संबंधित कुछ निर्देश इस तरह हैं : पुत्री, पत्नी, माता या कन्या, युवा, वृद्धा-किसी भी स्वरूप में नारी स्वतंत्र नहीं होनी चाहिए-मनुस्मृति, अध्याय-9 श्लोक-दो से छह। पति पत्नी को छोड़ सकता है, गिरवी रख सकता है, बेच सकता है, पर स्त्री को इस प्रकार के अधिकार नहीं हैं-मनुस्मृति, अध्याय-9, श्लोक-45। स्त्री को संपति रखने का अधिकार नहीं है, स्त्री की संपति का मलिक उसका पति, पुत्र, या पिता है-मनुस्मृति, अध्याय-9, श्लोक-416।

असत्य जिस तरह अपवित्र है, उसी भांति स्त्रियां भी अपवित्र हैं, पढ़ने-पढ़ाने , वेद-मंत्र बोलने या उपनयन का स्त्रियों को अधिकार नहीं है-मनुस्मृति, अध्याय-2, श्लोक-66 और अध्याय-9, श्लोक-18। पति सदाचारहीन हो, अन्य स्त्रियों में आसक्त हो, दुर्गुणों से भरा हो, नपुंसक हो, फिर भी स्त्री को उसे देव की तरह पूजना चाहिए-मनुस्मृति, अध्याय-5 श्लोक-154। मनुस्मृति के अनुसार, एक ही अपराध के लिए अपराधी की जाति और जिसके साथ अपराध हुआ है, उसकी जाति देखकर सजा दी जानी चाहिए।

मनुस्मृति की आत्मा और संविधान की आत्मा एक दूसरे के विपरीत है। संविधान के पारित होने के बावजूद हमारी बहुत-सी मान्यताएं मनुस्मृति के अनुरूप ही हैं।

# स्वांस का उत्सव

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**आप** सभी को हर पल स्वांसों का प्रसाद प्राप्त करने का बहुत अच्छा सुअवसर मिला है। इसलिए इस सौभाग्य को चूकना मत। अगर इस जन्म में भी चूक गये तो बहुत बड़ी नादानी होगी। आती स्वांस में नाचता जीवन और जाती स्वांस में हँसती मौत को देख लेना। आ रही स्वांस के ताजे सवाल और जा रही स्वांस की असहायता को पढ़ लेना। आती स्वांस के अवसर और जाती स्वांस की थकान को जान लेना। ये स्वांसें भी अपना सब कुछ एक देह पर निवेश कर देती हैं। इसलिए इन अनमोल स्वांसों को कंगाल मत होने देना। बहुत पीड़ा पाती हैं ये स्वांसें जब देह के भीतर जाती हैं और प्रार्थना की बजाय वासना से मुला×कात कर बैठती हैं। स्वयं में असहाय महसूस करती हैं ये स्वांसें जब भीतर परमानंद की बजाय अहंकार से मुलाकात कर बैठती हैं। गिनती की ही मिली है ये स्वांसें। इन गिनती की स्वांसों से ही चेतना को प्राण और बल मिल रहा है, देखना और गहरे तक गौर से देखना कि अज्ञानता के गर्भ से पोषित अहंकार और वासना के हाथों कहीं चेतना, पदार्थ पर ही लुट ना जाए। हर स्वांस की कीमत का अंदाजा लगा लेना। देह से इसका नाता टूटे उससे पहले ही स्वांसों की सूरती से अविनाशी की कलाई पर सच्चे ₹प्रेम₹ का धागा बाँध लेना। बहुत अनमोल है ये स्वांसें उसकी मर्जी से मिलती हैं बस अपनी ही मर्जी से इन्हें प्रदूषित ना कर देना। क्रियाओं के अभ्यास से इन अति सुंदरतम स्वांसों की धुन में लीन होकर स्वयं और हृदय में विराजमान परमात्मा को जान लेना। तभी मनुष्य जीवन सफल होता है।

**देश** की सीमाओं की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अत्यंत साहस और निष्ठा से राष्ट्रसेवा में सर्मिपत सभी भारतीय नौसैनिकों को नमन।

भारतीय नौसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**- स्वामी रामदेव, योगगुरु**

## रोचक ट्वीट

**भारतीय** संस्कृति और परंपरा की समृद्धि में अमूल्य योगदान देनेवाली, प्राकृतिक पर्यटन के लिए दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र, देवभूमि उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर सभी उत्तराखण्ड वासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**–अन्नपूर्णा देवी, कन्द्रीय मंत्री**





**धर्मनगरी** श्री अयोध्या धाम में यूपी सरकार की प्रथम कैबिनेट आयोजित की गई, जिसमें लोक-कल्याण, सांस्कृतिक उत्थान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि से जुड़े कुल 14 प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया।

**–योगी आदित्यनाथ**

# विश्व कप क्रिकेटे में शमी के प्रदर्शन से मिलती सीख

**एडी बाधवा**

**एक** बहुत पुरानी चीनी कहानी है कि किसी व्यक्ति के घर में बाहर से किसी ने दरवाजा खटखटाया। व्यक्ति ने पूछा कि आप कौन हैं जो मेरे दरवाजे को खटखटा रहे है? बाहर से आवाज आई, ₹मैं सफलता हूं और मैं आपके लिए ढेर सारी सफलता के लिए अवसर लेकर आई हूं। आप दरवाजा खोले और सफलता को अपनाए। व्यक्ति ने कुछ देर इंतजार किया पर दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर के बाद दरवाजा फिर किसी ने खटखटाया। व्यक्ति ने पूछा, आप कौन हैं? बाहर से आवाज आई कि मैं वही सफलता का अवसर हूं, आपकी प्रतीक्षा कर रहा हूं, आप मेरे स्वागत में दरवाजा खोले। उस व्यक्ति ने फिर भी दरवाजा नहीं खोला। तब उस व्यक्ति की पत्नी ने पूछा कि जब बाहर अवसर खड़ा है आपकी सफलता के लिए, तब भी आप दरवाजा क्यों नहीं खोल रहे हैं? क्यों नहीं अवसर को अंदर आने दे रहे हैं? तब उस व्यक्ति ने उत्तर दिया कि जीवन में अवसर बार-बार नहीं आते हैं। अवसर जीवन में एकाध बार ही सफलता का दरवाजा खटखटाते हैं; जो व्यक्ति उसे खोल लेता है वह सफल हो जाता है जो व्यक्ति नहीं खोल पता है वह फिर सफल नहीं होता है। जो मेरे दरवाजे पर लगातार दो बार खटखटा रहा है वह अवसर नहीं हो सकता है; वह अवसर के रूप में कोई और चीज है। कहने का तात्पर्य यह है कि सफलता के लिए

## मोटिवेशन

> जब विश्व कप क्रिकेट 2023 आरंभ हुआ तो मोहम्मद शमी को भारत के टीम में आरंभ में खेलने का अवसर नहीं मिला। पर हार्दिक पांड्या के घायल होने के बाद मोहम्मद शमी को अवसर मिला और मोहम्मद शमी ने बहुत मेहनत की; इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भारत की हर जीत में उसका बहुत ही मजबूत योगदान रहा।

अवसर जीवन में हर व्यक्ति को एकाध बार ही प्राय मिलता है, और जो व्यक्ति उस अवसर का फायदा उठा पता है वह जीवन में सफल होता है। अभी हाल में हमने मोहम्मद शमी का उदाहरण देखा। जब विश्व कप क्रिकेट 2023 आरंभ हुआ तो मोहम्मद शमी को भारत के टीम में आरंभ में खेलने का अवसर नहीं मिला। पर हार्दिक पांड्या के घायल होने के बाद मोहम्मद शमी को अवसर मिला और मोहम्मद शमी ने बहुत मेहनत की; इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भारत की हर जीत में उसका बहुत ही मजबूत योगदान रहा। वह इस विश्व कप में एक हीरो के रूप में उभरा। सेमीफाइनल को तो लोग उसके प्रदर्शन के कारण शमी फाइनल बोलने लगे। मोहम्मद शमी ने अपने मिले हुए अवसर को नहीं गंवाया, उसने बहुत मेहनत की, पूरी ताकत से अपनी क्षमता के अनुसार खेला और इस वर्ल्ड कप का भारत का एक हीरो बनकर उभरा। ऐसे ही ईश्वर और प्रकृति हम सबको समय-समय पर अवसर देती है और ये अवसर बार-बार नहीं आते। जब भी अवसर आए, हमें उनको पहचान कर गवाना नहीं चाहिए। हमें अपनी पूरी ताकत से अवसर को सफलता में बदलने की कोशिश करनी चाहिए। पूरी क्षमता से चेष्टा करनी चाहिए कि हम इन अवसरों का लाभ उठा सके। कई बार युवा वर्ग अवसरों को गंवा देते हैं और सोचता है कि फिर अवसर आएंगे। अवसर फिर आएंगे या नहीं आएंगे यह तो मैं नहीं जानता या यह कोई नहीं जानता; पर यह सब जानते हैं कि अगर मिले हुए अवसर को गंवा दिया तो बीता या गवाया हुआ समय फिर जल्दी नहीं आता।

## कार्टून वर्ल्ड



## लेटर टू एडिटर

### आलसी होते बच्चे

**टेलीविजन** कम्प्यूटर और सेल फोन आने के बाद तो लोग और ज्यादा आलसी होते जा रहे हैं। अब लोग शारीरिक मेहनत कम करने लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार 1970 के दशक में हमारे देश के करीब 66% बच्चे स्कूल तक पैदल जाते थे, जो अब 13 फीसद रह गया है। यह बेहद खतरनाक है। इसके लिए हमें अपने बच्चों की खेलों के प्रति रुचि जाग्रत करना होगी। इसमें लापरवाही महंगी पड़ सकती है। **–शबाना, रांची**

### प्रदूषण की मार

**कांग्रेसियों** के लिए यह भी कोई हर्ष की बात शायद नहीं है इसलिए वे इस पर खामोश बैठे हैं ।बीते कुछ दिनों से दिल्ली में प्रदूषण की हालात इतनी गम्भीर हो गई है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को नर्क की संज्ञा दे डाली। लोग सांस लेने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। शहरों के अनियमित विकास की मार अब करोड़ों भारतीय झेल रहें हैं और नेता अधिकार प्यूरीफायर लगाने में व्यस्त हैं।

**– रविकांत, रांची**

# फसल अवशेष जलाने की समस्या का निदान

**रमेश चंद**

**पारंपरिक** तौर पर फसल अवशेष का इस्तेमाल पालतू पशुओं के चारे या घरेलू ईंधन के रूप में किया जाता था। इसके एक हिस्से से कंपोस्ट खाद बनाई जाती थी। समय के साथ फसल अवशेष की आपूर्ति बढती गई और ईंधन तथा चारे के नए विकल्प आने से इसकी मांग कम होती गई। सूखे चारे की जगह हरे चारे ने ले ली और ईंधन में एलपीजी तथा अन्य स्त्रोत आ गए। इस क्षेत्र में एक दिक्कत यह भी है कि गैर बासमती धान के सूखे डंठल, गेहूं के डंठल की तुलना में बेहद खराब चारा माने जाते हैं। किसानों के पास इस अवशेष को जलाने या धरती में निपटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यही कारण है कि देश भर में यह समस्या आम हो चली है। पंजाब और हरियाणा के किसानों का गेहूं के फसल अवशेष जलाना आम है। परंतु एक एकड़ भूभाग की गेहूं उपज के अवशेष जलाने का भी पर्यावरण को उतना ही नुकसान होता है जितना कि एक एकड़ धान से। दुख की बात है कि इस तरफ बढ़ते रुझान को गंभीरता से नहीं लिया गया। यदि प्रभावी उपाय नहीं अपनाए गए तो आने वाले वर्षों में इसके गंभीर परिणाम होंगे। धान की खेती की बात करें तो अभी कुछ वर्ष पहले तक इसमें हार्वेस्टर का प्रयोग कम होता था और अधिकांश खेती हाथ से होती थी। हाथ से की जाने वाली खेती में धान की कटाई

## सामयिक

सतह से 6 से 10 सेमी ऊपर से होती थी। इससे अवशेष बहुत कम बचता और जुताई के बाद आसानी से निकल जाता। इसे एक कोने में इकट्ठा कर दिया जाता जहां यह समय के साथ अपघटित हो जाता। अब पंजाब में 94 फीसदी इलाके में हार्वेस्टर से खेती होती है। मशीन केवल ऊपर से 20 सेमी फसल काटती है और बाकी पौधा जस का तस छोड़ देती है। बचा हुआ अवशेष अगली फसल की तैयारी में मुश्किल पैदा करता है। धान कटाई के चार से छह सप्ताह बाद गेहूं की बुआई होती है। ऐसे में खेत को जल्दी साफ करना एक समस्या होती है। अधिकांश किसान आग लगाने का विकल्प चुनते हैं जो जल्दी भी होता है और इसकी लागत भी कुछ नहीं होती। परंतु यह पर्यावरण के लिए घातक है। पंजाब में जहां 75 फीसदी खरीफ रकबा धान है और इसका भी 78 फीसदी हिस्सा जलाया जाता है, वहां यह समस्या ज्यादा गंभीर है।

कुछ किसानों को इससे होने वाले नुकसान का अंदाजा है और वे इस अवशेष को मिट्टी में दबाते हैं। इसके लिए इस अवशेष को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना होता है ताकि उनको जुताई के दौरान मिट्टी में मिलाया जा सके। इससे उर्वरता बढती है और अवशेष का अपघटन हो जाता है। यह अपघटन बहुत धीमी गति से ही सही लेकिन वातावरण में मीथेन उत्सिर्जत करता है। इसमें किसान को पैसे भी खर्च करने पड़ते हैं। इसमें कई मशीन प्रयोग की जाती हैं और इसकी लागत करीब 3,000 रुपये प्रति एकड़ आती है। इसका बड़ा हिस्सा अगली फसल की लागत में जुड़ जाता है। केंद्र सरकार ने संबंधित मशीनरी की खरीद पर भारी सब्सिडी की व्यवस्था की है ताकि फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाया जा सके। बहरहाल, लागत के चलते ऐसा हो नहीं पा रहा। इसके अलावा सब्सिडी भी चुनिंदा कंपनियों के उपकरणों पर है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के इस हिस्से में फसल अवशेष जलाने का दीर्घकालिक हल निकाला जाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### गरीबों को दें अबुआ आवास : विकास



रजरप्पा। पबड़कीपोना पंचायत के वार्ड 10 के वार्ड सदस्य विकास कुमार ने कहा कि अबुआ आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड आदि सरकार की जनकल्याणकारी योजना दिव्यांग, असहाय, विधवा, जरूरतमंद दें। विकास ने जिला एवं प्रखंड के तमाम अधिकारियों से अनुरोध किया है कि शिविर में पहुँचे लोगों को आवेदन लेकर रिसीव की पूर्जी अवश्य दें, ताकि लाभुक सूचीबद्ध हो। ऑन द स्पोर्ट विभिन्न समस्याओं का निष्पादन भी करें।

### गणिनी आर्यिका विभा श्री का स्वागत



रामगढ़। रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में गुरूवार को गणिनी आर्यिका 105 विभा माताजी एवम ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। वे रांची से पैदल चलकर पहुंचे। समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन के नेतृत्व मं ब्लॉक ऑफिस के निकट माताजी का स्वागत किया गया। वहां से बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए जैन मंदिर में उनका आगमन हुआ। जहां समाज की महिलाओं द्वारा माताजी का पग परचलन किया गया। श्री माताजी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति इतना महत्वकांक्षी हो गया है कि वह उन्हें वह पूरा नहीं कर पाता और इससे जीवन में निराशा का भाव बनता है । जिससे व्यक्ति अप्रिय निर्णय ले लेता है। मौके पर समाज अध्यक्ष माणिक चंद जैन, जंबू पाटनी, अरविंद सेठी, देवेंद्र गंगवाल,राजू सेठी, सुशील चूड़ीवाल, सुनील पाटनी, बब्लू सेठी, निशांत सेठी, विनोद जैन, प्रदीप पाटनी, रमेश सेठी, पुष्पा सेठी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भुरकुंडा गुरूद्वारा ने निकाली प्रभातफेरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर प्रथम दिन गुरूवार को श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा प्रबंधन द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में भारी संख्या में सिख समाज के महिला–पुरूष व बच्चे शामिल हुए। प्रभातफेरी में शामिल लोग साध संगत गुरूवाणी गायन करते हुए हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे–आगे चल रहे थें। इस दौरान अमृत वेले बोले पपीहा, आओ जी आओ हमारे, नहीं छोड़े रे बाबा राम नाम आदि गुरूवाणी से पूरा भुरकुंडा कोयलांचल गूंजता रहा। प्रभातफेरी मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरूद्वारा से शुरू होकर जवाहर नगर स्थित सरदार सोनू सिंह के घर पहुंची। प्रभातफेरी में श्री गुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा के ग्रंथी अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहान, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### रामगढ़ : प्रभात फेरी में उमड़ी भीड़



रामगढ़। सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव पर गुरूवार को छठे दिन की प्रभात फेरी निकली। प्रभात फेरी के छठे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरूष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध–संगत शब्द गाते चल रहे थे। फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। गुरा इक देह बुझाई, जो मांगे ठाकुर अपने ते, आखा जीवा वर्सरे मर जाओ, दर्शन देख जीवा गुर तेरा पुरण करम होए प्रभ मेरा जैसे शब्दों को गाते संगत बढ़ते चल रहे थे। फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक होते हुए बिजुलिया सरदार परविंदर सिंह गांधी के आवास पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डॉ नरेंद्र सिंह सोनी ने सरदार परविंदर सिंह गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

### धौड़ा में भव्य भंडारा आयोजित



भुरकुंडा (रामगढ़)। लोक आस्था का महापर्व छठके सफलता पूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में नवयुवक संघ के तत्वावधान में बुधवार देर शाम मेन रोड भुरकुंडा स्थित ऊपर धौड़ा प्रदीप मेडिकल हॉल के समीप भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सैंकड़ो श्रद्धालु महिला–पुरूष व बच्चो ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी ने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली–खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए भक्तों को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। भंडारा को सफल बनाने में रॉबीन मुखर्जी, बॉबीन मुखर्जी, संजु यादव, मनोज सिंह, विक्की एंथोनी, बबन, विनोद राम, चंदन साव, राजेश ठाकुर, अभिषेक गुप्ता, बिट्टु गुप्ता, महेन्द्र सोनी, अंकित सिंह, विजय मुखर्जी, सुनील झा, विक्की सोनी, ओमप्रकाश राम, बाला शर्मा, जसपाल सिंह, आयुष गुप्ता, परमेश्वर तिवारी, बैजनाथ गंझु, नवीन शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

### छड़-सीमेंट दुकान का उद्घाटन



रामगढ़। बाजार समिति गेट के समीप गुरूवार को छड़–सीमेंट दुकान का उद्घाटन वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता एवं अमित कुमार सिन्हा ने किया। गुप्ता ने कहा कि इस स्थान पर इस प्रतिष्ठान के आरंभ होने से शहर सहित जिलाभर के लोगों के छड़– सीमेंट की जरूरत पूरी हो सकेगी। मौके यमुना साव, खोगेंद्र साव, राधेश्याम साव, शिव शंकर साव, छोटन सिंह, राजेश प्रसाद, विनोद साव, एसडी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# अवैध खनन पर लगायें रोक : एसपी

## हजारीबाग जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में एसपी ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स बैठक हुयी। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने को सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन पर रोक लगाना संभव नहीं है। अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कारवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध बालू एवं कोयले के परिचालन में सख्ती से नियमित कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार,डीएसपी राजीव कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति, सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की आरटीआइ से मांगी जानकारी

भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू पार्टी के पतरातू प्रखण्ड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के द्वारा सूचनाधिकार के तहत पतरातू बीडीओ सह सूचनाधिकारी से चार बिंदुओं पर सूचना मांगी गई है। जिसमें मुख्यतः सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 23 नवंबर 2023 तक प्राप्त आवेदनों का सम्पूर्ण ब्योरा, निष्पादन किए गए आवेदनों एवं निरस्त किए गए आवेदनों का सम्पूर्ण ब्योरा मांगा गया है। साथ ही वर्ष 2010 से आज तक विधायक मद से हुए कुल योजनाओं के क्रियान्वयन का संपूर्ण ब्योरा भी मांगा गया है। विश्वरंजन सिन्हा ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से विधायक सिर्फ आवेदन एकत्रित करने एवं झूठे आश्वासन देने में लगे हुए हैं। जबकि जमीन की सच्चाई कुछ और है।

# जनप्रतिनिधि नियमित करें स्कूल का निरीक्षण : डीसी

## मुखिया सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन हुआ। उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, नियम अनुसार संचालन, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक, बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय जाना आदि सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक जानकारियां दी । उन्होंने जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा सीधा उपायुक्त के कार्यालय में आने की अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने 24 नवंबर से शुरू हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी जनप्रतिनिधियों को अपना योगदान देने की अपील की उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर में जरूर उपस्थित हो और कोई भी योग्य लाभुक सरकार की योजना के लाभ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त ने शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों के निष्पादन पर भी जनप्रतिनिधियों को अपनी नजर रखने की अपील की।

जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने सभी जनप्रतिनिधियों से झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित मुखिया सम्मेलन के दौरान शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु बताई गई बातों को अपने क्षेत्र में आम जनों तक पहुंचाने एवं प्रत्येक बच्चे का नियमित रूप से विद्यालय जाना सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की अपील की।

कार्यशाला के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनों तक पहुंचाते हुए उन्हें लाभ दिलाने की अपील की । उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविरों व उनके स्थान का व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की। सम्मेलन के दौरान शिक्षक संजय अग्रवाल द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई।

# पतरातू में सेल ने दिव्यांगों के लिए लगाया शिविर



### तीन दिसंबर को होगा उपकरण का वितरण

भुरकुंडा (रामगढ़)। आर एंड डी सेंटर फोर आयरन एंड स्टील रांची के तत्वावधान में सीएसआर के तहत आर्टिफिशियल लिंबस मैन्युफैक्चरिंग कोरपोरेशन ऑफ इंडिया (एएलआईएमसीओ) के सहयोग से गुरूवार को प्रखंड कार्यालय पतरातू में विशेष शिविर लगाया। पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता के मार्ग-दर्शन में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण हेतु लाभार्थियों का मूल्यांकन किया गया। शिविर में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों की भारी भीड़ लगी रही। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा विकलांगता की श्रेणी का आंकलन किया गया। इसके बाद ब्लॉक और सेल अधिकारियों द्वारा उनकी प्रामाणिकता के निरीक्षण के पश्चात 26 दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। सेल के संचार प्रमुख उज्ज्वल भास्कर, डीजीएम डॉ. जीएम चौधरी, एजीएम एसके साहा और वरिष्ठ प्रबंधक सह नोडल ऑफिसर (सीएसआर) राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि रांची ने अपनी सीएसआर पहल के तहत एलिम्को के सहयोग से प्रखंड कार्यालय पतरातू में मूल्यांकन शिविर लगाया। सेल, रांची ने विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को चयनित दिव्यांगो के बीच पतरातू ब्लॉक कार्यालय में मोटर चालित ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, सेरेब्रल पाल्सी चेयर, कोहनी और सहायक क्लच, श्रवण यंत्र आदि जैसे कृत्रिम सहायक उपकरण वितरित किया जायेगा।

### बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं को कराटे का दिया गया प्रशिक्षण



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में रक्षा के लिए बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं को दिया गया। शोताकान कराटे फेडरेशन रामगढ़ के निरीक्षक विनय रंजन प्रसाद के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने कहा कि आज आधुनिक युग में आत्म प्रतिरक्षा का प्रशिक्षण बहुत ही जरूरी है, विशेषकर महिलाओं के लिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने भी कहा कि आत्म - प्रतिरक्षा आज के युग के लिए बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अखतर, डॉ. अशोक राम, सोनम सिन्हा, संजु उरांव तथा डीएलएड के विभागाध्यक्ष सीमा कुमारी, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, राजेश महतो, कुमारी प्रतिभा तथा बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### भुरकुंडा व पतरातु में आचार्य प्रशिक्षण शुरू

भुरकुंडा (रामगढ़)। एकल अभियान रामगढ़ अंचल संच के नेतृत्व में भुरकुंडा एवं पतरातु संच का दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण का भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में गुरूवार से शुभारंभ हुआ। अंचल महिला समिति सचिव एवं भुरकुंडा संच समिति के तत्वावधान में भुरकुण्डा पंचायत सचिवालय में आयोजित एकल अभियान द्वारा दो दिवसीय आवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग शुभारंभ विधिवत रूप से भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन मंत्र ओंकार, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, विजय महामंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मौके पर एकल अभियान रामगढ़ अंचल के महिला समिति की सचिव अनामिका श्रीवास्तव ने बताया किएकल अभियान का कार्य ईश्वरीय कार्य है। अपने क्षेत्र में ठीक प्रकार कार्य हो इसके लिए आप सबों दो दिनों में 30 घंटा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान आपसभी ध्यान केंद्रित कर प्रशिक्षण वर्ग में रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आपसभी जो भी मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे उसे एकल विद्यालय के माध्यम से गांव-गांव में बताने का कार्य करेंगे।

# हजारीबाग में 320 खिलाड़ियों ने चली शतरंज की चाल

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बहुदेशीय परीक्षा भवन सभागार में हजारीबाग जिला शतरंज संघ द्वारा अखिल भारतीय स्तर का पांच दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता सेकेंड एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग ओपेन टूर्नामेंट- 2023 के दूसरे दिन गुरुवार को तीसरे राउंड तक के खेल का परिणाम आ गया और खबर लिखे जाने तक चौथे राउंड का खेल जारी था।

तीसरे राउंड तक के रिजल्ट में तमिलनाडु के खिलाड़ी प्रदीप कुमार 2195 पॉइंट रेटिंग के साथ अब्बल रहें। तीसरे राउंड तक के खेल में सर्वश्रेष्ठ पांच टेबल में प्रथम टेबल में तमिलनाडु के प्रदीप कुमार ने बिहार के मनीष यादव को हराया। दूसरे टेबल में बिहार के सिन्हा सुधीर कुमार ने झारखंड के प्रभुनाथ साह को हराया।

तीसरे टेबल में पश्चिम बंगाल के प्रदीप घोष ने बंगाल के ही रुद्रशीष घोष को हराया। चौथे टेबल में बिहार के कुमार गौरव ने झारखंड के सिंह अंकित कुमार को हराया। वहीं पांचवें टेबल में पश्चिम बंगाल के चटर्जी के. के. ने झारखंड के अंश कुमार को परास्त किया। उक्त टूर्नामेंट में भारत वर्ष के कुल 14 राज्यों के विभिन्न हिस्से से करीब 320 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें 6 साल के बच्चे से 75 साल के वृद्ध खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 160 टेबल में 320 खिलाड़ी शतरंज की चाल चल रहें हैं। आगे तीन दिनों तक ओर यह आयोजन चलेगा। बीते 22 नवंबर को इस टूर्नामेंट का आगाज हुआ और 26 नवंबर को समापन होगा । टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी पहले दिन की तरह ही आम- खास सभी खिलाड़ियों के अभिभावक एक साथ नजर आए।

कई दिव्यांग, बाल और वृद्ध खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा ले रहें हैं और उनके अभिभावक खिलाड़ियों को विशेष देखभाल भी कर रहें हैं । उक्त टूनामेंट के डॉयरेक्टर हजारीबाग सदर विधायक के पुत्र युवा करण जायसवाल पहले दिन के बाद दूसरे दिन भी आयोजन स्थल में डटे रहें और खिलाड़ियों एवं उनके परिजनों के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजन समिति की ओर से उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो इसका विशेष ख्याल रखा। आयोजन स्थल पर ही भोजन व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई गई है एवं आवासन व्यवस्था हजारीबाग हेड पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित जेपीए के हॉस्टल कैंपस में किया गया है। आयोजन की सफलता के लिए लगातार संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला, उपाध्यक्ष अनूप भाई वर्मा, कोषाध्यक्ष राजन साहा, संयुक्त सचिव ब्रजेश कुमार और सहयोगी के रूप में राजू मेहता, शिवांगी कुमारी, सोनम कुमारी, रवि रंजन, आशीष कुमार, मंजरी कुमारी, शत्रुघ्न कुमार पांडेय लगातार मशक्कत कर रहें हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में विशाल मिंज, अनीश अंसारी, अमित टेंभूरेन, अभिषेक, विक्रम, विकास, आशीष राज और विवेक कुमार सहयोग कर रहें हैं ।



अपने पुत्र का टेबल डिटेल्स देखतीं हजारीबाग एसपी की पत्नी ।

### 2195 अंक के साथ तामिलनाडु के प्रदीप कुमार अव्वल

## एक नजर में

### विष्णुगढ प्रखंड कार्यालय पर लगे माले के पोस्टर पर लोगों ने जताया एतराज



विष्णुगढ़। प्रखंड के रेवेन्यू विभाग के कार्यालय में भाकपा माले का दबदबा है। भाकपा माले द्वारा फरवरी माह में भाजपा हटाओ संविधान बचावो के लिए रैली में शामिल की अपील इस पोस्टर के माध्यम से की गयी थी। प्रचार प्रसार के दौरान यह पोस्टर कर्मचारी कार्यालय के ऊपर लगाया गया था। जबकि कर्मचारी को मामले से कोई लेना देना नहीं है। इस मामले पर प्रखंड में भाजपाई भी आंखों में पट्टी लगाये हुवे है। कभी किसी ने मामले पर चूं तक नहीं किया। जिससे जाहिर है कि प्रखंड में अब आम जनता को मुर्ख बनाने के लिए चुनाव के समय एक दूसरे के विरोध किया जाता है। इस मामले पर अंचल अधिकारी रामबालक कुमार ने कहा किसी सरकारी कार्यालय में किसी पार्टी का बोर्ड,फ्लेक्स आदि नियम संगत नहीं उसको उखाड़ दी जाएगी। वहीं सरकारी कार्यालय में झंडा बैनर लगाने पर अखिलेश कुमार बीडीओ ने भी गलत बताया है।

### धान में लगायी आग, पीड़ित ने थाने मे दिया आवेदन

इचाक। डुमरौन में नरेश प्रसाद मेहता के खेत मे कटे धान की फसल मे जान बूझकर आग लगाने का मामला को लेकर थाने मे दिया गया आवेदन। नरेश प्रसाद ने आवेदन मे लिखा है कि 22 नवंबर को देवलाल साव पिता गोविन्द साव, मुकेश साव, छोटू साव दोनों का पिता कैला साव, संतोष साव, कारू साव दोनों का पिता भुखन साव ये सभी रुद के निवासी है। इन सभी के द्वारा जानवर से कटे हुवे फसल को जान बूझकर खिला रहा था। जब हमारा भतीजा बोलने गया तो इनलोगों ने गाली ग्लोज करने लगा और धमकी भी दिया कि इस खेत से धान नहीं ले जाने देंगे। और सुबह चार बजे खेत मे कटे हुवे फसल को जमा करके आग लगा दिया. मेरे पास सीताराम मेहता ने फोन से सूचित किया जब तक खेत पहुंचे तब तक सभी कटे हुवे फसल जल कर राख हो गया। इनलोगो के प्रति कानूनी कार्रवाई करने का अपील किया है।

### चुरचू में आपके द्वार कार्यक्रम आज

चरही। मुख्य सचिव के पत्र के आलोक में योजना के चार वर्ष पूर्ण होने को लेकर चुरचू प्रखंड के पंचायत आंगो, चनारो,चुरचू, बहेरा, चरही,इंद्रा,हेंदेगढा और जरबा पंचायत भवन में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। चुरचू प्रखंड में कार्यक्रम 24 नवंबर को शुरू की जाएगी।

### अबुआ आवास की सूचना सभी को दें : बीडीओ



दारू। प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 25 नवंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर तक चलेगा। पहला योजना शिविर 25 नवंबर को पुनाई पंचायत भवन, 28 नवंबर को मेडकुरी खुर्द, 4 दिसंबर को जिनगा, 8 दिसंबर को रामदेव खरिका, 14 दिसंबर को हरली, 16 दिसंबर को दिग्वार, 18 दिसंबर को दारू, 22 दिसंबर को कबीलाशी तथा 23 दिसंबर को ईरगा पंचायत भवन में आयोजन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिष कुमार एवम बीपीओ स्वाति वर्मा ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पुनाई एवम मेडकुरी खुर्द पंचायत भवनों का निरीक्षण किया जिसमे योजना को लेकर मुखिया को कई दिशा निर्देश दिए साथ ही बीडीओ ने कहा कि योजना की जानकारी के लिए पंचायत में बार–बार लिस्ट जारी करें ताकि सभी लाभुक कार्यक्रम में उपस्थित हो सके। मुख्य रूप से उन्होंने कहा कि अबुआ आवास को लेकर कार्यक्रम में काफी भीड़ बढ़ सकती है अबुआ आवास योग्य लाभुक किसी भी हाल में आवास से वंचित नहीं होनी चाहिए योग्य व्यक्ति को ही इसका लाभ दें। इस मौके पर प्रखंड के कई पंचायतो के मुखिया मेडकुरी पंचायत भवन में उपस्थित थे।

### कुजू में भक्ति जागरण आयोजित



कुजू। छठ पूजा के अवसर पर छठ पूजा समिति तोपा के बुधवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। आयोजित जागरण में में पवन सारेगामा जागरण मंडली द्वारा गायत्री मंदिर से मां जोत जलाकर जयकारे के साथ जागरन स्थल तक लाया गया। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कुजू महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू नेता तिवारी महतो, जीएम ऑपरेशन बीपी गुप्ता, सेल आफिसर नीलेश कुमार, आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर जागरण का उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र में भक्ति जागरण के आयोजन से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। बाद में मंडली के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमने पर विवश कर दिया। जबकि कलाकारों द्वारा मां काली, मां दुर्गा, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भगवाल शंकर, माता पार्वती, कृष्ण– राधा के जीवंत झांकी प्रस्तुत कर लोगों को भाव–विभोर कर दिया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष अभिषेक पासवान के द्वारा मां का चुनरी एवं भगवा गमछा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। जागरण को सफल बनाने में अध्यक्ष अभिषेक

## स्पीड न्यूज

### बरौंदी मेले का उद्घाटन आज

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के ऐतिहासिक बरौंदी मेला का उद्घाटन 24 नवंबर को किया जायेगा। उदघाटन झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल समेत अन्य अतिथि करेंगे। मेला में रांची समेत अन्य जिलों के हजारों मेलार्थी शामिल होते हैं। मेला के दिन शनिवार को ठाकुरगांव- पिठोरिया मुख्य मार्ग से वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। उक्त जानकारी मेला समिति के अध्यक्ष रामजतन पाहन ने दी है।

### ईंट भट्ठा में काम करने गया व्यक्ति लापता

■ पत्नी ने पुलिस से लगायी वापसी करने की गुहार

**मांडर।** थाना क्षेत्र के गुड़गुड़जाड़ी गांव निवासी पैंतालीस वर्षीय डुगरु उरांव का दो महीने से कुछ पता नहीं चल रहा है। वह ईंट भट्ठा में काम करने दूसरे राज्य गया था। इस मामले को लेकर डुगरु उरांव की पत्नी कुंवारी उरांव ने मांडर थाना में आवेदन देकर जो व्यक्ति उसे भट्ठा ले गया था उस पर कार्रवाई कर पति की सकुशल घर वापसी के लिए मदद की गुहार लगायी है। कुंवारी के अनुसार चान्हो के लुंडरी गांव का एक भट्ठा सरदार उसके पति को काम दिलाने का प्रलोभन देकर सितंबर माह में बिहार ले जा रहा हूं कहकर कहीं ले गया है। इस घटना के दो माह से भी अधिक समय बीत गया है, लेकिन उसके पति ने उनसे एक बार भी संपर्क नहीं किया है। किसी तरह से भट्ठा सरदार का नंबर जुगाड़कर जब उसने अपने पति के बाबत भट्ठा सरदार से बात की तो वह धमकाने लगा और कहा कि जाओ जो करना है कर लो मेरा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। कुंवारी का कहना है कि भट्ठा सरदार की धमकी से उसका पूरा परिवार परेशान है। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। कुंवारी ने भट्ठा सरदार पर भी कार्रवाई की मांग की है।

# देवउठनी एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह

## शुभ दिन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो /लापुंग।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में देवउठनी एकादशी एवं तुलसी विवाह धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। शास्त्रों के अनुसार हिंदू धर्म में सबसे शुभ दिन माने जाने वाले देवउठनी एकादशी के दिन बेड़ों और लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवों में भगवान विष्णु की विधिवत पूजा अर्चना की गई। भगवान विष्णु के चार महीनों के बाद नींद से जागने के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान विभिन्न प्रकार के फल फूल, पकवान, मिष्टान्न सहित सकरकंद व दूध का भोग भगवान को लगाया गया। तुलसी जी का भगवान शालीग्राम के साथ विवाह संस्कार आयोजित किया गया। इस दौरान बेड़ो प्रखंड के बेड़ो, बारीडीह, जरिया, पुरियोई, मासु, मुड़ामु, जमनी, पंडरा जहानाबाज, तुको, खुखरा, नरकोपी, मुरतो, महुगांव, दिघिया, खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी सहित विभिन्न गांवों में सनातन परम्परा के अनुसार घरों को अर्पण, सिंदूर के साथ सजाया एवं जागृत किया गया। भगवान विष्णु के साथ साथ मां लक्ष्मी की अराधना की गई। वहीं लापुंग प्रखंड के सरसा, देवगांव, नावाटोली, ककरिया, चम्पाडीह, कारुम, पोकटा, डाड़ी, मालगो, फतेहपुर, महुगांव, जरिया, जमाकेल, गुदगुद, बोकरन्दा, बड़का कुरा, परसा, सुकुरहुटू, लालगंज, दानेकेरा लापुंग जातालोया, पांडु, दोलैचा, डिंबा, सेमला सहित विभिन्न गांवों में देव उठनी एकादशी व्रत कथा सुनी गई और पारंपरिक रूप से घरों के आंगन में मां तुलसी तथा शालीग्राम की विधिवत विवाह संस्कार आयोजित किया गया। मान्यता है कि इसी दिन से विवाह का शुभ मुहूर्त शुरू होता है। विवाह के शुभ लग्न के साथ साथ सभी प्रकार के शुभ कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा।

### तुलसी और भगवान शालिग्राम की हुई पूजा-अर्चना

**बेड़ो।** पवित्र कार्तिक मास में घर के आंगन में महारानी तुलसी व भगवान शालिग्राम के विवाह कराने का विशेष महत्व है। इसी के तहत गुरुवार की रात भक्तों द्वारा परंपरागत व धार्मिक आस्था व विश्वास से विवाह संपन्न कराया। पुजारी लाल बाबा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार आज के दिन तुलसी की पूजा की जाती है तथा विवाह का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। सभी ने तुलसी विवाह की कथा श्रवण कर भगवान को नमन किया। तुलसी विवाह संपन्न होने पर सभी भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

# गांव की आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त करना लक्ष्य : सुदेश महतो

## विकास योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को अपने विधान सभा क्षेत्र में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के क्रम में जोन्हा पचायत के भोगना बेड़ा में 300 फीट पीसीसी सड़क निर्माण राजकीय मवि जोन्हा मे 260 फीट चहारदीवारी निर्माण जिदु गांव में चबूतरा निर्माण अमरूद बगान से सीता फौल तक सात किमी सड़क कालीकरण तथा राची-पुरुलिया सड़क जोड़ी महुआ से 500 फीट पासीसी सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर विधायक श्री महतो ने कहा कि गांवों में आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सीता फॉल और गौतम घारा फॉल के सुन्दरीकरण हेतु आज सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है। मौके पर राजेन्द्र शाही मुंडा दीलीप बेदिया आदि उपस्थित थे।

# बचरा झूला पुल से सब्जी मंडी जाने का मार्ग तीन सप्ताह के लिए बंद

## झूला पुल का हो रहा है निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा झुला पुल के समीप कलवर्ट पुलिया को तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है। गुरूवार से पुल का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।पुल निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बचरा झुला पुल से लेकर बचरा सब्जी मंडी तक मुख्य मार्ग को तीन सप्ताह तक के लिए बन्द कर दिया गया है। उक्त रास्ता बन्द होने के बाद अब पिपरवार जीएम ऑफिस अशोका प्रोजेक्ट सीएचपी प्रोजेक्ट बेंती कारो बहेरा बिजैन कल्याणपुर और टंडवा के लोग अब बचरा झुला पुल से सीधे बिशुझापा होते हुए बचरा बाजारटांड़ के रास्ते आवागमण कर सकते है। वही बचरा चार नम्बर आवासीय कालोनी सहित रायएचुरीएडकराएखलारी और बुड़मू के लोग अब बचरा चार नम्बर चौक होते हुए थाना चौक के रास्ते बचरा बाजारटांड़ के रास्ते आवागमण कर सकते है। जानकारी के अनुसार बचरा झुला पुल के पास उक्त छोटे कल्वर्ट पुलिया मे बरसात के मौसम मे पानी का बहाव पुलिया के उपर से होता थाएजिसके कारण आवागमण करने वाले लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता था, जिसे देखते हुए सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा उक्त स्थान पर नया पुल बनाने की स्वीकृति दी गई है। अब पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। इस पुल के बन जाने से लोग कम दूरी तय कर सीधे बाजार पहुंच सकते हैं।

# ऑटो-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चालक सहित सात मजदूर घायल

गेतलसूद-हुंडरू फॉल मार्ग के बरवाटोली के समीप हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता







**सिकिदिरी।** गेतलसूद-हुंडरू फॉल मार्ग के बरवाटोली के समीप एक ऑटो और ट्रैक्टर की सीधी टक्कर होने से ऑटो चालक समेत ऑटो में सवार सात महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को ईलाज के लिए एम्बुलेंस से रिम्स भेज दिया है। घटना गुरुवार की शाम करीब छह बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सोसो निवासी राजीव कुमार ऑटो में सात मजदूरों को लेकर गेतलसूद से नवागढ़ पंचायत के खक्सीटोली, राजाबांध और भुकभुकिया गांव छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान बरवा टोली के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर से सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घायलों में सोसो निवासी चालक राजीव कुमार का बांया पैर टूट गया है। वहीं खक्सीटोली निवासी तारा देवी पति श्याम सुंदर भोगता का सिर फट गया है। अन्य घायलों में खक्सीटोली निवासी सुमित्रा देवी पति निर्मल भोगता, सुमित्रा देवी पति जगन्नाथ बेदिया, भुकभुकिया निवासी पैरो देवी, राजाबांध निवासी नंदन देवी पति बलय मुंडा और उसकी पुत्री चान्दनी कुमारी (16 वर्ष) शामिल हैं। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ट्रैक्टर सोसो जारा गांव के धनेश मुंडा की बताई जाती है।

## बेड़ो : सड़क दुर्घटना में दो जख्मी





**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर गुरुवार की शाम में लगभग पांच बजे करांजी पंचायत भवन के समीप बैल के सड़क में अचानक आ जाने से असंतुलित होकर बाइक सवार तुको बेड़ो निवासी 23 वर्षीय अमित तिर्की व 19 वर्षीय मर्यानुष बेग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें दिघिया पंचायत के मुखिया प्रबला केरकेट्टा व पंसस सिल्वेस्टर कच्छप ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बाइक सवार बेड़ो बाजार से अपने घर जा रहे थे कि दुर्घटना हो गई।

# सिदरौल प्रेस कॉलोनी में हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सिदरौल प्रेस कालोनी में गुरुवार को श्री श्री हनुमान मंदिर निर्माण हेतू भुमि पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष शत्रुध्न बड़ाईक ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी,शंकर भगवान और मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की जाएगी। समिति के सचिव दिलीप बड़ाईक ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य उडीसा के कारगरों के द्वारा कराया जाएगा और एक वर्स में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर निर्माण हो जाने से कालोनी के लोगों विशेषकर महिलाओं को पूजन कार्य हेतू बाहर नही जाना पडेगा। भूमि पूजन कार्य गया से आए पंडित श्याम नारायण पाण्डेय द्वारा कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, गोरखनाथ सिंह, समाजसेवी प्रदीप लकड़ा, धर्मवीर सिंह, शत्रुध्न बड़ाईक, दिलीप बड़ाईक, विनय कुमार, धर्मेंद्र दुबे, शैलेश मांझी, मृत्युंजय कुमार, अविनास सिंह, अनिस ठाकुर, सुधीर पासवान मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**नामकुम।** गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने राजाउलातू के हेसाबेड़ा गांव में भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का अनावरण किया। सांसद ने अपने कोष से प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और देवी मंडप का घेराबंदी कार्य के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। मौके पर रुद्रेश्वर राय, उमाकांत राय, दिलीप साहू, गोरखनाथ सिंह मौजूद थे।

# एसडीएम के साथ मुड़मा के ग्रामीणों की बैठक

## प्रतिमाओं को खंडित करने के मामले पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** उपायुक्त के निर्देशानुसार एसडीएम की अगुवाई में गुरुवार को मुड़मा में विखंडित मूर्तियों के मामले को लेकर ग्रामीणों की बैठक एसडीएम कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीणों ने मांग रखी कि नई मूर्तियां और उनके प्राण प्रतिष्ठा की व्यव्स्था, मंदिर परिसरों के चारों ओर चहारदीवारी, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था सहित इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग रखी गई। एसडीएम द्वारा ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल से कुल खर्च का आंकड़ा पूछे जाने पर अगली मीटिंग में इसकी चर्चा करने की बात ग्रामीणों ने की। साथ ही जब प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच पूरी हो चुकी है, तो ग्रामीणों ने इस पर कहा कि प्रशासन द्वारा मुख्य आरोपी को मरा हुआ बताया गया है पर मुख्य साजिशकर्ता के विषय में कुछ भी नहीं बताया गया है। इस घटना के मुख्य साजिशकर्ता का भी नाम सामने आना चाहिए। इस मामले को लेकर शीघ्र ही अगली बैठक रखी जाएगी। मौके पर बाबू पाठक रामतिलक साहू मनोहर साहू प्रवीण रॉय आदि मौजूद थे।

### अमर बाउरी से मिले पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता

**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकताओं ने गुरुवार को भाजपा के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी से मुलाकात किया। जानकारी के अनुसार पिपरवार मंडल में भाजपा अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के पार्टी में शामिल होने को देखते हुए विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कार्यकर्ताओं को मुलाकात के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था।

# निर्माण के साथ ही टूटने लगी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा डकरा पुल से राय चुन्ना भट्ठा तक लगभग सात किलोमीटर निर्माण किये जाने वाला सड़क बनते के साथ जगह-जगह उखड़ने लगे। सड़क का निर्माण लगभग 10 करोड़ 85 लाख की लागत से बनायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार संवेदक द्वारा तीन वर्षों से अधिक दिनों से बनायी जा रही सड़क पर जगह जगह पर सड़क बनते के साथ उखड़ने लग गयी है। देखने से प्रतीत होता है कि संवेदक के द्वारा घटिया सामग्री से निर्माण कर जैसे तैसे कार्य को समाप्त करने की तैयारी में है। सड़क पर डामर बिछाए हुए लगभग एक सप्ताह ही हुए है कि सड़क पर पिच टिक नहीं पा रही है। उक्त सड़क निर्माण में संवेदक व विभाग के अभियंता मिलीभगत कर घटिया निर्माण किया जा रहा है।

### घटिया निर्माण से ग्रामीण नाराज : श्याम सुंदर सिंह


घटिया निर्माण को देखकर खलारी डकरा के ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह से शिकायत किया गया। ग्रामीणों के शिकायत पर प्रतिनिधि ने सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कालीकरण सड़क का पिच बनने के साथ उखड़ने लगा। सड़क पर घटिया निर्माण करने से सड़क उखड़ने लगा है। संवेदक के इस कार्य को ग्रामीण नाराज है।

### नि:शक्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्मुखी कार्यक्रम

**चान्हो।** प्रखंड परिसर स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय चान्हो में गुरुवार को समावेशी शिक्षा अंतर्गत विकलांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका एवं अभिभावकगण मौजूद थे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को विद्यालय में नामांकन, ठहराव, पहचान एवं रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

## एक नजर में

### मैक्लुस्कीगंज में देखा गया हिरणों का समूह



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज वन क्षेत्र के दुल्ली जंगल में हिरणों का एक दल उछल कूद करते रात 8.00 बजे देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुल्ली जंगल से 15 से 20 की संख्या में चामा मैक्लुस्कीगंज मुख्य सड़क से पार करते नजर आया। बताया जाता है कि हिरण का समूह बसरिया केदल दुल्ली के आसपास के जंगलों से रोड के आर पार करते कई बार नजर आते देखा गया है। लेकिन वह विभाग इस बात को नकारते आती है। सूत्रों के अनुसार बीते कोरोना के समय कोंनका में हिरण के प्रजाति का शिकार किया गया था।

### हुटाप के दो लाभुकों को मिला 10 सुकर



**खलारी।** खलारी प्रखंड के हुटाप पंचायत के दो लाभुकों के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत परिसंपत्ति का वितरण किया गया। परिसंपत्ति के रूप में दोनो लाभुक शिवा कुजूर और राजेंद्र कुजुर को 5-5 सुकर दिया गया। इस संबंध में खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सत्र 2021-22 के अंतर्गत लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर सुकर उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही सुकर को खिलाने के लिय बर्तन भी वितरण किया गया है। इस वितरण के मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी भी मौजूद थी।

### राहे गांव में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास

**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को राहे गांव में बुंडू-राहे सड़क के राहे तालाब में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। पथ निर्माण विभाग के द्वारा 140 फीट गार्डवाल का निर्माण 50 लाख रुपये में किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, प्रमोद सिंह, राजपति महतो, सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल का उद्घाटन आज

**सिकिदिरी।** राजेन्द्र यूनाइटेड के तत्वावधान में 18वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का शुक्रवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में शुभारंभ होगा। उदघाटन मैच संत जॉन्स रांची व फोर एस बड़ाम के बीच अपराहन दो बजे से खेला जायगा। फाइनल मैच 10 दिसंबर को होगा। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के श्रम शक्ति विभाग के संयुक्त सचिव केके सोन होंगे। राजेन्द्र यूनाइटेड के अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा ने बताया कि टूनार्मेंट की सभी तैयारी पूरी कर की गई है। विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए नगद व ट्रॉफीएउपविजेता को एक लाख रुपए व ट्रॉफी और सेमी फाइनल तक पहुंचने वाले टीम को 25.25 हजार रुपए नगद इनाम दिए जाएंगे। मैन ऑफ द सीरीज जितने वाले खिलाड़ी को एक स्मार्ट टीवी दी जाएगी। टूर्नामेंट में रेल एफसी कोलकाता औरंगाबाद राउरकेला सेल बोकारो धनबाद दुगार्पुर पतरातु संत जोन सहित रांची के सभी टॉप टीम भाग ले रही है।

# खीराबेड़ा के ग्रामीणों में मजदूरों की सकुशल वापसी की जगी उम्मीद

## उत्तरकाशी में टनल हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता




उत्तराखंड में टनल में फंसे मजदूरों के सकुशल वापस गांव आने की उम्मीद में ग्रामीण।

**ओरमांझी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल हादसे में फंसे खीराबेड़ा गांव के तीन मजदूरों के दस दिन बाद अब बाहर आने की सूचना मिलने पर गांव के लोगों में भी उम्मीदे बढ़ गई है। सभी मजदूरों को जल्द टनल से बाहर निकले जाने की सूचना मिलते ही गुरुवार को खीराबेड़ा गांव में मजदूरों के स्वजनों के साथ ग्रामीण जमा हो गए। एक-दूसरे से गांव के बेटे कब तक लौट जाएंगे जानने को उत्सुक थे। खासकर टलन में फंसे गांव के अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया के स्वजन काफी खुश थे और अपने बेटे की सकुशल वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं इन तीनों के अलावा टनल निर्माण में मजदूरी करने उत्तराखंड गए गांव के नरेश बेदिया, ब्रजकिशोर बेदिया, राजू बेदिया, कृष्णा मुंडा, रवि बेदिया, शंकर बेदिया के स्वजन भी अपने बेटे के आने का इंतजार करने के साथ टनल में फंसे मजदूरों के स्वजन को बधाई दे रहे हैं। पंचायत के मुखिया बीरेंद्र मुंडा व वार्ड सदस्य रामकुमार बेदिया ग्रामीणों से मिलकर सभी के जल्द वापसी की जानकारी दी। मुखिया सहित ग्रामीणों ने टनल में फंसे मजदूरों को निकालने में केंद्र व उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सरहाना की। वहीं मुखिया के साथ मौके पर उपस्थित गांव के अकला बेदिया, टिलू बेदिया, सरजू बेदिया, जयवीर बेदिया, भीखु बेदिया, मंतु बेदिया, सीताराम बेदिया, ढेना बेदिया, चमनी देवी, फोला देवी, रीता देवी, सुनिता देवी आदि ने कहा कि समय बीतने के साथ स्वजनों के साथ ग्रामीणों में युवकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे, लेकिन अब लौटने की उम्मीद के साथ खुशी लौट आई है।

### दयनीय हालात के कारण करने गये थे मजदूरी

खीराबेड़ के ग्रामीणों ने बताया कि उत्तराखंड गए गांव के सभी युवा काफी गरीब हैं। इनमें से कई युवक मैट्रिक पास हैं। अपने स्वजनों की दयनीय हालात के कारण राज्य से बाहर मजदूरी करने गए थे। खीराबेड़ा में दर्जनों की संख्या में अवैध क्रशर माइंस संचालित हैं। खीराबेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार नहीं मिलने के कारण गांव के युवकों को मजदूरी के लिए पलायन करना पड़ता है।

### बिहार में शरिया कानून आने से रोकें नीतीश कुमार

# गिरिराज सिंह के बयान पर राजद-जदयू का पलटवार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर प्रदेश का इस्लामीकरण होने से बचाने का आग्रह किया है। गिरिराज सिंह ने सीएम नीतीश को बिहार में शरिया कानून लागू होने से रोकने की अपील की है और कहा कि मुस्लिम देशों में हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट निर्यात होते हैं, बिहार में भी ऐसे उत्पाद बन रहे या आ रहे हैं। गिरिराज ने अपने लिखे पत्र में कहा है कि हलाल कारोबार के अंतर्गत जिन चीजों का इस्लाम से कोई संबंध नहीं, उनका कारोबार इस्लामीकरण हो रहा है, इसलिए इसे जल्द से जल्द रोका जाए। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अपने इस बयान पर कायम हैं और यही बात उन्होंने आज फिर दोहराई। गिरिराज सिंह ने कहा, बिहार में हलाल सर्टिफाइड बैन किया जाए। मैं बिहार का नागरिक और बेगूसराय से सांसद हूं, तुष्टीकरण की घोर निद्रा में सोए हुए मुख्यमंत्री को हमने जगाने का काम किया है। केवल ये हलाल सर्टिफाइड नहीं है, बिहार से लेकर देश के बाजारों का इस्लामीकरण है।

यह जजिया टैक्स है, यह शरिया कानून है, उसको स्थापित करता है। गिरिराज सिंह ने कहा, हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर बाजार में 2 ट्रिलियन से ऊपर की उगाही है। नीतीश बाबू यह समाज को विभाजित करने वाला है। यूपी से बिहार को योगी जी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। कानून के लिए योगी जी से सीखें, तुष्टीकरण निद्रा से उठें और बिहार के इस्लामीकरण पर रोक लगाएं। बता दें कि गिरिराज सिंह के इस बयान पर जदयू और राजद की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हलाल मीट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन जनता के किस हिस्से को इससे क्या फायदा होगा?

# बिहार को विशेष दर्जा देने की मुहिम शुरू

### तेजस्वी यादव ने कैबिनेट मंत्रियों संग उठाई मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने और सरकार के द्वारा आरक्षण का कोटा बढ़ाएं जाने के बाद उसे संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करते हुए बिहार सरकार के तरफ से मुख्य सचिवालय में एक प्रेस कांफ्रेंस किया गया। इस प्रेस कांफ्रेंस में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री बिजेंद्र यादव सहित अन्य मंत्री शामिल हुए। बिहार के लिए विशेष दर्जा की मांग करते हुए वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के द्वारा पिछले 14 साल से इस दिशा में प्रयास किया गया है। जातीय गणना का काम बिहार में पूरा किया गया है।

जातियों की संख्या के साथ-साथ उनकी आर्थिक सामाजिक स्थिति के बारे में भी पूरी जानकारी मिली है। 1931 के बाद जातीय जनगणना पहली बार हुई। विजय चौधरी ने कहा कि नीति आयोग ने गरीब लोगों के जो आंकड़े प्रकाशित किए। उसमे बिहार में 33.78 प्रतिशत लोग गरीब जो जातीय आंकड़े आए उसके लिए आरक्षण का सीमा बढ़ाया गया। 94 लाख गरीब परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अभियान चलाना सरकार की प्राथमिकता है। गृह विहीन परिवार को घर बनवाना है, जिनको आमदनी है, उनको 2 लाख देकर आमदनी बढ़वाना है। इन सब के लिए 2.5 लाख करोड़ की जरूरत है जो 5 वर्षों में पूरा किया जाएगा। यह हमारे संसाधन के अनुसार बूते की बाहर की बात है इसलिए हम विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं.वहीं विजय चौधरी ने कहा कि बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई है। इसे संविधान के 9वीं अनुसूची में डाला जाए ताकि ये आरक्षण कानून किसी अनावश्यक विवाद में ना आए। बिहार सरकार के फैसले को न्यायिक पचड़े से बचाने के लिए केंद्र सरकार आरक्षण का दायरा बढ़ाए जाने के लिए संविधान संशोधन करें। बीजेपी कहती है कि हम आरक्षण विरोधी नहीं हैं यह साबित करे। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि 2 अक्तूबर का दिन ऐतिहासिक रहा। उसी दिन जातीय गणना की रिपोर्ट पेश की गई। बिहार पहला राज्य है जिसका खुद का साइंटिफिक डेटा है। देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और गरीबी है। आंकड़ों में स्पष्ट है हर जाति में गरीबी है। अविलंब भारत सरकार बड़े हुए आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डाले और बिहार को गरीबी से मुक्त करने लिए विशेष दर्जा दे। विशेष राज्य का दर्जा की मांग करते हुए मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि बिहार विकाश के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 21- 22 में 10.98 फीसदी ग्रोथ रेट हासिल किया यह देश में तीसरा था। प्रति व्यक्ति आय 54.4 हजार, देश का 1.5 लाख। यह गैप कैसे दूर होगा। हम इसी गैप को खत्म करके के लिए विशेष दर्जे की मांग कर रहे हैं। अन्य राज्यों के मुकाबले बराबरी पर खड़ा होना हमारा हक है। वहीं मंत्री अशोक चौधरी ने बीजेपी से मांग करते हुए कहा कि विशेष दर्जा के लिए बिहार बीजेपी के नेता प्रधानमंत्री के पास प्रतिनिधि मंडल लेकर जाए और विशेष दर्जा की मांग करे।

एक नजर में

## आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलेगी अनुदान राशि की पहली किस्त



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आत्मसमर्पण करने वाले लातेहार जिले के छह नक्सलियों को एक लाख रुपये अनुदान राशि की पहली किस्त जल्द मिलेगी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जिन नक्सलियों को अनुदान राशि की पहली किस्त मिलेगी उसमें रघुनाथ सिंह, दशरथ उरांव, सत्येंद्र उरांव, संजय प्रजापति,अनिल उरांव एवं मोहन परहिया का नाम शामिल है। मालूम हो कि झारखंड सरकार ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए नयी नीति बनायी है। इस नयी नीति के तहत नक्सलियों को ए एवं बी श्रेणी में विभाजित किया गया है। श्रेणी ए में जोनल कमांडर और उसके ऊपर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान के रूप में छह लाख रुपये देने की नीति बनी है। जिसमें से दो लाख रुपये का भुगतान आत्मसमर्पण के तुरंत बाद किया जायेगा। वहीं बाकि बचे चार लाख दो किस्त में दिये जायेंगे। एक वर्ष बाद एक किस्त में दो लाख और दूसरी किस्त दो वर्ष बाद सरेंडर करने वाले नक्सली की गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी। इसके अलावा श्रेणी-बी में जोनल कमांडर से नीचे स्तर के नक्सलियों को रखते हुए पुनर्वास अनुदान तीन लाख रखा गया है। इसमें से एक लाख रुपये का भुगतान तत्काल सरेंडर के बाद किया जायेगा। बाकि दो लाख रुपये दो बराबर किस्तों में दिये जाएंगे। एक किस्त के एक लाख रुपये एक वर्ष बाद और दूसरी किस्त (एक लाख) दो वर्ष बाद सरेंडर नक्सली के गतिविधियों की छानबीन के बाद दी जायेगी।

### एमपी विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए

## झारखंड होमगार्ड के कंपनी कमांडर हुए सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एमपी विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए झारखंड होमगार्ड के कंपनी कमांडर संजीव कुमार सम्मानित किया गया है। संजीव कुमार को मध्य प्रदेश के सिवनी जिला के एसपी राकेश कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि संजीव कुमार ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान प्रतिनियुक्त किये गये झारखंड होमगार्ड के जवानों को अनुशासन बनाये रखने में और उनके रहने-खाने का प्रबंध प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अच्छी तरह से किया। जिसको लेकर सिवनी जिले के एसपी ने कंपनी कमांडर को सम्मानित किया।

### उपायुक्त ने मलेरिया प्रभावित गांव का दौरा किया

**गोड्डा।** सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ा सिंदरी पंचायत के कुछ गांवों में मलेरिया रोग से कतिपय व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों के ग्रस्त होने के मामले सामने आने लगे हैं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मलेरिया प्रभावित गांवों में रोग के रोकथाम एवं बचाव की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जीशान कमर, उपायुक्त ,गोड्डा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुल 15 मेडिकल टीमों का गठन का बड़ा सिदरी पंचायत के सभी 16 गांवों का मास सर्वे कराया जा रहा है।

### नए छात्रों का अभिप्रेरण कक्षा का हुआ आयोजन

**दुमका।** एसपी कॉलेज परिसर में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र (3604) द्वारा जुलाई 2023 सत्र के नव-प्रवेशी छात्रों के लिए एक अभिप्रेरण कक्षा का आयोजन गुरुवार को हुआ। इसका कक्षा का आयोजन मूल रूप से छात्रों के द्वारा लिए गए विषय के संबंध में मूल जानकारी जैसे कक्षा के आयोजन, सत्रीय कार्य के प्रारूप एवं लेखन, परीक्षा एवं अन्य तकनीकीविषयों से अवगत कराना था। इन विषयों की जानकारी प्रदान करने के लिए देवघर क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक अरविंद मनोज सिंह उपस्थित रहे। सहायक निदेशक श्री सिंह ने विस्तार से इन सभी विषयों पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने इग्नू से संबंधित विभिन्न तकनीकी पक्षों एवं इसके महत्व को विस्तार से बताया।

## मुख्य नई डाकघर भवन और पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन आज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज गोड्डा पोस्ट ऑफिस के नए भवन में झारखंड के पोस्टमास्टर जनरल झारखंड प्रमंडल राकेश कुमार ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इस नए पोस्ट ऑफिस भवन का उद्घाटन गोड्डा सांसद डा० निशिकांत दुबे कल 24 नवंबर 2023 को दिन में 1–30 बजे अपने कर कमलों द्वारा इस नए भवन का उद्घाटन करेंगे जो सज धज कर खड़ी है इस क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए। साथ ही इसी भवन में पासपोर्ट सेवा केंद्र की सेवा भी कल से विधिवत प्रारंभ हो जायेगी। पोस्ट मास्टर जनरल राकेश कुमार ने बताया की इस महत्वपूर्ण और आवश्यक पीएसके का गोड्डा में प्रारंभ होना यहां के सांसद डा० निशिकांत दुबे की अथक प्रयासों की वजह से ही संभव हो पाया। अब क्षेत्र वासियों को पासपोर्ट के लिए रांची, पटना, दिल्ली भटकने की आवश्यकता नहीं। ये पासपोर्ट केंद्र जिले का पहला और झारखंड का 15वां केंद्र होगा जिसका उद्घाटन केंद्रीय विदेश मंत्री एस जय शंकर ऑन लाइन करेंगे।

### जिला अधिवक्ता संघ के सभी 38 प्रत्याशियों का पर्चा रहा सही

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ के 16 सदस्यीय नये कार्यकारिणी समिति के चुनाव के मद्देनजर दाखिल नामांकन पत्रों की गुरुवार को जांच हुई। सभी नामांकन पत्र सही पाये गये। संघ के चुनाव समिति के निवार्ची पदाधिकारी अमर जीवन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी मो. राजा और शिव शंकर चौधरी द्वारा विभिन्न पदों के लिए दाखिल 38 नामांकन पत्रों की जांच हुई। इस तरह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक पद और कार्यकारिणी समिति सदस्य के नौ पदों सहित 16 सदस्यीय कमेटी के विभिन्न पदों के लिए कुल 38 अभ्यार्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया हैं।

## अबुआ आवास के विषय में पंचायत प्रतिनिधियों को एसडीओ महगामा ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकताओं, दालों के कार्यकताओं आदि के साथ बैठक कर अबुआ आवास सहित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही साथ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम से शिविर की तैयारी को लेकर भी बातचीत किया। कहा की गांव, टोले, मोहल्ले, पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कर योग्य लाभुकों को अबुआ आवास के तहत किचन सहित तीन कमरे का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। झारखंड राज्य सरकार की ओर से यह योजना चलाई गई है। सबसे पहले योग्य लाभुकों को पंचायत स्तर पर आवेदन देना होगा। उस आवेदन को ऑनलाइन सूचीबद्ध किया जाएगा और फिर जांच पड़ताल के बाद बिल्कुल शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को ही अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा। पंचायत कार्यकारिणी समिति में पारित भी कराया जाएगा। गृह विहिन, कच्चा मकान, टट्टी मकान, अधूरा मकान, गरीब, अति गरीब के साथ-साथ संबंधित आवेदको की अन्य प्रकार की स्थिति का जायजा लेकर उसके आकलन के आधार पर ही अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा।



## अबुआ आवास योजना को लेकर जागरूकता रथ रवाना



रवाना करते डीसी

**गढ़वा।** समाहरणालय गढ़वा परिसर से गुरूवार को अबुआ आवास योजना को लेकर जन जागरूकता रथ को डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय एवं जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने बताया कि जन जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर आमजनों को अबुआ आवास योजना के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। जिससे वह अपने निकटतम पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविरों में जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में आयोजित होने वाली शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मौके पर सिविल सर्जन डा. अवधेश सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दिसोम मांझी थान में धूमधाम से हुआ जानथाड़ पूजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दिसोम मांझी थान में दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी की अध्यक्षता में धूम-धाम से जानथाड़ पूजा मनाया गया। सुबह स्नान कर सर्वप्रथम दिसोम नायके बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में भक्तों ने दिसोम जाहेर थान में पूजा अर्चना किया। इसके बाद पूजा में बलि के रूप में दी गई मुर्गा को सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मान्यता है कि खेतों से धान को घरों तक उठाने से पहले जानथाड़ पूजा किया जाता है। इसके पश्चात ही खेतों से धान को घरों तक ले जाया जाता है। इस अवसर पर संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों से मांझी बाबा, पाराणिक एवं आतू मोड़ें होड़ समेत संताल आदिवासी के लोग अपने परंपरा वेश-भूषा में शामिल हुए।

# उपकरण आयात को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करेगा कोल इंडिया, बनी योजना

### भारी मशीनरी के घरेलू विनिर्माण पर बनी उच्चस्तरीय समिति ने कोयला मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नई दिल्ली।** कोल इंडिया मेक इन इंडिया अभियान को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत के मूल सिद्धांतों के तहत आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय खनन क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) की अध्यक्षता में एक अंतः विषय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया।

समिति को हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) और हाई वॉल माइनर्स, मानक तथा कम क्षमता वाले खनिक एवं संबंधित सहायक उपकरण सहित भूमिगत खनन उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की सिफारिशें करना था। यह अनुमान लगाया गया है कि कोयला 2030 के बाद भी प्रमुख ऊर्जा स्रोत के रूप में बना रहेगा। इस प्रकार समिति को देश में अगले 10 वर्षों में खुली और भूमिगत खदानों के लिए उपकरणों की भारी आवश्यकता की उम्मीद थी। उसने अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समिति में भारी उद्योग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, एससीसीएल, एनएलसीआईएल, एनटीपीसी, डब्ल्यूबीपीडीसीएल, बीईएमएल, कैटरपिलर, टाटा हिताची, गेनवेल, उद्योग संघ और विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

**कोल इंडिया 35 सौ करोड़ रुपये का उपकरण आयात करता है :** कोल इंडिया वर्तमान में इलेक्ट्रिक रोप शॉवेल्स, हाइड्रोलिक शॉवेल्स, डंपर, क्रॉलर डोजर, ड्रिल, मोटर ग्रेडर और फ्रंट-एंड लोडर व्हील डोजर जैसे उच्च क्षमता वाले उपकरण का आयात करता है। इसकी कीमत 3500 करोड़ रुपये है। इससे सीमा शुल्क में 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च होता है। इन आयातों पर अंकुश लगाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कोल इंडिया ने अगले छह वर्षों में आयात को धीरे-धीरे समाप्त करने की एक रणनीतिक योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर निर्मित उपकरणों को प्रोत्साहित और विकसित करना है। खास बात यह है कि उच्च क्षमता वाली मशीनें पहले से ही घरेलू निमार्ताओं से खरीदी जा रही हैं।



समिति ने कोल इंडिया के मौजूदा उपकरण मानकीकरण प्रयास के अनुरूप, कैप्टिव/ वाणिज्यिक खदान ऑपरेटरों एमडीओ/ आउटसोर्सिंग ठेकेदारों और विभागीय उपकरणों के लिए घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उपकरणों के मानकीकरण की सिफारिश की है। इसने यह भी सिफारिश की है कि निविदा शर्तों में मेक इन इंडिया मिशन का समर्थन करने के लिए स्वदेशी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

समिति ने इसके अलावा मेक इन इंडिया पहल के तहत पांच साल के लिए भारत में उपकरण डिजाइन करने, विकसित करने और बनाने के लिए निमार्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक योजना का भी सुझाव दिया गया है। सीआईएल ने तैनात किए जाने वाले खनन उपकरणों का व्यापक मानकीकरण किया है।

**घरेलू उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करना उदेश्य :** इसका उद्देश्य उत्पादकता से समझौता किए बिना कोयला उत्पादन, परिवहन और निगरानी में घरेलू स्तर पर निर्मित उपकरणों का व्यापक उपयोग सुनि>ित करना है। मेक इन इंडिया पहल को आगे बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने मानकीकरण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह पहल न केवल विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करती है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप भी है।

ज्ञात हो कि स्वदेशी उपकरण क्षमताओं को बढ़ावा देने से आयातित उपकरणों की ब्रेकडाउन अवधि में भी कमी आएगी, जो अक्सर स्पेयर पाट्र्स की कमी के कारण गैर-परिचालन में रहते हैं। यह आवश्यक भागों और सामग्रियों पर शुल्क प्रतिबंधों के साथ इंजन, ट्रांसमिशन सिस्टम, डिफरेंशियल और मोटर्स जैसे प्रमुख समुच्चय का निर्माण करके हासिल किया जाएगा।

कोल इंडिया लिमिटेड ने पहले ही उच्च क्षमता वाले एचईएमएम और उन्नत टिकाऊ खनिकों की खरीद शुरू कर दी है, जो बढ़ी हुई दक्षता और सुरक्षा के लिए वास्तविक समय स्थिति ट्रैकिंग के साथ दूरस्थ पर्यवेक्षण में सक्षम हैं। एचईएमएम के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास चल रहे हैं। प्रौद्योगिकी और क्षमता के उन्नयन के साथ-साथ ओपनकास्ट (ओसी) और भूमिगत (यूजी) खनन दोनों के लिए खनन उपकरणों के उत्पादन के लिए घरेलू निमार्ताओं की पहचान की गई है।

**कोल इंडिया ने शुरू कर दी है बीआईपी और एलएचडी इकाई :** इसके अलावा कोल इंडिया ने बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) लोड हॉल डंप (एलएचडी) इकाइयां भी शुरू की हैं, जो बेहतर वेंटिलेशन करती हैं। लागत में भी बचत करती हैं। कोल इंडिया डिग्री-क्क्ष खदानों में संभावित बीईवी एलएचडी के साथ उच्च रिकवरी, कम लागत और बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए इन प्रौद्योगिकियों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ये पहल भारत में कोयला खनन में नवाचार और स्थिरता के साथ बदलाव ला रही हैं। इसके अलावा, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपकरण निमार्ताओं के साथ साझेदारी और सहयोगी उद्यमों को बढ़ावा देना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेक इन इंडिया पहल के तहत गैर-कार्यात्मक और कम उपयोग वाली सरकारी बुनियादी सुविधाओं का उपयोग करने के तरीके भी तलाशे जा रहे हैं।

यह पहल विनिर्माण शक्ति केन्द्र बनने की भारत की क्षमता का एक प्रमाण है। एचईएमएम में मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए कोयला मंत्रालय का लक्ष्य एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना है जो नवाचार का समर्थन करे, कार्यबल को सशक्त बनाए और अर्थव्यवस्था को मजबूत करे।

## जेवरात समेत अन्य सामान बरामद, चार चोर गिरफ्तार, गए जेल



**दुमका।** शहर मे लगातार हो रहे चोरी को लेकर दुमका पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए छपामारी कर चार अपराधी को धर दबोचने में कामयाब रही। इन चोरों के पास से चोरी किए गये जेवरात समेत अन्य सामानो को भी बरामदगी पुलिस करने में सफल रही। इसकी जानकारी गुरुवार को प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। एसपी ने बताया कि पिछले 19 और 20 नवम्बर की रात्री मे चोरो ने शहर के दुधानी हीरो शोरुम के पीछे और पुलिस लाइन के पीछे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इन दोनो घटना में चोरों ने लाखो रुपए के समान और नगदी समेत एक कार भी चोरी कर ली थी। दोनों घटना नगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित गृहस्वामी संजय कुमार ने लिखित आवेदन नगर थाने को देकर बताया था कि 19 नवम्बर की रात्री में उनलोगों की अनुपस्थिति में तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा उसके घर का ताला तोडकर घर से, डेल कम्पनी का लैपटॉप, सोने-चाँदी के आभूषण, बोट कम्पनी का हेडफोन, फास्टट्रेक कम्पनी का घड़ी आदि सामानों की चोरी कर लिया गया है। वारदात की सारी घटना सीसीटीवी में रिकार्ड हुआ है। जिसके आधार पर दुमका नगर थाना काण्ड सं-271/2023 के भादवी की धारा 379 में मामला दर्ज कर पुलिस काण्ड का अनुसंधान में जुट गई थी।

# बिना हेल्मेट, सीट बेल्ट की अनदेखी और शराब पीकर गाड़ी चलाया तो खैर नही

## डीसी ने की यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिये सख्त निर्देश

### नियमों की धज्जी उड़ाने 299 लाईसेंस रद्द, विभाग ने वसूला 35 .17 लाख जुर्माना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। बैठक में अक्टूबर माह में हाईवे पर हुई दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग, यातायात पुलिस एवं ब्लैक स्पट को लेकर की गई कार्रवाई की क्रमवार समीक्षा की गई। हालांकि गत माह के आंकड़ों की समीक्षा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी पाई है, इसपर सड़क सुरक्षा उपायों को और दुरुस्त करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाने का निदेश दिया गया।



यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते डीसी मंजूनाथ।

### बिना हेल्मेट न बैठें न चलाएं दो पहिया वाहन

डीसी ने समीक्षा के क्रम में कहा कि अधिकतर दुर्घटनायें जिनमें जानमाल की क्षति हुई है उनमें गलत दिशा में ड्राइविंग और तेज गति से वाहन चलाना प्रमुख कारण रहे हैं। उन्होने स्पष्ट कहा कि सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई के साथ साथ आमजनों को खुद भी जागरूक होते हुए अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना होगा। उन्होने अपील किया कि बगैर हेल्मेट कोई भी व्यक्ति दो पहिया वाहन नहीं चलायें ना ही पीछे बैठकर सफर नहीं करें। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होने शिक्षा एवं परिवहन विभागीय पदाधिकारी को युवा वर्ग को लक्षित कर स्कूलों एवं कलेजों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिले में पूर्व में चिन्हित 06 ब्लैक स्पॉट में गत माह कोई भी दुर्घटना नहीं हुई। कुल 26 सड़क दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मृत्यु हुई वहीं 16 लोग घायल हुए। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की कारणों की समीक्षा में परिवहन, नेशनल हाईवे, पुलिस विभाग के पदाधिकारी को कई दिशा-निर्देश दिए। हाईवे में गलत दिशा में भारी वाहन का परिचालन तथा धालभूमगढ़ क्षेत्र में हाईवे पर अवैध पार्किंग से हो रही सड़क दुर्घटनाओं की लगातार शिकायत पर परिवहन, पुलिस एवं एनएचएआई को संयुक्त टीम गठित करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई का निदेश दिया गया।

### ड्रंक एंड ड्राइव में करें एफआईआर

डीसी ने कहा कि सड़क जहां घुमावदार हो वहां साइनेज जरूर लगायें, पर्याप्त रिफ्लेक्टर लगायें जिससे वाहन चालक पहले से सचेत हो जाएं। कमारीगोड़ा पेट्रोल पंप के पास हाईवे से कनेक्टिंग रोड में रंबल स्ट्रिप लगाने, डिमना लेक के पास हलुदबनी मुख्य मार्ग में साइनेज एवं रिफ्लेक्टर लगाने का निदेश दिया गया। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में लगातार सघन जांच अभियान चलाते हुए दोषियों के विरूद्ध एफआईआर का निदेश दिया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध की गई कार्रवाई में अक्टूबर माह में 299 लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वहीं वाहन जांच अभियान में यातायात पुलिस ने 35 लाख 17 हजार रूपए का जुर्माना वसूला। हिट एंड रन के मामलों की समीक्षा में इंश्योरेंस कंपनियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का निदेश दिया गया जिससे पीड़ित परिवार को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण सड़क दुर्घटनायें नहीं हो इसे लेकर उत्पाद विभाग को हाईवे किनारे के लाइन होटल एवं ढाबों में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध सघन जांच का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, एनएचएआई के पदाधिकारी, तकनीकी विभागों के पदाधिकारी, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि, इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि तथा अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी ऑनलाइन इस बैठक से जुड़े।

## स्पीड न्यूज

### वाराणसी में संगीत के स्वर गंगा बहाएंगे लौहनगरी के कलाकार

**जमशेदपुर।** बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में मां गंगा के पावन तट पर प्रतिष्ठित संस्था 'शिल्पायन' द्वारा 'देव दीपावली' के पावन अवसर पर अयोजन होने वाले कार्यक्रम 'सुबह-ए-बनारस' में शहर के जाने माने शास्त्रीय संगीत गायक मनमोहन सिंह, सुभाष बोस, अमिताभ सेन और अनिल सिंह प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की जानकारी शहर के जाने माने गायक व संगीत गुरु अनिल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 27 नवम्बर को सभी कलाकार गंगा तट पर अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रस्तुति के दौरान अमिताभ सेन ताबला, सुभाष बोस सीतार वहीं अनिल सिंह हारमोनियम पर संगत करेंगे। साथ ही अपनी मधुर स्वर से वाराणसी के लोगों का मनोरंजन भी करेंगे। कार्यक्रम में 'जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल' परिवार के पवन कुमार चौबे, वर्षा चक्रवर्ती भी कलाकारों को सहयोग करेंगें।

### यूसील के सहयोग से रेडक्रॉस का हेल्थ कैंप



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा यूरेनियम कारपोरेशन अफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस महीने का तीसरा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर यूसील कमांड क्षेत्र स्थित मुर्गाघुट्टू में सम्पन्न हुआ। 102 ग्रामीणों की जांच मैं जरूरत के अनुसार दवा, चश्मा व आंखों के अपरेशन हेतु नेत्र रोगियों का चयन नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ जया मोइत्रा एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया गया। शिविर का संचालन रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। शिविर में रेड क्रस कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, आशीष सिंह तथा यूसील के बालष्ण भट्टाचार्य एवं गाजिया हासदा उपस्थित थें। इस माह का चौथा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर 30 नवम्बर को पोटका के कदमा ग्राम स्थित आसेका भवन में आयोजित किया जायेगा।

### छगनलाल की स्मृति में रेडक्रॉस का अगला नेत्र शिविर कल से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 699वां नेत्र शिविर छगनलाल दयालजी सन्स लि. के संयोजन में स्व. रसिकलाल छगनलाल दयाल जी के स्मृति में 25 से 27 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। 25 नवम्बर को नेत्र रोगियों की जांच होगी, जिसमें मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा साथ ही आंखो की अन्य बीमारियों के मरीजों को जरूरत के अनुसार परामर्श व दवा प्रदान किया जायेगा।

### महिला कॉलेज घाटशिला में रक्तदान शिविर आज


जमशेदपुर। बलदेव दास संतलाल महिला कॉलेज, घाटशिला में रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार 24 नवम्बर को किया गया है। कॉलेज प्रबंधन तथा रेड क्रस ने कलेज के छात्राओं, अभिभावकों, प्राचार्य एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ जागरुक लोगों से रक्तदान शिविर में रक्तदान करने का आग्रह किया है। रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से संध्या 3 बजे तक संचालित होगा।

### टाटा स्टील कर्मी राजू कुमार ने किया 18 वां एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम के तहत आज टाटा स्टील कर्मी राजु कुमार ने अपना 18वां एसडीपी दान किया, इसके साथ ही उन्होने अपना 35 रक्तदान पूरा किया। राजु का उत्साह बढाने के लिए जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी, रेड क्रस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह उपस्थित थें। उन्होने राजू को सम्मानित किया।

### आदर्श बाल मध्य व उच्च विद्यालय के छात्रों का काउंसिलिंग करेगा मंच



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, टाटानगर की एचिवर शाखा के पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को कदमा शास्त्रीनगर स्थित आदर्श बाल मध्य एवं उच्च विद्यालय का दौरा किया गया। इस मौके पर भारतीय तरुण संघ के अध्यक्ष डॉ एम एस सिंह 'मानस' और विद्यालय की प्रिंसिपल सुश्री देवप्रिया रस्तोगी ने पुष्पगुच्छ देकर सभी का स्वागत किया। मारवाड़ी युवा मंच की अचीवर ब्रांच के संस्थापक अध्यक्ष सुगम सारीवाला, अध्यक्ष रवि गुप्ता और प्रतीक अग्रवाल ने विद्यालय का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों के लिए हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया।

# अवैध खनन और खनिज भंडारन के मामले में तुरंत दर्ज करें एफआइआर : उपायुक्त

## मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं खनिजों के अवैध भंडारण के रोकथाम को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीसी ने जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध हो रहे कार्यों की समीक्षा कर अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने व किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



खनन टास्क फोर्स की बैठक करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।

जिलांतर्गत बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर राजस्व का किसी प्रकार से नुकसान नहीं हो इसे सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। भजन्त्री ने जिला खनन पदाधिकारी संजय शर्मा को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। इस वर्ष अबतक अवैध खनिज कारोबर से जुड़े 57 छापेमारी में 28 एफआईआर दर्ज कराये गए हैं, 78 वाहनों को सीज किया गया वहीं करीब 18 लाख रूपए जुर्माना वसूला गया।

### अवैध खनन, परिवहन एवं खनिज भंडारण के विरूद्ध सख्ती के दिये निर्देश

डीसी ने इसे नाकाफी बताते हुए कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत संचालित फैक्ट्रियों में नियमानुसार प्रदूषण जांच का निदेश दिया गया।

बैठक में ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम ल एंड अर्डर श्री राजीव रंजन, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, जिला खनन पदाधिकारी संजय शर्मा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय, अंचल अधिकारी मानगो, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने कुचाई में प्रसूति प्रशिक्षणालय का उद्घाटन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**कुचाई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई में एक नवनिर्मित बर्थ वेटिंग हॉल का उद्घाटन किया, जिसे प्रसूति प्रतीक्षालय के नाम से भीजाना जाता है। इसे हाल ही में 11 सितंबर, 2023 को डुमरिया में पहले उद्घाटन के बाद बनाया गया है। तीसरे हॉल का भी इस साल के अंत में उद्घाटन होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में दशरथ गागराई, (विधायक, खरसावां), रविशंकर शुक्ला, (उपायुक्त, सरायकेला खरसावां), डॉ अजय कुमार सिन्हा, (सिविल सर्जन) और सौरव राय, (चीफ एग्जीक्यूटिव अफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन) उपस्थित थे। टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव अफिसर, सौरव रय ने कहा, हमें उम्मीद है कि झारखंड में कोल्हान क्षेत्र के सुदूर इलाकों में स्थापित किया जा रहा प्रसूति प्रतीक्षालय संस्थागतप्रसव की दक्षता पर जागरूकता बढ़ाएगा।

## एनआइटी में उद्योग-शैक्षणिक सम्मेलन का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर 23-25 नवंबर तक तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। कन्क्लेव का उद्देश्य भविष्य के औद्योगिक विस्तार के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच संबंध स्थापित करना है। कन्क्लेव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप उत्तम सिंह (उपाध्यक्ष, आयरन मेकिंग टाटा स्टील), सम्मानित अतिथि के रूप राजीव कुमार (जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार), अरविंद चौबे निदेशक एनआईटी दुर्गापुर, ड. शुभ्रोकमल दत्ता, उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया तथा स्मारिका का अनावरण किया गया। प्रो. एम के. सिन्हा, डीन (आर एंड सी) ने बताया कि देश के सभी हिस्सों से संकायों, अनुसंधान विद्वानों, उद्योग जगत के विषेशज्ञों सहित कुल 355 प्रतिभागी सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक डा. गौतम सूत्रधर ने सभी अतिथियों को शल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि उत्तम सिंह ने देश के विकास के लिए उद्योग-अकादमिक साझेदारी की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज की दशा और दिशा को पूरी तरह से बदल सकते हैं। अन्य अतिथियों ने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच बहुआयामी संवाद के विभिन्न पहलुओं को संबोधित किया।

## माता अहलवाती के भजन पर झूम उठे श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा दो दिवसीय 24वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर प्रथम दिन गुरूवार को मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में सुबह से लेकर देर रात तक भजनों संग बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। आज के इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। उन्होंने बाबा श्याम की पूजा अर्चना की और झारखंड में सुख, शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी। इससे पहले सुबह श्री सामूहिक श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को श्री श्याम पाठ का सागार हुआ। सुबह की पूजा यजमान नीतू-पवन अग्रवाल और शाम की पूजा यजमान सुधा-बन्ना गुप्ता ने की। पंडित नाथु लाल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। हजारों भक्तों ने श्याम बाबा का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। देर रात महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया। कोलकाता की आमंत्रित कलाकार प्रिया पोद्दार और दिनेश अग्रवाल द्वारा सुयंक्त रूप से बाबा श्याम पाठ का वाचन किया गया। कलाकार प्रिया पोद्दार द्वारा धरती झूमे, अम्बर झूमे, झूम उठ्यो संसार माता अहलवाती के आंगणिए में श्याम लियो अवतार भजन प्रस्तुत करते ही सभी भक्त नाचने लगे। कोलकाता की ममता बिहानी एण्ड टीम द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की गयी। स्थानीय कलाकार एन ष्णामुर्ति ने गणेश वंदना से भजनों के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सफल संचालन किया।

## थियेटर आर्टिस्ट से ऊंचा होता है माइम आर्टिस्ट का स्किल

### माइम आर्टिस्ट शुभ्रा और कमल ने कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर। माइम कलाकार कमल नशकर और शुभ्रा सान्याल का मानना है कि माइम आर्टिस्ट का स्किल थिएटर आर्टिस्ट से ऊंचा होता है। इस संवाददाता से बातचीत में इन दोनों कलाकारों ने बताया कि चार्ली चौपलिन मूक अभिनय करते थे लेकिन उनका ड्रेस बदल जाता था, बाकी के सामान भी बदल जाते थे। माइम में ऐसा कुछ नहीं होता। सेम ड्रेस में, सिंगल ड्रेस में आर्टिस्ट को परफर्म करना होता है जो बेहद मुश्किल भरा होता है। कमल और शुभ्रा ने बताया कि पहले की तुलना में अब माइम आर्टिस्ट को ज्यादा धन मिलता है लेकिन फिल्मों में अभिनय करने वाले कलाकारों से उन्हें अभी भी बेहद कम पारिश्रमिक मिलता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि स्टोरी का सिलेक्शन शुभ्रा और वो (कमल) मिल जुल कर करते हैं लेकिन स्क्रिप्ट लिखने का काम कमल ही करते हैं। इन दोनों ने बताया कि उनका देश भर में कई ट्रेनिंग सेंटर चल रहे हैं। ट्रेंनिंग सेंटर में वह लोगों को माइम आर्टिस्ट बनाने के गुर सिखाते हैं। वह झारखंड में भी एक ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोलना चाहते हैं। गौरतलब है कि शुभ्रा और कमल पति-पत्नी हैं और बुधवार को स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे बाल मेले में अपना परफर्मेंस देने जमशेदपुर आए थे।

## नयी शिक्षा नीति को लागू करना बेहद जरूरी : रेजाउल करीम बड़भूईयां

### बाल मेला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनसीईआरटी के ड. रेजाउल करीम बड़भुइया ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करना आज देश की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि मिक्स अफ सबजेक्ट अच्छी बात है लेकिन बच्चा इसके लिए कितना तैयार है, संस्थान इसके लिए कितना तैयार हैं, ये भी देखना पड़ेगा। यह सच हे कि इस शिक्षा नीति का मकसद भारत को आगे बढ़ाना है। लेकिन हमें इस पर भी मनन करना होगा कि सोसाईटी आगे बढ़ने को तैयार है अथवा नहीं। वह स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तरफ से आयोजित बाल मेले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित सेमिनार में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि सच को सच और झूठ को झूठ समझ पाना आज की बड़ी चुनौति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नई तकनीक पर बहुत जोर दे रही है। एनसीईआरटी ने सलाह दी है कि एक साल का ब्रिज कोर्स चलाया जाय ताकि बच्चे और संस्थान दोनों अपने मकसद में कामयाब हो सके। उन्होंने कहा कि पलिसी को शुद्ध रूप से लागू करने के लिए पूरी सोसाईटी, बच्चे, संस्थान और शिक्षक सभी को मानसिक रूप से तैयार रहना पड़ेगा। इसके लिए निरंतर मेहनत करने की बहुत आवश्यकता है। डॉ संध्या सिन्हा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पृष्ठभूमि विषय पर कहा कि भारत में सबसे पहले गुरूकुल शिक्षा प्रणाली थी। 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई, जिसमें 10+2+3 को अपनाया गया। इसके बाद अपरेशन ब्लैक बोर्ड लान्च किया गया। मनोज कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाना, रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करना और नलेज सुपर पावर बनाना है। संजय गुईयां ने कहा कि 75 साल पहले जिस शिक्षा नीति पर हम चले, उससे हमने काफी कुछ हासिल किया। लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से हम पुराना गौरव हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस नीति में पर्याप्त लचीलापन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि इस नीति के लागू होने से दस से पंद्रह साल में पूरा देश बदल जायेगा। उन्होंने अपने दौर को याद करते हुए कहा कि पहले किसान सबसे उपर था, व्यापार करने वाला मध्य में था, जबकि नौकरी करने वाला सबसे अंत में गिना जाता था। अब यह एकदम से उलट गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल, युक्रेन और रूस में युद्ध हो रहा है, जिससे किसी का भला नहीं हो रहा है। भारत में इस बात को लेकर मंथन होना चाहिए और लगातार होनी चाहिए कि भारत आगे कैसे बढ़ेगा।



सेमिनार को संबोधित करते बड़भुइयां।

## खबर एक नजर में

### कैंसर पीड़ित के लिए जयेश ने किया एडीपी दान



जमशेदपुर। जमशेदपुर ब्लड बैंक में सिंगल डोनर प्लेटलेट की आवश्यकता होने पर आनंद मार्ग के सुनील आनंद के आनंद मार्गी सुपुत्र जयेश ने चौथी बार कैंसर पीड़ित के स्वास्थ्य लाभ के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेट किया। सुपुत्र जयेश कुमार का 15वां रक्तदान भी है। जैसे ही जयेश ने नेक काम किया उसका कई माह से लटका सॉफ्टवेयर इंजीनियर का ज्वाइनिंग लेटर भी कंपनी से ऑन लाइन मिल गया। यह तोहफा पाकर जयेश खुशी से फूले नहीं समा रहा। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स जरूरत की खबर व्हाट्सएप के माध्यम से आनंद मार्ग संस्था से जुड़े रक्त वीरों के बीच एसडीपी देने की अपील की गई थी। एसडीपी देने के पहले एसडीपी दाता को अपना पूरा चेकअप करवाना पड़ता है एवं कम से कम डेढ़ लाख से ज्यादा प्लेटलेट्स काउंट होना चाहिए तभी कोई भी व्यक्ति प्लेटलेट्स दे पाएगा। सब पास होकर कैंसर पीड़ित मरीज की जान बचाने के लिए जयेश आगे आए। जमशेदपुर ब्लड बैंक के जनरल मैनेजर संजय चौधरी, ब्लड बैंक के डॉ एल बी सिंह एवं आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने प्रशस्ति पत्र देकर जयेश को सम्मानित किया।

### एनटीटीएफ में दो दिवसीय 'टेक फेस्ट' का शुभारंभ



जमशेदपुर। गोलमुरी स्थित आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिटच्यूट, एनटीटीएफ, में दो दिवसीय 'टेक फेस्ट' का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। अपनी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आधुनिक भारत का भविष्य, अपने नई-नई इन्नोवेशंस के साथ दिखाया। टेक फेस्ट का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलं कर हुआ।संस्थान की प्राचार्य प्रीता जन ने बताया कि एनटीटीएफ हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी टेक फेस्ट का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की नई सोच, इनोवेशन व उनके तकनीकी क्षमता को प्रदर्शनी के माध्यम से उभारना और बेहतर भविष्य के लिए उनकी कल्पनाओं को मजबूती प्रदान है,जिसमे संस्थान का पूर्णरूपेण सहयोग है।इस ' टेक फेस्ट' में 14 स्कूल व कई टेक्निकल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी अपनी प्रदर्शनी के साथ शामिल होंगे। टेक फेस्ट का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट एम्पलयमेंट अफिसर अजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यहां एक से बढ़कर एक मडल आए हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने माडल को इस तरह से तैयार करें ताकि यह हमारे रोजमर्रा के दैनिक जीवन में इस्तेमाल में लाया जा सके। अपनी प्रतिभा को तकनीकी क्षमता से मडल का रूप दे उसे रोज मारिया की जिंद्गी में उपयोगी बनाना एक सच्चे प्रतिभागी की पहचान है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रीता जन, उप प्राचार्य रमेश राय के साथ बीपीआचार्या, शिवाप्रसाद, मंजर, अनिल जावली, लक्ष्मण, पंकज, मंजुला मृण्मोय, एजाज, प्रीति, हीरेश, राजीव, मिथिला, नेहा एवं अन्य टीचर्स शामिल हुए। विभिन्न स्कूल जो हुए शामिल' : सिस्टर निवेदिता इंग्लिश हाई स्कूल, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल,रामष्ण मिशन, पीपल्स एकेडमी हाई स्कूल, गुरु गोविंद हाई स्कूल,कसीडीह हाई स्कूल, आदिवासी उच्च विद्यालय, टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल, साउथ प्वाइंटस्कूल, केएसएमएस,तीनप्लेट इंटर महिला कलेज, गोलमुरी उत्कल समाज मिडिल-हाई स्कूल, आंध्र एसोसिएशन हिंदी स्कूल।

### नहीं लगा सकते होर्डिग पर गुरुओं के साथ अपनी तस्वीर : एसजीपीसी

**जमशेदपुर।** शरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी), अमृतसर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लेते हुए होर्डिग पर गुरुओं की तस्वीर के साथ किसी व्यक्ति की तस्वीर लगाने पर पाबंदी लगा दी है। शहर के युवा प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी की शिकायत पर फैसला लेते हुए शरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी), अमृतसर ने एक पत्र जमशेदपुरी को भेजा है जिसमे लिखा है कि किसी भी तरह से गुरुओं और गुरबाणी के साथ किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं लगायी जा सकती है ऐसा किये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी। सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने कहा है कि उन्हें विभिन्न सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि शरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा आदेश पारित किया गया है। सीजीपीसी को जैसे ही आदेश की प्रति प्राप्त होगी उसे सबके सहयोग से अक्षरः लागु करवाया जायेगा। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने कहा कि एसजीपीसी अमृतसर का वे धन्यवाद और स्वागत करते हैं जिन्होंने यह न्याय संगत फैसला किया है और उम्मीद करते है जमशेदपुर के गुरुद्वारा प्रबंधक इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस आदेश के प्रति प्राप्त हुई है जिसमे उनके द्वारा उठाये गए गंभीर सवालों पर सटीक मता पास किया गया है।

### कर्पूरी पार्क, छोटा गोविंदपुर का होगा कायाकल्प : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** स्थानीय जिला परिषद डॉ परितोष के अनुरोध पर छोटा गोविंदपुर स्थित कर्पूरी पार्क का विगत दिनों विधायक मंगल कालिंदी ने दौरा किया था। स्थानीय निवासियों ने कर्पूरी पार्क की बदहाली की ओर विधायक मंगल कालिंदी का ध्यान आकृष्ट कराया था। मंगल कालिंदी ने समस्याओं पर तत्परता दिखाते हुए कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कर्पूरी पार्क का दौरा कर कर्पूरी पार्क के सौंदरीकरण का आदेश दिया। जिसमें पार्क के बाउंड्री वल का मरम्मती करण, पार्क में बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था, युवाओं के शारीरिक विकास के लिए ओपन जिम, जर्जर गेट बदलना, बच्चों को खेलने के लिए झूले की व्यवस्था एवं साफ सफाई करके मैदान को पार्क का स्वरूप देने का निर्णय लिया गया।

### साधुचरण महतो कर्मठ, उर्जावान एवं जुझारू नेता थे , याद आते रहेंगे : काले



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं ईचागढ़ के पूर्व विधायक साधुचरण महतो की पुण्यतिथि पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले द्वारा उनके आवास जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर काले ने कहा कि ईचागढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय श्री साधुचरण महतो एक कर्मठ, उर्जावान एवं जुझारू नेता थे, काफी कम समय में वे सबको छोड़ गए, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य उन्हें हमेशा जिंदा रखेंगे। उन्होंने कहा कि अलग कार्यशैली के कारण ही साधुचरण महतो ने पार्टी और क्षेत्र में अपनी अलग छवि बनाई थी, जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष किया। हमने अपने तेज तर्रार नेता को खोया है। काले शोक संतप्त परिवार से मिले एवं गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। आज काफी गणमान्यगण यहां उपस्थित हुए और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के कई गणमान्य शामिल हुए।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टी-20 में हरा कर रचा इतिहास

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** जोश इंग्लिस (50 गेंद में आठ छक्कों और 11 चौकों से 110 रन) के करियर के पहले शतक पर सूर्यकुमार यादव (42 गेंदों में 80 रन) की कप्तानी पारी भारी पड़ गई। आखिरी बॉल पर रिंकू सिंह का कमाल देखने को मिला। इस तरह भारत ने 209 रन के पहाड़ सा लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले टी-20 में दो विकेट से हराया। भारत ने अपने टी-20 इंटरनेशनल का सबसे बड़ा रन चेज करते हुए इतिहास रच दिया। ये जीत वर्ल्ड कप फाइनल में चार दिन पहले मिली करारी हार के जख्मों पर मरहम का काम करेगी। सूर्या के



आउट होने के बाद रिंकू सिंह (14 गेंद में 22 रन) ने विनिंग शॉट मारा। अब पांच मैच की सीरीज का अगला मैच 26 को खेला जाएगा।

भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए सिर्फ सात रन की जरूरत थी। हाथ में पांच विकेट थे। क्रीज पर सेट रिंकू सिंह ने पहली ही बॉल पर चौका मारकर ऑस्ट्रेलिया को मैच से पूरी तरह बाहर कर दिया था। मगर

## अंतिम ओवर में तीन गेंद पर तीन विकेट गिरे गये लास्ट बाल पर रिंकू सिंह ने छक्का जड़ दिया

अभी कहानी में ट्विस्ट आना बाकी था। दूसरी बॉल रिंकू के पैर में लगी और सिंगल लेते हुए स्ट्राइक अक्षर पटेल के पास आ गई। अक्षर बड़ा शॉट मारने के चक्कर में गेंदबाज शॉन अबॉट को ही अपना कैच थमा बैठे। अगली बॉल पर नए बल्लेबाज रवि बिश्नोई रन आउट हो गए। पांचवीं बॉल पर डबल लेने के चक्कर में नए बल्लेबाज अर्शदीप रन आउट हो गये। यानी भारत ने लगातार तीन गेंदों में तीन विकेट गंवा चुके थे। आखिरी गेंद पर एक रन की दरकार थी। शॉन एबॉट ने मिडिल स्टंप के आसपास के स्लॉट में सही गेंदबाजी की और सिंह ने लॉन्ग ऑन पर छक्का मारा। भारत मैच जीत चुका था। तभी पता चला कि ये नो बॉल थी। भारत एक्स्ट्रा रन से ही मैच जीत गया और वो छक्का रिंकू सिंह के रन में नहीं जुड़ा। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लिस ने सिर्फ 47 गेंद में शतक बनाया जो इस फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक है। इंग्लिश ने 15वें ओवर में भी बिश्नोई पर तीन छक्के मारे।

# मान की आतिशी पारी ने हैदराबाद को इंडिया कैप्टिल्स पर दिलाई रोमांचक जीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के पांचवे मुकाबले में गुरकीरत सिंह मान द्वारा खेली गई 54 गेंदों पर 89 रनों की पारी के द्वारा अर्बनराइजर्स हैदराबाद ने इंडिया कैपिटल्स को एक रोमांचक मुकाबले में तीन रनों से मात दी। लीग में अर्बनराइजर्स हैदराबाद की यह दूसरी जीत है।

कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला जिसे उनके गेंदबाजों ने सार्थक ठहराया। हैदराबाद के सलामी बल्लेबाजी डायेन स्मिथ (3) और मार्टिन गप्टिल (2) सस्ते में पैवेलियन लौटे जिससे स्कोर 10/2 हुआ। दोनों नये बल्लेबाजो - गुरकीरत सिंह मान और कप्तान सुरेश राणा ने खतरे को भांपते हुये 92 रनों की साझेदारी की और स्कोर को 100 के पार लगाया। 46 के निजी स्कोर पर सुरेश रैना, केपी अपना को अपना विकेट दे बैठे। परन्तु मान और नये बल्लेबाज पीटर ट्रिगो ने एक ओर 65 रनों की साझेदारी के साथ टीम को मजबूती दी। 167 के टीम स्कोर पर मुनाफ पटेल ने मान को आउट कर उन्हें शतक बनाने से रोका। वहीं दूसरी ओर नाबाद ट्रिगो ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में जुटे रहे और मात्र 20 गेंदों पर 36 रन बनाये। स्टुअर्ट बिन्नी ने एक रन जोड़ा जबकि नाबाद योगेश नागर (6) के साथ टीम ने 1895 रन बनाये। ईसुरु उडाना ने सर्वाधिक दो विकेट लिये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया कैपिटल्स शुरू से ही संघर्ष करती नजर आई और पहले पावरप्ले के खत्म होने तक टीम अपना टॉप आर्डर - कप्तान गौतम गंभीर (0), हाशिम आमला (5), क्रिक एडवाड्र्स (11) और बेन डंक (5) मात्र 43 रनों पर गवां बैठा। केविन पीटरसन और रिकार्डो पावेल ने 72 रनों की साझेदारी के साथ उमड़ते खतरे को टाला। इस साझेदारी का अंत मोफू ने पोवेल (26) को आउट कर किया जिससे स्कोर 115/5 हुआ। पीटरसन ने नये बल्लेबाज एश्ले नर्स के साथ एक ओर 42 रनों की अहम साझेदारी रचते हुये टीम को लक्ष्य के और करीब पहुंचाया।

## पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023

# गोवा को 3-0 से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा झारखंड



**रांची।** 17 नवंबर से चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को अपने तीसरे मैच में हॉकी गोवा को 3-0 गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है।

इससे पूर्व अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 10-03 से और हॉकी चंडीगढ़ को 2-0 से पराजित किया था। गोवा के साथ खेले गए मैच में झारखंड टीम की ओर से डेनिस केरकेट्टा ने एक और नोएल टोपनो ने दो गोल किए। झारखंड टीम की लगातार तीसरी जीत और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग आयेगे लोहरदगा, क्रिकेट स्टेडियम के उद्घाटन कार्यक्रम में होंगे शामिल

एजेंसी

**लोहरदगा।** देश के दो जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व प्लेयर हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग लोहरदगा आएंगे। इसके पीछे एक खास कारण है। इन दोनों दिग्गज क्रिकेटरों के स्वागत को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन ने इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी है। लोहरदगा आने को लेकर दोनों क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपनी स्वीकृति भी प्रदान कर दी है।

**क्रिकेट स्टेडियम का होगा उद्घाटन:** लोहरदगा में बलदेव साहू क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण बलदेव साहू महाविद्यालय के पास किया गया है। इस स्टेडियम के निर्माण में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू





का काफी योगदान है। पूरे स्टेडियम की कायाकल्प, पवेलियन एंड के निर्माण और सुविधाओं के विकास को लेकर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सांसद मद से राशि उपलब्ध कराई है। अब यह एक बेहतर स्टेडियम में शामिल हो चुका है। यहां पर राज्य के अलग-अलग क्रिकेट खिलाड़ियों और टीमों का प्रशिक्षण भी आयोजित होता है। इसका विधिवत उद्घाटन किया जाना है। लोहरदगा में बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम का आगामी तीन जनवरी को भव्य उद्घाटन होगा। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों के साथ-साथ देश के कई जाने-माने क्रिकेटर भी भाग लेंगे। इसे लेकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सांसद धीरज प्रसाद साहू ने इसकी पुष्टि की है। कार्यक्रम में जाने-माने क्रिकेटर हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भी शामिल होंगे। दोनों ही क्रिकेटरों ने इसके लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और वे लोहरदगा आने को लेकर काफी रोमांचित हैं। धीरज साहू ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से दोनों क्रिकेटरों से मुलाकात की थी। उद्घाटन समारोह को लेकर संगठन द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में कई फिल्मी सितारों, गणमान्य लोगों, खेल जगत से जुड़े हुए लोगों और अन्य लोगों के भी शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जल्द ही एसोसिएशन की बैठक भी बुलाई जाएगी।

## खबर एक नजर में

### ओड़िशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने आसान जीत दर्ज की

**कोविलपट्टी।** ओड़िशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर और हुबली हॉकी अकादमी ने गुरुवार को अपने-अपने जूनियर वर्ग के मुकाबलों में जीत दर्ज की। दिन के पहले जूनियर वर्ग के मुकाबले में ओड़िशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी को 6-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से रोहित सिंह इंरेंगबाम ने पांचवें, 38वें मिनट में, जबकि विल्सन जाक्सा ने 17 वें, सुरेश शर्मा अधिकारीमयुम ने 30 वें, अभिषेक टोपनो ने 41 वें, और सतीश मुंडा ने 42वें मिनट गोल किए। अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी टीम का कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सका।

## पेज 3 का शेष

### राज्य में नक्सलियों के खात्मे...

लेकिन इस लड़ाई में सुरक्षा बलों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है। आंकड़े बताते हैं कि एक वर्ष के भीतर नक्सलियों की आइइडी ब्लास्ट में सुरक्षा बल के साथ 14 अपनी जान गंवा चुके है जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। 17 नवंबर को भी चाईबासा के ही गोइलकेरा थाना क्षेत्र में आइइडी विस्फोट हुआ था, जिसमें एक जवान शहीद हुए थे जबकि दो घायल हुए थे।

### पाकिस्तानी लस्कर कमांडर...

उसे आतंकी संगठन में बड़ा रैंक मिला हुआ था। कारी को घाटी में आतंकवाद को फिर से बढ़ाने के लिए भेजा गया था। कालाकोट के जंगल में मुठभेड़ बुधवार को शुरू हुई थी। गुरुवार को सेना का एक और जवान शहीद हो गया। इस तरह मुठभेड़ में मरनेवालों की की संख्या 7 हो गयी। मुठभेड़ में दो आतंकी और दो कैप्टन समेत सेना के पांच जवान शहीद हो गये हैं। **ड्रोन से गिराये थे हथियार :** सुरक्षाबलों ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक ड्रोन द्वारा गिराये गये नौ ग्रेनेड और एक आइइडी समेत हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पाकिस्तान की शह पर ये हथियार जम्मू-कश्मीर को दहलाने की साजिश के ख्याल से गिराया गया था। सेना और पुलिस के संयुक्त तलाश अभियान के दौरान एलओसी के निकट पालनवाला में बरामद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बक्से देख कर संदेह हुआ और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। बक्से में हथियारों का जखीरा था।

### जेबकतरा, पनौती वाले बयान पर...

**भाजपा ने की थी शिकायत :** भाजपा ने बुधवार को ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य नेताओं ने राहुल गांधी के बयान को अपमानजनक करार दिया था। दरअसल, राहुल गांधी ने विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत क्रिकेट टीम की हार के बाद पीएम मोदी के खिलाफ पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। **क्या कहा था राहुल गांधी ने :** राहुल गांधी ने 21 नवंबर को राजस्थान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा था, 'पीएम का मतलब पनौती मोदी है। मोदी टीवी पर आते हैं और हिंदू-मुस्लिम कहते हैं और कभी-कभी क्रिकेट मैच में चले जाते हैं। वो अलग बात है कि हरवा दिया। साथ ही राहुल ने कहा था कि दो जेबकरते होते हैं, जब वे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो सबसे पहले एक ध्यान हटाने का काम करता हैं। ताकि आपका ध्यान इधर-उधर हो जाये। इस बीच दूसरा आपकी जेब काट लेता है। नरेंद्र मोदी जी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। तीसरे जिस बयान का जिक्र किया गया है, उसमें है राहुल ने कहा है कि कभी उदाहरण देता हूं आप पिछले नौ साल में नरेंद्र मोदी जी ने 14,00,000 करोड़ रुपया हिंदुस्तान के सबसे बड़े अरबपतियों का कर्जा माफ किया है।

### संत जेवियर्स कॉलेज को डेढ़ साल...

बताते चलें कि संत जेवियर्स कॉलेज को ऑटोनोमी समाप्त होने के बाद परीक्षा लेने और रिजल्ट देने का अधिकार समाप्त हो गया था। इस कारण कॉलेज की सभी परीक्षाएं रांची यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा आयोजित की जाने लगी। इसका सीधा असर कॉलेज के सेशन पर पड़ना शुरू भी हो गया था। उदाहरण के तौर पर सेशन 2022-26 स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर का अभी तक रिजल्ट नहीं आया है। यानि छह माह सेमेस्टर का एक साल से अधिक समय बित जाने के बाद भी रिजल्ट नहीं आया है। अभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है। **कॉलेजों की खत्म हुई थी ऑटोनॉमी :** यूजीसी द्वारा समय-समय पर कॉलेजों को ऑटोनॉमी देने के रेगुलेशन में बदलाव किया जाता रहा है। इसी के तहत यूजीसी के रेगुलेशन 2018 के तहत कहा था कि अब उन्हीं कॉलेजों को ऑटोनॉमी प्रदान की जाएगी, जिनके पास नैक से ए ग्रेडिंग से पाप्त है। लेकिन किसी भी ऑटोनोमस कॉलेज के पास नैक से ए ग्रेडिंग प्राप्त नहीं था। इसलिए ऑटोनॉमी विस्तार नहीं मिला। **ऑटोनॉमी मिलने का रास्ता ऐसे हुआ साफ :** यूजीसी ने अप्रैल 2023 में उच्च शिक्षण संस्थानों के ऑटोनॉमी रेगुलेशन में बदलाव किया। इसके बाद नैक से बी ग्रेड वाले शिक्षण संस्थान ऑटोनॉमी के लिए आवेदन दे सकते थे। इसी के तहत संत जेवियर्स कॉलेज ने यूजीसी को आवेदन दिया और ऑटोनॉमी का दर्जा फिर से प्राप्त किया है। **मारवाड़ी और वीमेंस कॉलेज नहीं दिया है आवेदन :** रांची यूनिवर्सिटी के अंगीभूत मारवाड़ी कॉलेज और वीमेंस कॉलेज के पास वर्तमान समय में ऑटोनॉमी के लिए निर्धारित अर्हत है। लेकिन इन दोनों कॉलेलों ने ऑटोनॉमी के लिए यूजीसी को आवेदन ही नहीं दिया। इस कारण मारवाड़ी कॉलेज और वीमेंस कॉलेज ऑटोनॉमी से वंचित है। रांची यूनिवर्सिटी से एफिलिएटेड छोटानागपुर लॉ कॉलेज भी ऑटोनॉमी के लिए यूजीसी को आवेदन दिया है। लेकिन अभी मिला नहीं है।

# स्पोर्ट्सबाजी ने अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स गेमिंग प्लेटफॉर्म, स्पोर्ट्सबाजी ने अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। राशिद की लोकप्रियता और दर्शकों के बीच उनकी पहचान स्पोर्ट्सबाजी के प्रमुख संचार विषय, 'लाइव में है वाइब' पर प्रकाश डालेगा।

वॉच एंड प्ले श्रेणी पर ध्यान देने के साथ, अफगानिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम और बिग बैश लीग (बीबीएल), इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), पाकिस्तान सुपर लीग




(पीएसएल) जैसी फ्रेंचाइजी लीगों में अपने कौशल के साल भर प्रदर्शन के साथ राशिद की गतिशील उपस्थिति किसी ऐसे व्यक्ति की ब्रांड की खोज से अच्छी तरह मेल खाता है जो हमेशा 'लाइव' रहता है और हर समय गेम खेलना पसंद करता है।

भारत में सबसे पसंदीदा विदेशी क्रिकेटरों में से एक के रूप में उनकी लोकप्रियता स्पोर्ट्सबाजी के मूल संदेश - 'लाइव खेलें लाइव जीतें' को बढ़ाएगी।

साझेदारी पर राशिद खान ने कहा, मैं स्पोर्ट्सबाजी का प्रतिनिधित्व करने और दर्शकों की सहभागिता वाले गेमिंग के निर्माण के इस अनूठे अवसर का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं। पिछले सात वर्षों में भारत में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे कौशल-आधारित खेलों की वृद्धि आकर्षण से कम नहीं है।

# अयोध्या में 25 नवंबर से प्रारंभ हो रही राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता




**अयोध्या।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर राम की पवित्र नगरी अयोध्या में 25 नवंबर से राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रारंभ हो रही है। प्रतियोगिता की टीमें 24 नवम्बर को यहां आएंगी। 25 नवम्बर से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा रहेंगे।

यह बातें एनटीपीसी राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के महासचिव उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ अजय गुप्ता ने कही। वह गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे।

# मोदी ने भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर गुरुवार को भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत! भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके शानदार प्रदर्शन और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए बधाई। तीरंदाजी टीम ने चैम्पियनशिप में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुल नौ पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। वे हमें सदैव गौरवान्वित करते रहें।

# शानदार रहा भारत का विश्व कप का सफर

योगेश कुमार गोयल

19 नवम्बर को अहमदाबाद में खेले गए क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भले भारत पर 6 विकेटों से आसान जीत हासिल करते हुए विश्व कप जीत लिया लेकिन पूरे विश्व कप मुकाबले में इस बार भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराने के साथ भारतीय टीम ने विश्व कप में अपनी जीत का शानदार आगाज किया था, जो फाइनल मुकाबले में आस्ट्रेलिया के ही हाथों 6 विकेट से मिली हार के साथ टूटा। हालांकि रोहित शर्मा की इस टीम ने विश्व कप के कुल 11 मैचों में कई ऐसे रिकॉर्ड तोड़े तथा कुछ नए मुकाम हासिल किए, जिनका भारत को लंबे समय से इंतजार था। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज कराने का ही रहा। यह भारत का किसी भी आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक बार लगातार जीत का नया रिकार्ड है। इससे पहले 2003 और 2015 में भारत ने लगातार 8 जीत हासिल की थी। हालांकि किसी एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 11 जीत का रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के नाम है, जिसने 2003 और 2007 में यह रिकॉर्ड बनाया था।



भले आस्ट्रेलियाई टीम इस बार विश्व चैम्पियन बनी है लेकिन जिस प्रकार भारतीय टीम विश्व कप में शुरूआत से ही न सिर्फ लगातार जीत रही थी बल्कि सभी मुकाबलों में लगातार बहुत बड़े अंतर से जीतते हुए विपक्षी टीमों का मनोबल भी बुरी तरह से तोड़ने में सफल होती रही, उसे देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि इस बार के विश्व कप की सबसे मजबूत टीम भारतीय टीम ही थी। कभी जिस भारतीय टीम की बल्लेबाजी को ह्यफैब फाइव के नाम से जाना जाता था, इस बार उसी भारतीय टीम की गेंदबाजी ने लगातार 10 मैचों में सफलता दिलाने में शानदार भूमिका निभाई। पूरे विश्व कप के दौरान मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह सबसे खतरनाक पेस और सीम अटैक के बेताज बादशाह के रूप में उभरे जबकि रविन्द्र जडेजा तथा कुलदीप यादव की जोड़ी सबसे खतरनाक स्पिन बॉलर्स के रूप में दुनिया के सामने आई। एक ओर जहां रिकी पोंटिंग ने इसे भारत का सर्वकालीन सबसे खतरनाक बॉलिंग अटैक बताया, वहीं इंग्लैड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने इन्हें ह्यफैब फाइवह्ण के नाम से संबोधित किया।

पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 6 विकेटों से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेटों से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को तो न केवल 7 विकेटों से धूल चटाई बल्कि पूरी पाकिस्तानी टीम को 31वें ओवर में ही समेट दिया था। चौथा मैच भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेटों से जीता, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेटों से जीत हासिल की। छठा मैच इंग्लैंड से 100 रनों से जीता, सातवें मैच में तो भारत ने श्रीलंका को केवल 55 रनों पर ही आउट करते हुए 302 रनों से मैच जीता। 8वें मैच में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से, 9वें मैच में नीदरलैंड्स को 160 रनों से और 10वें मैच (सेमीफाइनल) में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर विश्व कप में लगातार बड़ी जीत हासिल की। पूरे विश्व कप टूर्नामेंट में मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 24, जसप्रीत बुमराह ने 20, रविन्द्र जडेजा ने 16, कुलदीप यादव ने 15 और मोहम्मद सिराज ने 14 विकेट लिए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया। दरअसल विश्व कप की शुरूआत में शमी भारतीय टीम के इलेवन में शामिल नहीं थे, उनके स्थान पर टीम प्रबंधन द्वारा शार्दुल ठाकुर को प्राथमिकता दी गई थी लेकिन जब शमी को विश्व कप में खेलने का मौका मिला तो पहले ही मैच में पांच विकेट झटककर उन्होंने हर किसी को आश्चर्यचकित कर दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में शमी ने 7 विकेट लिए। हालांकि शमी ने विश्व कप के 11 में से केवल मैच ही खेले और इनमें 24 विकेट लेकर भारतीय टीम को नई ऊंचाई पर पहुंचाया। विश्व कप में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल ने भी पाकिस्तान के बाबर आजम से आगे निकलकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने तो इस विश्व कप में कुछ ऐसे रिकॉर्ड भी बना डाले, जिन्हें तोड़ना असंभव सा लगता है। विश्व कप में ह्यप्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटह्ण अवार्ड भी उन्होंने अपने नाम किया। विश्व कप में यह अवार्ड जीतने वाले वे तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह अवार्ड सचिन तेंदुलकर और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह को मिला था। सचिन ने विश्व 2003 और युवराज ने विश्व कप 2011 में यह अवार्ड जीता था। वैसे कोहली पूरे विश्व कप में एक अलग ही टच में नजर आए। उन्होंने 11 मैचों में 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट से न केवल 765 रन बनाए बल्कि तीन शतकीय और 6 अर्धशतकीय पारियां भी खेली। फाइनल में भले ही भारतीय टीम पराजित हो गई लेकिन उस मैच में भी कोहली अर्धशतक बनाने में सफल हुए। कोहली ने उस मुकाबले में 63 गेंदों में 4 चौकों के जरिये 54 रन बनाए। सेमीफाइनल में तो उन्होंने ऐतिहासिक शतक जड़ा था, जिसके साथ ही वे 50 वनडे शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए थे। मुम्बई के खचाखच भरे वानखेड़े मैदान पर खेले गए विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में सचिन तेंदुलकर और डेविड बेकहम जैसे खिलाड़ियों के सामने विराट कोहली ने महान क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए वनडे फॉर्मेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड बनाया था।

इसके अलावा वे विश्व कप के किसी भी एक संस्करण में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले कोई भी खिलाड़ी एक सीजन में 700 का आंकड़ा पार नहीं कर सका था। सचिन तेंदुलकर ने 2003 के विश्व कप में सबसे ज्यादा 673 रन बनाए थे लेकिन विराट ने इस टूर्नामेंट में 11 मैचों में 765 रन बनाकर सचिन का एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस मामले में भी नया कीर्तिमान बनाया। अब किसी भी एक विश्व कप में उनसे ज्यादा रन किसी और खिलाड़ी के नहीं है। इन 11 मैचों में विराट के 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। वह सेमीफाइनल और फाइनल में 50 से ज्यादा रन लेने वाले भी पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

# स्पीड न्यूज

## नेपाल में फिर भूकंप का झटका, कोई नुकसान नहीं

**काठमांडू।** नेपाल के मकवानपुर जिले के चितलांग में गुरुवार सुबह 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, इन झटकों से किसी बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि नेपाल में इसी महीने की शुरूआत में 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे, जिसमें भारी तबाही हुई थी। उस दौरान 157 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों की संख्या में लोग घायल हो गए थे।

## अमेरिका के ओहियो में भारतीय छात्र की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओहियो राज्य में 26 वर्षीय भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आदित्य अदलखा सिनसिनाटी चिकित्सा विश्वविद्यालय में आणविक एवं विकासात्मक जीव विज्ञान कार्यक्रम में डॉक्टरेट के चौथे वर्ष के छात्र थे। अदलखा उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए उत्तर भारत से सिनसिनाटी आए थे। उन्होंने 2018 में दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से जीव विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

## उमेश पाल हत्याकांड में वांछित गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में वांछित 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार देर रात मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती ने गुरुवार को बताया कि बदमाश की पहचान मोहम्मद नफीस उर्फ नफीस बिरायानी के तौर पर की गयी है। पुलिस ने एक पिस्टल, दो कारतूस और मोटरसाइकिल जब्त किया। आंध्र में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

## आंध्र में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश में गुंटूर जिले के कोनंकी गांव में गुरुवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि अनंत सबशिवा राव (55), उनकी पत्नी अनंत आदिलक्ष्मी (50) और उनके पुत्र नरेश (30) की अज्ञात व्यक्तियों ने उनके घर घुस कर में हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस नृशंस हत्या का कारण परिवार के सदस्यों के बीच संपत्ति विवाद हो सकता है। आरोपी ने मुप्पल्ला पुलिस स्टेशन में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## गाजा : वेस्ट बैंक में 90 फिलिस्तीनी गिरफ्तार

**वेस्ट बैंक।** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार रात उनके कब्जे वाले वेस्ट बैंक से कम से कम 90 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 36 कल्किल्या के अज्जुन गाँव और अर्रूब शरणार्थी शिविर के लोग शामिल हैं। फिलिस्तीनी कैदी सोसायटी ने यह जानकारी साझा की है। उसने कहा कि आईडीएफ ने कल रात जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें पूर्व कैदी भी शामिल हैं।

## पंजाब में गोलीबारी में कांस्टेबल की मौत

**चंडीगढ।** पंजाब के कपूरथला जिले में ह्यनिहंगोंह्व के एक समूह की गोलीबारी में एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने फोन पर बताया कि घटना उस वक्त हुई जब पुलिसकर्मी कुछ निहंगों (पारंपरिक हथियार धारण करने वाले सिख) के खिलाफ दर्ज एक मामले में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए सुल्तानपुर लोधी पहुंचे थे। कपूरथला के एसपी तेजबीर सिंह हुंडल ने बताया कि पुलिसकर्मी सड़क पर खड़े थे तभी निहंगों ने उन पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी में एक कांस्टेबल की मौत हो गई जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए।

# डीपफेक से निपटने के लिए बनेंगे नये कानून : वैष्णव

**एजेंसी**

▶▶ केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने सोशल मीडिया मंचों से सावधानी बरतने और समाधान निकालने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डीपफेक को लोकतंत्र के लिए नया खतरा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार इससे निपटने के लिए जल्द कानून बनाएगी। मंत्री ने डीपफेक के मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने इस मामले में सोशल मीडिया मंचों से सावधानी बरतने और वाजिब समाधान निकालने का आह्वान किया। वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। इस दौरान डीपफेक मुद्दे का समाधान निकालने को लेकर चर्चा हुई है और इसका समाधान निकालने को कहा है। वैष्णव ने कहा कि बैठक में डीपफेक की जांच कैसे हो, इसे वायरल होने से कैसे बचाया जाए, कोई यूजर इसे कैसे रिपोर्ट करे और इस पर तुरंत कार्रवाई कैसे हो सहित डीपफेक के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि डीपफेक एक गंभीर मुद्दा है। इस पर जागरूकता बहुत जरूरी है।



डीपफेक पर एक नए विनियमन की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा था कि जो सोशल मीडिया मंच डीपफेक के संबंध में पर्याप्त कदम नहीं उठाएंगे, उन्हें आईटी अधिनियम के सेफ हार्बर प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा। सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अब सोशल मीडिया मंचों को डीपफेक के मुद्दों को गंभीरता से लेना होगा। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी डीपफेक के मुद्दे को गंभीर बताते हुए आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। मोदी ने कहा था कि उनका एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ। उसमें वह गरबा कर रहे थे लेकिन वह वीडियो उनका नहीं था।

## रश्मिका मंदाना मामले में दिल्ली पुलिस को मिला सुराग

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उन्हें अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो से संबंधित मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से उनका सत्यापन किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण के तहत अधिकारी उन सभी आईपी एड्रेस की पहचान कर रहे हैं जहां से वीडियो अपलोड किया गया था और उस एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जहां से वीडियो पहली बार इंटरनेट पर अपलोड किया गया था।पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ, विशेष प्रकोष्ठ) हेमंत तिवारी ने बताया कि उन्हें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिल्ली महिला आयोग द्वारा शहर पुलिस को नोटिस भेजे जाने के बाद 11 नवंबर को दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) ने मामले के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। डीप फेक तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का इस्तेमाल करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है।

## ठग सुकेश की 11 महंगी गाड़ियां होंगी नीलाम

**बेंगलुरु।** आयकर विभाग जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के महंगे वाहनों की अगले सप्ताह बेंगलुरु में नीलामी करेगा। सुकेश पर कई संस्थानों की बकाया राशि को वसूलने के प्रयास के तहत यह कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 11 गाड़ियां और एक बाइक की 28 नवंबर को ई-नीलामी की जाएगी। जो कारें नीलामी के लिए होंगी उनमें बीएमडब्ल्यू एम5, टोयोटा प्राडो, रेंज रोवर, लेम्बोर्गिनी, जगुआर एक्सकेआर कूप, रोल्स रॉयस, बेंटले, इनोवा क्रिस्टा, टोयोटा फॉर्च्यूनर, निसान टीना और पोर्शे शामिल हैं। 11 कारों के अलावा, आईटी विभाग स्पोर्ट्स क्रूजर बाइक डुकाटी डायवेल की भी नीलामी करेगा।

# मथुरा में भी भगवान कृष्ण के होंगे भव्य व दिव्य दर्शन: मोदी

**एजेंसी**

## मुश्किल समय में संत मीराबाई ने दिखायी दिशा : प्रधानमंत्री

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है। मथुरा में भी पहले राधा जी फिर कान्हा जी का नाम लिया जाता है। भारत के मुश्किल समय में संत मीराबाई ने हमें दिशा दिखाई। उन्होंने संत रविदास को अपना गुरु माना। वह समाज सुधारक और पथप्रदर्शक भी थीं। मीराबाई हमें रुढ़ियों से दूर रहकर अपने मूल्यों से जुड़े रहने की सीख देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मथुरा में भी भगवान कृष्ण के भव्य और दिव्य दर्शन होंगे। ब्रज क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। यह केवल व्यवस्था का बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारत के पुर्नजागरण का विकास है। प्रधानमंत्री मोदी संत मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज रज उत्सव को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि राजस्थान के चुनावी रण से यहां भक्तिमय वातावरण में आ गया हूं। यह मेरे लिए परम सौभाग्य का है। यहां के कण-कण में भगवान का दर्शन होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी को नमन करते हुए संत मीराबाई को प्रमाण करता हूं। भगवान श्रीकृष्ण से लेकर मीराबाई तक का गुजरात का रिस्ता है। राजस्थान से मीरा ब्रज आईं। फिर वह भी द्वारिका गईं। मुझे तो मां गंगा ने बुलाया और फिर द्वारिकाधीश की कृपा से आप सबके बीच में ही आकर बस गया। मीराबाई की याद में आयोजित यह कार्यक्रम हमें भक्ति, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण है। यह अप्रतिम है। हम भगवान कृष्ण में सुदर्शनधारी को देखते हैं और वंशी वाले कान्हा भी दिखते हैं। भारत ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है। यहां भी पहले राधा जी फिर कान्हा जी का नाम लिया जाता है। भारत के मुश्किल समय में संत मीराबाई ने हमें दिशा दिखाई। उन्होंने संत रविदास को अपना गुरु माना। वह समाज सुधारक और पथप्रदर्शक थीं। प्रधानमंत्री गुरुवार शाम को मथुरा पहुंचे। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर गए। प्रधानमंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में विधिवत दर्शन-पूजन किया। यह पहली बार है जब देश का कोई प्रधानमंत्री श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा के लिए पहुंचा है। प्रधानमंत्री का श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर आना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

## राजस्थान में थमा चुनावी शोर, कल मतदान

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर(शनिवार) को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मतदान के लिए गुरुवार शाम छह बजे से प्रचार-प्रसार थम गया।अब मतदान तक उममीदवार न तो जनसभा कर सकेंगे और न ही जुलूस निकाल सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 23 नवंबर को सायं छह बजे से आरम्भ होकर मतदान समाप्ति अवधि 25 नवंबर को सायं छह बजे तक प्रभावी रहेगी। श्री गुप्ता ने बताया कि इन वाले 48 घंटों के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का निधन

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति फातिमा बीवी का गुरुवार को 96 साल की उम्र में निधन हो गया । उन्होंने गुरुवार सुबह कोल्लम जिले के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। जस्टिस फातिमा बीबी के निधन पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सहित तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति फातिमा बीबी उच्च न्यायपालिका का हिस्सा बनने वाली मुस्लिम समुदाय की पहली महिला थीं, क्योंकि वह सामाजिक परिस्थितियों के नकारात्मक पहलुओं को चुनौतियों के रूप में देखकर उन्हें दूर करने में सक्षम थीं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी



के लिए, खासकर महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि उन्हें श्रद्धांजलि के तौर पर केरल प्रभा पुरस्कार के लिए चुना गया है। 1989 में सुप्रीम कोर्ट में पहली महिला जज के रूप में उनकी नियुक्ति ने इतिहास रच दिया। इसके साथ ही उच्च न्यायपालिका में पहली मुस्लिम महिला और एक एशियाई देश में सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला बनीं। चार साल सुप्रीम कोर्ट जज रहने के बाद जस्टिस फातिमा बीबी 24 अप्रैल 1992 में सेवानिवृत्त हुईं।

## 100 करोड़ के पोंजी घोटाला मामले में अभिनेता प्रकाश राज को इडी का समन

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने अभिनेता प्रकाश राज को तिरुचिरापल्ली स्थित आभूषण समूह के खिलाफ 100 करोड़ रुपये के कथित पोंजी और



धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार यह जानकारी दी। जांच तिरुचिरापल्ली स्थित एक साझेदारी फर्म प्रणव ज्वेलर्स के खिलाफ एक मामले से संबंधित है। एजेंसी ने उस पर 20 नवंबर को छापा मारा था और 23.70 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी और कुछ सोने के आभूषण जब्त करने का दावा किया था। राज (58) इस कंपनी के ब्रांड एंबेसडर रह चुके हैं। उन्हें अगले सप्ताह चेन्नई में संघीय एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता भाजपा के मुखर आलोचक रहे हैं। ईडी का मामला तमिलनाडु पुलिस आर्थिक अपराध शाखा की एक प्राथमिकी से उपजा है। संघीय एजेंसी ने बुधवार को एक बयान में कहा, पुलिस शिकायत के अनुसार, प्रणव ज्वेलर्स और अन्य ने उच्च ह्यरिटर्नह्व के वादे के साथ सोने की निवेश योजना की आड़ में जनता से 100 करोड़ रुपये एकत्र किए।

# नये सिरे से परिसीमन आयोग गठित करे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र को संविधान के तहत अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के रूप में निर्दिष्ट समुदायों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए एक नया परिसीमन आयोग स्थापित करने का निर्देश दिया।



केंद्र को परिसीमन आयोग गठित करने का निर्देश देते हुए शीर्ष अदालत ने हालांकि यह भी कहा कि वह संसद को अनुसूचित जनजाति का हिस्सा बनने वाले अन्य समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए संशोधन करने या कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती क्योंकि यह विधायी क्षेत्र में दखल देना होगा।

पीठ ने कहा कि अदालत के लिये यह निर्देश देना कि किए जाने वाले आरक्षण को बढ़ाया जाए तथा संसद को अनुसूचित जनजातियों सहित सभी अन्य समुदायों के लिये अनुपातिक प्रतिनिधित्व देने संबंधी कानून बनाना चाहिए, कानून बनाने के अधिकार क्षेत्र में (अदालत को) प्रवेश करना होगा। सिक्किम और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं में लिम्बु और तमांग आदिवासी समुदायों के आनुपातिक प्रतिनिधित्व की मांग करने वाली याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्देश जारी किए थे। पीठ ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें (केंद्र) परिसीमन आयोग का गठन करना होगा। शीर्ष अदालत के पास यह निर्धारित करने के लिए न्यायिक समीक्षा की शक्ति है कि संसद द्वारा अधिनियमित कोई प्रावधान असंवैधानिक है या नहीं, लेकिन यह अदालत सीमा से परे जाएगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में समुदायों के आनुपातिक प्रतिनिधित्व से निपटते हुए, पीठ ने कहा कि उसे परिसीमन अधिनियम, 2002 के तहत शक्ति का उपयोग करने की आवश्यकता होगी। यह कानून राज्य विधानसभाओं में सीटों के आवंटन, विधानसभा सीटों की कुल संख्या और विधान सभा वाले प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के विभाजन के पुनः समायोजन का प्रावधान करता है।

# रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई ।** अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का टीजर हुआ रिलीज। इसमें रणबीर का रौद्र रूप देखने को मिला। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के मुताबिक यह ट्रेलर भी हिंसा और खून-खराबे से भरा है। ट्रेलर की शुरूआत में ही रणबीर कपूर और अनिल कपूर के बाप-बेटे के एक अलग और अजीब रिश्ते की झलक मिलती है। ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस फिल्म में एक ऐसे अपराधी बेटे के रिश्ते को उजागर किया जाएगा, जो अपने पिता को अपना आदर्श मानता है और उनके लिए किसी भी स्तर तक चला जाता है। इसके साथ ही ट्रेलर से साफ है कि इस परिवार का अपराध जगत से कोई न कोई कनेक्शन है। इस रिश्ते के साथ-साथ फिल्म में जबरदस्त एक्शन और ढेर सारी लड़ाई-झगड़े और हिंसा भी होगी। ऐसा लग रहा



है कि फिल्म में रश्मिका मंदाना का किरदार भी काफी अहम होगा। अपने पिता के सामने अब एक और खरोंच आई तो दुनिया जला दूंगा कहने वाले रणबीर का एग्रेसिव लुक और डैशिंग एटीट्यूड दर्शकों को काफी पसंद आया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !









# मां वेष्णो देवी: हिमालय की बेटी आदि शक्ति दूर्गा

**मुरलीधर**

**(वैष्णों देवी, कटरा, जम्मू कश्मीर से लौटकर)**

**वैष्णो** देवी या श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, हिन्दू मान्यता अनुसार, माँ आदिशक्ति दुर्गा स्वरूप मां वैष्णो देवी जिन्हे त्रिकुटा और वैष्णवी नाम से भी जाना जाता है, देवी को समर्पित मुख्य पवित्रतम हिन्दू मंदिरों में से एक है, जो भारत के जम्मू और कश्मीर के जम्मू सम्भाग में त्रिकुट पर्वत पर स्थित है। इस धार्मिक स्थल की आराध्य देवी, वैष्णो देवी को सामान्यतः माता रानी, वैष्णवी, दुर्गा तथा शेरावाली माता जैसे अनेक नामो से भी जाना जाता है। यहा पर आदिशक्ति स्वरूप महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती पिंडी रूप मे त्रेता युग से एक गुफा मे विराजमान है और माता वैष्णो देवी स्वयं यहा पर अपने शाश्वत निराकार रूप मे विराजमान है। वेद पुराणो के हिसाब से ये मंदिर 108 शक्ति पीठ मे भी शामिल है। यहा पर लोग 14 किमी की चढ़ाई करके भवन तक पहुँचते है। घोड़ा, पिठु, पालकी, हेलिकॉप्टर, बिजली से चलने वाले माता वैष्णों देवी ट्रस्ट के वाहन जैसी अनेक सुविधाए यहाँ पर उपलब्द है। यहा पर पहुँचने के लिए मुख्य दो साधन है - रेलवे और रोडवे जिसमे से जादातार लोग रेलवे अर्थार्थ ट्रेन से आना पसंद करते है। यहा का रेलवे स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा पूरे भारत से जुड़ा हुआ है।

**मंदिर के लिए चढ़ाई यहां से शुरू होती है**

भवन/मंदिर बाहर से कुछ ऐसे त्रिकुट पहाड़ियों की गोद मे विराजमान दिखता है

माता वैष्णो देवी अपने सर्वोच्च परमेश्वरी आदिशक्ति दुर्गा स्वरूप मे

यह मंदिर, जम्मू और कश्मीर राज्य के जम्मू के रियासी मण्डल में कटरा नगर के समीप अवस्थित है। यह उत्तरी भारत में सबसे पूजनीय पवित्र स्थलों में से एक है। मंदिर, 5,200 फीट की ऊंचाई पर, कटरा से लगभग 12 किलोमीटर (7.45 मील) की दूरी पर स्थित है। प्रतिवर्ष, लाखों तीर्थ यात्री, इस मंदिर का दर्शन करते हैंऔर यह भारत में कुछ सबसे मुख्य और सर्वाधिक देखे जाने वाले तीर्थस्थलों मे से एक है। इस मंदिर की देख-रेख श्री माता वैष्णो देवी तीर्थ मंडल नामक न्यास द्वारा की जाती है। माता वैष्णो देवी के प्रहरी भगवान शंकर के अवतार हनुमान जी हैं और हनुमान जी के साथ भगवान शिव के ही अवतार भैरव बाबा भी हैं। उत्तर भारत मे माँ वैष्णो देवी सबसे प्रसिद्ध सिद्धपीठ है उसके उपरांत सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ि़यों मे स्थित शाकम्भरी देवी सबसे सर्वप्रमुख प्राचीन सिद्धपीठ है। शाकम्भरी पीठ मे माँ के दर्शन से पहले भैरव के दर्शन करने पड़ते है।

## भैरोनाथ मंदिर

मान्यतानुसार जिस स्थान पर मां वैष्णो देवी ने भैरोनाथ का वध किया, वह स्थान 'भवन' के नाम से प्रसिद्ध है। इस स्थान पर देवी महाकाली (दाएं), महासरस्वती (बाएं) और महालक्ष्मी देवी (मध्य), पिण्डी के रूप में गुफा में विराजित है, इन तीनों पिण्डियों के इस सम्मिलित रूप को वैष्णो देवी का रूप कहा जाता है।

मान्यतानुसार, भैरोनाथ का वध करने पर उसका शीश भवन से 3 किमी दूर जिस स्थान पर गिरा, आज उस स्थान भैरो मंदिर के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि अपने वध के बाद भैरोनाथ को अपनी भूल का पश्चाताप हुआ और उसने देवी से क्षमा माँगी। मान्यतानुसार, वैष्णो देवी ने भैरोनाथ को वरदान देते हुए कहा कि मेरे दर्शन तब तक पूरे नहीं माने जाएँगे, जब तक कोई भक्त मेरे बाद तुम्हारे दर्शन नहीं करेगा। भैरो बाबा का यह मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर से 3 किमी की दूरी पर स्थित है।

## परिवहन

वैष्णो देवी का निकटतम बड़ा शहर है जम्मू जो कि रेलमार्ग, सड़कमार्ग और वायुमार्ग द्वारा भारत के तमाम बड़े शहरों से जुड़ा है। जम्मू तक बस, टैक्सी, ट्रेन तथा हवाई जहाज के मदद से आया जा सकता है। जम्मू भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए पर स्थित है, तथा ब्राड गेज लाइन द्वारा भारत के रेलजाल से जुड़ा है।

वैष्णोदेवी का मंदिर या भवन, कटरा से 14 किमी की दूरी पर स्थित है, जो कि जम्मू जिले में जम्मू शहर से लगभग 50 किमी दूर स्थित एक कस्बा है। मंदिर तक जाने की यात्रा इसी कस्बे से शुरू होती है। कटरा से पर्वत पर चढ़ाई करने हेतु पदयात्रा के अलावा, मंदिर तक जाने के लिए पालकियां, खच्चर तथा विद्युत-चालित वाहन भी मौजूद होते हैं। इसके अलावा कटरा से साँझीछत, जोकि भवन से 9.5 किमी दूर अवस्थित है, तक जाने हेतु हेलीकॉप्टर सेवा भी मौजूद है। कटरा नगर, जम्मू से सड़कमार्ग द्वारा जुड़ा है। पूर्वतः रेलवे की मदद से केवल जम्मू तक पहुंच पाना संभव था, परन्तु वर्ष 2014 में कटरा को जम्मू-बारामूला रेलमार्ग से श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन के जरिए जोड़ दिया गया, जिसके बाद सीधे कटरा तक रेलमार्ग द्वारा पहुँच पाना संभव है। गर्मियों में तीर्थयात्रियों की संख्या में अचानक वृद्धि के मद्देनजर अक्सर रेलवे द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली से कटरा के लिए विशेष ट्रेनें भी चलाई जाती हैं।

**हे मात मेरी, हे मात मेर,**

**श्री वैष्णों देवी की गुफा में होने वाली आरती इस प्रकार है:**

**भवसागर में गिरा पड़ा हूं**
**काम आदि गृह में घिरा पड़ा हूं**
**मोह आदि जाल में जकड़ा पड़ा हूं**

**न मुझ में बल है न मुझ में विद्या,**
**न मुझ में भक्ति न मुझमें शक्ति**
**शरण तुम्हारी गिरा पड़ा हूं हे**
**न कोई मेरा कुटुम्ब साथी,**
**ना ही मेरा शारीर साथी**
**आप ही उबारो पकड़ के बाहीं हे**

**चरण कमल की नौका बनाकर,**
**मैं पार हुंगा खुशी मनाकर**
**यमदूतों को मार भगाकर हे**

**सदा ही तेरे गुणों को गाऊँ,**
**सदा ही तेरे स्वरूप को ध्याऊँ**
**नित प्रति तेरे गुणों को गाऊँ हे**

**न मैं किसी का न कोई मेरा,**
**छाया है चारों तरफ अन्धेरा**
**पकड़ के ज्योति दिखा दो रास्ता हे .**

**शरण पड़े है हम तुम्हारी,**
**करो यह नैया पार हमारी**
**कैसी यह देर लगाई है दुर्गे**




## रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है अन्यथा गुफा मंदिर में प्रवेश नहीं होगा

**अगर** आप वैष्णो देवी जा रहें है तो आप रेलवे या बस स्टैंड पर अपना निबंधन कराना और एक कार्ड लेना अनिवार्य है इसके बगैर अपाको गुफा में प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही गुफा में उपलब्ध होटल, आरती, लॉकर सभी सुविधाओं की बुकिंग ऑनलाइन संभव है इस कारण सुविधा के लिये ऑनलाइन बुकिंग कर लें जिससे आपको सुविधा होगी। जाड़ें में कम भीड़ होती है फिर भी रुम और लॉकर गुफा मंदिर में उपलब्ध नहीं होते। गुफा मंदिर में वैल्ट, मोबाइल,पर्स भी ले जाना मना है इसकी व्यव्था अगर लॉकर बुक न हो तो करने में कठिनाई होती है। अगर आप फोटो ग्राफी की शौक रखते हैं तो मोबाइल ले जाने की अनुमति है लेकिन कैमरा नहीं ले जा सकते है। साथ ही जम्मू कश्मीर में आपका फोन भी बंद हो जाएगा लोकल सीम ले सकते हैं।

राजधानी रांची से जम्मू तक सीधी रेल सेवा है संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस से जम्मू पहुचा जा सकता है। वैसे रेल, हवाई मार्ग से दिल्ली पहुंच कर वहां से रेल,बस या अन्य चार पहिये वाहन रिजर्व कर आप कटरा सीधे जा सकते हैं। दिल्ली से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन की सुविधा भी उपलब्ध है। कटरा में आप किसी होटल या लॉकर सुविधा वाले स्थान में भारी सामान छोड़ दें क्योंकि वैष्णो देवी गुफा की चढ़ाई है और इस पर समान लेकर जाना सहज नहीं होता है। लॉकर की उपलब्धता को लेकर कटरा में कोई कठिनाई नहीं होती है क्योंकि वहां सैकड़ों की संख्या में लॉकर और होटल हैं। आरसीआरटीसी की होटल में रूम और डोरमेटरी की सुविधा उपलब्ध है। सबसे बेहतर होगा कि आप अपना सामान अवश्य लॉकर में रख दें। गुफा में विशेषकर नवंबर से ही अधिक ठंड होता है इसलिये गर्म कपड़ें अवश्य रख लें। गुफा के रास्ते में कोई कठिनाई नहीं होती है गर्म पानी, प्रसाधन और खाने-पीने के होटल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। किराये पर कंबल भी उपलब्ध है।













## अटका सेवा की सूचना

मां वैष्णो देवी के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड हर उचित सुविधा प्रदान करने का प्रयास करता है। इसी कड़ी के बीच श्राइन बोर्ड प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नवम्बर से फरवरी की मां के बीच ग्रुप अटका आरती पैकेज शुरू किया गया है।

इस पैकेज के माध्यम से वैष्णो देवी भवन पर अटका में बैठने वाले श्रद्धालुओं को 5100 रुपए के भुगतान के साथ चार अटका की बुकिंग, रुकने के लिए डॉरमैट्री की बुकिंग सहित पंचमेवा प्रसाद भी दिया जा रहा है। वहीं इस सेवा का लाभ लेने वाले श्रद्धालुओं के 2 अतिरिक्त बच्चे भी निःशुल्क आरती में बैठ सकते हैं।

इस संबंध में पंजाब केसरी से बात करते हुए सी.ई.ओ. श्राइन बोर्ड अंशुल गर्ग ने बताया कि अक्सर वैष्णो देवी भवन पर अटका आरती की मांग अधिक रहती है। वहीं अटका में बैठने वाले श्रद्धालुओं को भवन पर रुकने की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती, जिसे देखते हुए श्राइन बोर्ड प्रशासन द्वारा नवम्बर से फरवरी माह के बीच इस पैकेज को शुरू किया है।

त्रिकुटा की पहाड़ियों पर स्थित एक गुफा में माता वैष्णो देवी की स्वयंभू तीन मूर्तियां हैं। देवी काली (दाएं), सरस्वती (बाएं) और लक्ष्मी (मध्य), पिण्डी के रूप में गुफा में विराजित हैं। इन तीनों पिण्डियों के सम्मि?लित रूप को वैष्णो देवी माता कहा जाता है। इस स्थान को माता का भवन कहा जाता है। पवित्र गुफा की लंबाई 98 फीट है। इस गुफा में एक बड़ा चबूतरा बना हुआ है। इस चबूतरे पर माता का आसन है जहां देवी त्रिकुटा अपनी माताओं के साथ विराजमान रहती हैं।

भवन वह स्थान है जहां माता ने भैरवनाथ का वध किया था। प्राचीन गुफा के समक्ष भैरो का शरीर मौजूद है और उसका सिर उड़कर तीन किलोमीटर दूर भैरो घाटी में चला गया और शरीर यहां रह गया। जिस स्थान पर सिर गिरा, आज उस स्थान को 'भैरोनाथ के मंदिर' के नाम से जाना जाता है। कटरा से ही वैष्णो देवी की पैदल चढ़ाई शुरू होती है जो भवन तक करीब 13 किलोमीटर और भैरो मंदिर तक 14.5 किलोमीटर है।

मंदिर की पौराणिक कथा : मंदिर के संबंध में कई तरह की कथाएं प्रचलित हैं। एक बार त्रिकुटा की पहाड़ी पर एक सुंदर कन्या को देखकर भैरवनाथ उससे पकड़ने के लिए दौड़े। तब वह कन्या वायु रूप में बदलकर त्रिकूटा पर्वत की ओर उड़ चलीं। भैरवनाथ भी उनके पीछे भागे। माना जाता है कि तभी मां की रक्षा के लिए वहां पवनपुत्र हनुमान पहुंच गए। हनुमानजी को प्यास लगने पर माता ने उनके आग्रह पर धनुष से पहाड़ पर बाण चलाकर एक जलधारा निकाली और उस जल में अपने केश धोए। फिर वहीं एक गुफा में गुफा में प्रवेश कर माता ने नौ माह तक तपस्या की। हनुमानजी ने पहरा दिया।

फिर भैरव नाथ वहां आ धमके। उस दौरान एक साधु ने भैरवनाथ से कहा कि तू जिसे एक कन्या समझ रहा है, वह आदिशक्ति जगदम्बा है, इसलिए उस महाशक्ति का पीछा छोड़ दे। भैरवनाथ ने साधु की बात नहीं मानी। तब माता गुफा की दूसरी ओर से मार्ग बनाकर बाहर निकल गईं। यह गुफा आज भी अर्द्धकुमारी या आदिकुमारी या गर्भजून के नाम से प्रसिद्ध है। अर्द्धकुमारी के पहले माता की चरण पादुका भी है। यह वह स्थान है, जहां माता ने भागते-भागते मुड़कर भैरवनाथ को देखा था।

अंत में गुफा से बाहर निकल कर कन्या ने देवी का रूप धारण किया और भैरवनाथ वापस जाने का कह कर फिर से गुफा में चली गईं, लेकिन भैरवनाथ नहीं माना और गुफा में प्रवेश करने लगा। यह देखकर माता की गुफा कर पहरा दे रहे हनुमानजी ने उसे युद्ध के लिए ललकार और दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध का कोई अंत नहीं देखकर माता वैष्णवी ने महाकाली का रूप लेकर भैरवनाथ का वध कर दिया।

कहा जाता है कि अपने वध के बाद भैरवनाथ को अपनी भूल का पश्चाताप हुआ और उसने मां से क्षमादान की भीख मांगी। माता वैष्णो देवी जानती थीं कि उन पर हमला करने के पीछे भैरव की प्रमुख मंशा मोक्ष प्राप्त करने की थी। तब उन्होंने न केवल भैरव को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति प्रदान की, बल्कि उसे वरदान देते हुए कहा कि मेरे दर्शन तब तक पूरे नहीं माने जाएंगे, जब तक कोई भक्त, मेरे बाद तुम्हारे दर्शन नहीं करेगा।

## मंदिर की कथा :

उपरोक्त कथा को वैष्णो देवी के भक्त श्रीधर से जोड़कर भी देखा जाता है। 700 वर्ष से भी अधिक समय पहले कटरा से कुछ दूरी पर स्थित हंसाली गांव में मां वैष्णवी के परम भक्त श्रीधर रहते थे। वे निःसंतान और गरीब थे। लेकिन वे सोचा करते थे कि एक दिन वे माता का भंडारा रखेंगे। एक दिन श्रीधर ने आस-पास के सभी गांव वालों को प्रसाद ग्रहण करने का न्योता दिया और भंडारे वाले दिन श्रीधर अनुरोध करते हुए सभी के घर बारी-बारी गए ताकि उन्हें खाना बनाने की सामग्री मिले और वह खाना बनाकर मेहमानों को भंडारे वाले दिन खिला सके। जितने लोगों ने उनकी मदद की वह काफी नहीं थी क्योंकि मेहमान बहुत ज्यादा थे।

वह सोच रहे थे इतने कम सामान के साथ भंडारा कैसे होगा। भंडारे के एक दिन पहले श्रीधर एक पल के लिए भी सो नहीं पा रहे थे यह सोचकर की वह मेहमानों को भोजन कैसे करा सकेंगे। वह सुबह तक समस्याओं से घिरे हुए थे और बस उसे अब देवी मां से ही आस थी। वह अपनी झोपड़ी के बाहर पूजा के लिए बैठ गए, दोपहर तक मेहमान आना शुरू हो गए थे, श्रीधर को पूजा करते देख वे जहां जगह दिखी वहां बैठ गए। सभी लोग श्रीधर की छोटी-सी कुटिया में आसानी से बैठ गए।

श्रीधर ने अपनी आंखें खोली और सोचा की इन सभी को भोजन कैसे कराएंगे, तब उसने एक छोटी लड़की को झोपडी से बाहर आते हुए देखा जिसका नाम वैष्णवी था। वह भगवान की कृपा से आई थी, वह सभी को स्वादिष्ट भोजन परोस रही थी, भंडारा बहुत अच्छी तरह से संपन्न हो गया था। भंडारे के बाद, श्रीधर उस छोटी लड़ी वैष्णवी के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे, पर वैष्णवी गायब हो गई और उसके बाद किसी को नहीं दिखी। बहुत दिनों के बाद श्रीधर को उस छोटी लड़की का सपना आया उसमें स्पष्ट हुआ कि वह मां वैष्णोदेवी थी। माता रानी के रूप में आई लड़की ने उसे गुफा के बारे बताया और चार बेटों के वरदान के साथ उसे आशीर्वाद दिया। श्रीधर एक बार फिर खुश हो गए और मां की गुफा की तलाश में निकल पड़े और कुछ दिनों बाद उन्हें वह गुफा मिल गई। तभी से वहां पर माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु जाने लगे।

## अर्द्धकुवारी गुफा का रहस्य

- पौराणिक कथा में वर्णित है कि अर्द्धकुवारी गुफा को गर्भजून भी कहा जाता है। कथा के अनुसार, जब भैरव नाथ माता वैष्णो देवी का पीछा करते हुए त्रिकुटा पर्वत तक पहुंच गया तब माता रानी ने विश्राम के लिए अर्द्धकुवारी गुफा को चुना था। मां ने इस गुफा में नौ महीने तक तपस्या की थी। अर्द्धकुवारी गुफा ने माता रानी की उसी तरह रक्षा की थी जैसे एक भ्रूण अपनी मां के गर्भ में सुरक्षित रहता है। इसके कारण, गुफा को गर्भजून नाम दिया गया। इस वजह से मान्यता है कि जो महिलाएं गुफा में आती हैं उन्हें गर्भावस्था या प्रसव के दौरान कभी भी किसी मुश्किल का अनुभव नहीं होता है।

2. महाभारत से संबंधः हिंदू महाकाव्य महाभारत में वैष्णो देवी का संदर्भ मिलता है। महाकाव्य का दावा है कि अर्जुन ने कुरुक्षेत्र के महान युद्ध से पहले जीत के लिए माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मां की पूजा की थी।

3. भगवान राम से संबंध - ऐसा माना जाता है कि माता वैष्णो देवी ने रावण पर भगवान राम की विजय के लिए प्रार्थना करने के लिए 'नवरात्रि' मनाया था। यह भी कहा जाता है कि भगवान राम ने उन्हें वादा किया था कि उन्हें माता वैष्णो देवी के रूप में पूजा जाएगा और हर कोई उनकी प्रशंसा करेगा।

पूरे देश से वैष्णे देवी जाने वाले की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अर्द्ध कुवारी, गुफा मंदिर मां वैष्णों देवी और भैरो नाथ तक की यात्रा में कम भीड़ वाले दिनों में 5 से 6 घंटे का समय लगता है।